भोपाल

शनिवार, 14 फरवरी 2026

फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-12

वर्ष : 12, अंक : 315

पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम

अधि. 28

न्यून. 16

haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी







पं शास्त्री ने सामूहिक कन्या विवाह महोत्सव में सीएम को हल भेंट किया

### 301 सामूहिक विवाह में बागेश्वरधाम पहुंचे सीएम ने कहा

# अगली बार तीन हजार शादियां कराएं हर जोड़े को सरकार देगी 51 हजार

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बागेश्वरधाम में 301 बेटियों के सामूहिक विवाह सम्मेलन में आकर मैं धन्य हो गया। धाम के पीठाधीश्वर से उन्होंने कहा कि अगली बार आप 3 हजार बेटियों की शादियां कराएं, सरकार हर बेटी के विवाह में 51 हजार रुपए देगी।

उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि, बसंत पंचमी और अक्षय तृतीया पर बिना मुहूर्त विवाह होते हैं। इन तिथियों में सामूहिक विवाह के आयोजन करिए, सरकार हर जोड़े को 51 हजार रुपए देगी। डॉ. यादव ने कहा कि यहां जिन जोड़ों के विवाह हो रहे हैं, ▶▶ शेष पेज 6 पर



सामूहिक कन्या विवाह महोत्सव में पूजा अर्चना करते सीएम

- ▶▶ वैवाहिक जोड़ों को रोजगार देने में मदद देगी सरकार
- ▶▶ मौत, मैय्यत, शादी विवाह में फिजूलखर्ची से बचें
- ▶▶ 301 जोड़ों के नाम पर 30-30 हजार रुपए की एफडी

### धीरेंद्र शास्त्री ने तलीं भंडारे की पूड़ियां

बागेश्वर धाम में 15 फरवरी को होने वाले सातवां सामूहिक कन्या विवाह महोत्सव की हल्दी रस्म से पहले तैयारियों का जायजा लेने के लिए धीरेंद्र शास्त्री गुरुवार-शुक्रवार दरमियानी रात करीब 3:30 बजे बुलेट बाइक से अन्नपूर्णा मंडप पहुंचे। यहां सैकड़ों महिला-पुरुष सेवादार प्रसादी और भंडारे की तैयारी में जुटे थे। अचानक पहुंचे शास्त्री ने खुद भट्टी पर बैठकर पूड़ियां तलीं। महिलाओं से बुंदेली गारी गाने को कहा, जिसके बाद माहौल भक्तिमय हो गया। बागेश्वर धाम में होने वाले सामूहिक विवाह में शामिल ▶▶ शेष पेज 6 पर


MSN माता श्री नेत्रालय
मल्टीस्पेशलिटी नेत्र संस्थान
माताश्री नेत्रालय विगत 42 वर्षों से नेत्र सेवा में तन्मयता से सेवारत...
नेत्र सेवा में विश्वास
डॉ. पी.एस. बिन्द्रा
M.B.B.S., M.D., D.O.M.S.
डॉ. प्रीति बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FCRS लेजर विशेषज्ञ
डॉ. वाहवीर बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FRVS रेटिना विशेषज्ञ
जी-2, मनोरा होम्स के पास (ओरा मॉल के पीछे) गुलमोहर कॉलोनी, भोपाल
समय : सुबह 10.30-3 बजे तक शाम 4.30-6.30 बजे (रविवार अवकाश)
फोन : 0755-2562222, 2562233
मो.: 9826084896

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### शेयर बाजार में झटके से 7 लाख करोड़ स्वाह

**नई दिल्ली।** अमेरिका में आई भारी गिरावट के बाद शुक्रवार को भारी शेयर बाजार में भी कोहराम मच गया। निवेशकों के



पोर्टफोलियो लाल निशान पर बंद हुए। इस हैवी गिरावट में टीसीएस, इंफोसिस और रिलायंस जैसे शेयरों ने इस गिरावट में ज्यादा योगदान दिया। बीएसई मार्केट कैप में शुक्रवार को भारी कमी आई। गुरुवार को बीएसई एमकैप 472.48 लाख करोड़ रुपए थे, जो 6.83 लाख करोड़ रु. कम होकर 465.31 लाख करोड़ पर आ गया।

### जेईई से आईआईएम में होगा एडमिशन

**नई दिल्ली।** पहली बार इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) में एडमिशन के लिए जेईई के नंबर देखे जाएंगे।



यह नई पहल अभी एक ही कॉलेज आईआईएम लखनऊ ने की है। संस्थान ने 3 एआई कोर्स लॉन्च किए हैं। इनमें से एक प्रोग्राम में एंट्री का क्राइटेरिया जेईई क्वालिफाई स्टूडेंट्स को कंसीडर करता है। इसके अलावा 2 और एआई के प्रोग्राम हैं जो इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट की पढ़ाई के बीच के गैप को कम करने के लिए है।

### 80 साल बाद प्रधानमंत्री कार्यालय का पता शुक्रवार से बदल गया

# अब 'सेवा तीर्थ' से ही चलेगी देश की सरकार, ध्येय वाक्य-नागरिक देवो भवः

*पीएम ने कहा कि यहां से जो फैसले होंगे, वे किसी महाराजा की सोच को नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों की अपेक्षाओं को आगे बढ़ाने का आधार बनेंगे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए कार्यालय सेवा तीर्थ में शिफ्ट हो गए हैं। इसका ध्येय वाक्य नागरिक देवो भव है। यह परिसर दारा शिकोह रोड पर बनाया गया है, जो कि 2.26 लाख वर्ग फुट क्षेत्र में फैला है।

प्रधानमंत्री कार्यालय के साथ ही इस परिसर में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय भी है, जिससे यहां प्रधानमंत्री के लिए केबिनेट मीटिंग लेना भी आसान हो जाएगा। यह परिसर विजय चौक के पास बनाया गया है। नए प्रधानमंत्री कार्यालय में तीन मुख्य इमारतें हैं। इस सेवा तीर्थ को बनाने में 1,189 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। सेवा तीर्थ ▶▶ शेष पेज 6 पर

**पीएम ने कहा- नया भवन ब्रिटिश सोच से मुक्त जनता की आकांक्षाएं पूरी करेंगे**




सेवा तीर्थ भवन का उद्घाटन करते पीएम मोदी

- »» *नया परिसर दारा शिकोह रोड पर बनाया गया है, जो 2.26 लाख वर्ग फीट क्षेत्र में फैला*
- »» *इस सेवा तीर्थ को बनाने में 1,189 करोड़ रुपए खर्च किए गए*

## »» इस सेवा तीर्थ से पहले दिन लिए गए चार 'पहले' बड़े फैसले

**1 पीएम राहत योजना को मंजूरी**

*नए कार्यालय से काम शुरू करते ही प्रधानमंत्री ने कई अहम फैसलों पर हस्ताक्षर किए। इनमें 'पीएम राहत योजना' की शुरुआत शामिल है। इस योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को 1.5 लाख रुपए तक का कैशलेस इलाज उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि समय पर उपचार के अभाव में किसी की जान न जाए।*

**2 'लखपति दीदी' का लक्ष्य दोगुना**

*सरकार पहले ही 3 करोड़ 'लखपति दीदी' का लक्ष्य हासिल कर चुकी है, जो निर्धारित समयसीमा से एक वर्ष पहले पूरा हुआ। अब प्रधानमंत्री ने मार्च 2029 तक इस संख्या को बढ़ाकर छह करोड़ करने का नया लक्ष्य तय किया है। यह कदम महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।*

**3 किसानों के लिए बड़ा ऐलान**

*कृषि क्षेत्र को मजबूती देने के लिए 'कृषि अवसंरचना कोष' को बढ़ाकर दो लाख करोड़ कर दिया गया है। इससे कृषि मूल्य श्रृंखला को सुदृढ़ करने और किसानों को बेहतर भंडारण व प्रसंस्करण सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।*

**4 स्टार्टअप इंडिया फंड 2.0 को मंजूरी**

*नवाचार और उभरती तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए 'स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2.0' को 10,000 करोड़ के कोष के साथ मंजूरी दी गई है। इसका उद्देश्य डीप टेक, एडवांस मैन्युफैक्चरिंग और शुरुआती चरण के नवाचारों को वित्तीय सहयोग देना है।*




### तीन दिन पहले वायरल हुआ था अश्लील वीडियो

# क्लासमेट के कमरे में मिला एमबीए छात्रा का नग्न शव

**ये हत्या या आत्महत्या? पुलिस गुत्थी सुलझाने में लगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



छानबीन करती पुलिस

द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में एक 25 वर्षीय एमबीए छात्रा का सड़ा हुआ शव उसके क्लासमेट के कमरे में निर्वस्त्र हालत में मिला है। कमरे के बाहर ताला लगा हुआ था। छात्रा पिछले तीन दिन से लापता थी। घटना द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के अंकली गली की है। जिस कमरे से शव मिला वह मंदसौर निवासी पीयूष धनोतिया नामक युवक का है जो छात्रा का क्लासमेट बताया जा रहा है। दोनों सांवेर रोड स्थित एक निजी संस्थान से एमबीए की पढ़ाई कर रहे थे। घटना के ▶▶ शेष पेज 6 पर

**कॉलेज के ग्रुप में वीडियो वायरल**

इसी बीच 10 फरवरी की रात कॉलेज के वाट्सएप ग्रुप में छात्रा के मोबाइल से एक आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट किया गया। वीडियो में एक युवक का चेहरा इमोजी से ढका हुआ था जबकि छात्रा का चेहरा साफ दिखाई दे रहा था। ▶▶ शेष पेज 6 पर

### कुबेरेश्वर धाम में रुद्राक्ष महोत्सव आज से

# करीब एक लाख श्रद्धालु पहुंचे धाम, 7 दिन में दस लाख तक का अनुमान

**श्रद्धालुओं की सेवा के लिए 1200 से अधिक सेवादार तैनात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



कुबेरेश्वर धाम में 14 फरवरी से ऐतिहासिक रुद्राक्ष महोत्सव और शिवपुराण कथा का आगाज होने जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित इस 7 दिवसीय महोत्सव के लिए कुबेरेश्वर धाम को महाकुंभ की तर्ज पर सजाया गया है। आयोजन 20 फरवरी तक चलेगा। एक दिन पहले ही करीब एक लाख श्रद्धालु सीहोर पहुंच चुके हैं। सात दिन में दस लाख श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान है। शहर के तमाम होटल, लॉज, गेस्ट हाउस और ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

### आईएएस वर्मा को इंदौर कोर्ट का आदेश

## एमजी रोड थाने में पेश होकर देने होंगे अपने साइन के नमूने



**धोखाधड़ी मामले में जांच में सहयोग न करने का आरोप**

**इंदौर।** ब्राह्मण बेटियों पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर पहले ही विवादों में घिरे आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं। अब सत्र न्यायालय ने उन्हें एमजी रोड थाने में पेश होकर अपने हस्ताक्षर के नमूने देने का आदेश दिया है। नमूने देने के बाद ही जमानत निरस्त करने संबंधी आवेदन पर फैसला किया जाएगा। मामले की अगली सुनवाई 4 मार्च को तय की गई है। एमजी रोड पुलिस पूरे प्रकरण की ▶▶ शेष पेज 6 पर

### रात में गूगल मैप ने दिया धोखा

## 30 फीट गहरे तालाब में गिरी बारातियों की कार, 3 की मौत



**गूगल मैप सड़क बता रहा था, पर वह सूखा तालाब निकला**

**विदिशा।** गैरतगंज से बारात लेकर जाफरखेड़ी जा रही एक टवेरा कार 30 फीट गहरे सूखे तालाब में गिर गई। हादसे में 3 बारातियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 7 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। कार में कुल 10 लोग सवार थे। जिन्हे जाफरखेड़ी गांव जाना था। वह रात में रास्ता भटक गए थे और गूगल मैप से रास्ता खोजते हुए चल रहे थे। इसी दौरान वह हाईवे से इंडस्ट्रियल एरिया की सड़क पर जा पहुंचे जो आगे जाकर ▶▶ शेष पेज 6 पर

### बैंड बजा रहे 15 साल के बच्चे की हत्या

## सागर में राई की धुन नहीं बजाने पर सीने में गोली मारी



**संदिग्ध युवक को पुलिस के हवाले किया गया**

**सागर।** गुरुवार देर रात एक शादी समारोह के दौरान हुई फायरिंग ने एक मासूम की जान ले ली। मौके पर मौजूद लोगों ने फायरिंग करने वाले एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। मोतीनगर थाना क्षेत्र के गोला कुएं के पास बारात में अचानक चली गोली बैंड बजा रहे 15 वर्षीय बच्चे विवेक बंसल के सीने में जा धंसी। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। विवेक परिवार का इकलौता ▶▶ शेष पेज 6 पर






## बांग्लादेश में 20 साल बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की जीत, कट्टरपंथी पिछड़े

### बांग्लादेश में 35 साल बाद कोई पुरुष प्रधानमंत्री बनेगा

# आज पीएम पद की शपथ ले सकते हैं तारिक रहमान, पीएम मोदी ने फोन कर दी शुभकामना

**बीएनपी गठबंधन की 212 सीटों पर जीत, जमात-ए-इस्लामी ने 77 सीटें हासिल कीं**

एजेंसी ▶▶ ढाका/नई दिल्ली

बांग्लादेश में गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने बड़ी जीत दर्ज की है। प्रथोम ओलो के मुताबिक बीएनपी गठबंधन ने 299 सीटों में से 212 सीटें हासिल कर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया।

अब तक 297 सीटों के नतीजे घोषित हो चुके हैं। जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को अब तक 77 सीटें मिली हैं। देश में करीब 20 साल बाद बीएनपी की सरकार बनेगी। 2008 से 2024 तक वहां शेख हसीना



की आवामी लीग सत्ता में थी। इस जीत के साथ बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान का प्रधानमंत्री ▶▶ शेष पेज 6 पर

**पीएम मोदी बोले**

### दोनों देशों की तरक्की-खुशहाली के लिए भारत प्रतिबद्ध

*पीएम नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश चुनाव जीतने पर बीएनपी चीफ तारिक रहमान को बधाई दी है। पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट कर कहा कि तारिक रहमान से बात करके बहुत खुशी हुई। मैंने उन्हें बांग्लादेश चुनाव में शानदार जीत के लिए बधाई दी। मैंने बांग्लादेश के लोगों की उम्मीदों को पूरा करने की उनकी कोशिश के लिए अपनी शुभकामनाएं और सपोर्ट* ▶▶ शेष पेज 6 पर

### क्या यूनुस का सुधार चार्टर होगा लागू?

तारिक रहमान की जीत के बाद अब डॉ. मोहम्मद यूनुस को अपना पद छोड़ना पड़ेगा। इसके साथ ही बांग्लादेश के नवनिर्माण की नींव को फिर से रखने का एक प्रयास शुरू होगा। यूनुस प्रशासन ने स्पष्ट किया था कि केवल चुनाव कराना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि चुनाव के बाद देश को एक सही दिशा देना भी आवश्यक है। इसके लिए, उन्होंने एक विस्तृत सुधार चार्टर तैयार किया है। ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

# साइकिल से वैनिटी वैन तक, सीहोर वाले महाराज का फर्श से अर्श तक का सफर

जुगल किशोर पटेल। सीहोर

कहते हैं कि यदि महादेव की कृपा और मेहनत का संगम हो जाए तो नियति बदलते देर नहीं लगती। कुछ ऐसी ही कहानी है विख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की। आज भले ही उनकी कथाओं में लाखों की भीड़ उमड़ती हो और उनका काफिला किसी फिल्मी सुपरस्टार की तरह निकलता हो, लेकिन इस चमक-धमक के पीछे दशकों का कड़ा संघर्ष छिपा है। सीहोर की गलियों में पैदल घूमने वाले प्रदीप मिश्रा आज 'काले रंग' की अत्याधुनिक लग्जरी वैनिटी वैन के मालिक हैं।

**कभी पिता के साथ चाय की दुकान पर बंटाते थे हाथ, आज फिल्मी सितारों जैसी 'काली वैनिटी वैन' में करते हैं सफर**

**सिलाई और ट्यूशन से की शुरुआत, अब शिव पुराण की कथा से देश-दुनिया में बनाई पहचान**

### प्रदीप मिश्रा का बचपन अभावों में बीता


वैनिटी वैन में सफर करते प्रदीप मिश्रा।

बता दें साल 1980 में सीहोर के एक साधारण परिवार में जन्मे प्रदीप मिश्रा का बचपन अभावों में बीता। उनके पिता स्वर्गीय रामेश्वर दयाल मिश्रा परिवार चलाने के लिए चाय की दुकान चलाते थे और साइकिल पर कपड़े की फेरी लगाया करते थे।

आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर थी कि प्रदीप मिश्रा को बचपन से ही जिम्मेदारियां उठानी पड़ीं। उन्होंने न केवल पिता की चाय की दुकान पर हाथ बंटाया, बल्कि घर खर्च के लिए बच्चों को ट्यूशन पढ़ाई और सिलाई का काम भी किया। कॅरियर के शुरुआती दौर में उन्होंने एक निजी स्कूल में शिक्षक के रूप में भी सेवाएं दीं।

### फिल्मी सितारों जैसी लग्जरी वैनिटी वैन

आज पंडित प्रदीप मिश्रा की जीवनशैली पूरी तरह बदल चुकी है। वे अब एक काले रंग की भव्य वैनिटी वैन में सफर करते हैं। यह वैन किसी बॉलीवुड सुपरस्टार की बस की तरह आरामदायक है। लंबी यात्राओं और कथा के दौरान विश्राम के लिए वे इसी 'चलते फिरते घर' का उपयोग करते हैं। जिस शख्स के पास कभी खुद की साइकिल नहीं थी, आज उनके पास लग्जरी गाड़ियों का बड़ा काफिला है, जिसे वे महादेव का आशीर्वाद मानते हैं।

### गुरु की दीक्षा और 'एक लोटा जल' का जादू

प्रदीप मिश्रा के कथावाचक बनने का सफर गुरु श्री विठ्लेश राय काका जी की दीक्षा से शुरू हुआ। सीहोर के एक छोटे से मंदिर से शुरू हुई शिव पुराण की कथा आस्था चैनल के माध्यम से घर-घर तक पहुंच गई। उनके सरल उपाय, विशेषकर एक लोटा जल, हर समस्या का हल ने उन्हें आम लोगों के बीच अत्यंत लोकप्रिय बना दिया। आज सीहोर का कुबेरेश्वर धाम न केवल एक धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यहां से गौशाला और निःशुल्क अन्नक्षेत्र का संचालन भी किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### कुलपति ने किया जीएमसी के परीक्षा सेंटर का निरीक्षण

**भोपाल।** मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति डॉ अशोक खंडेलवाल ने शुक्रवार को गांधी मेडिकल कालेज (जीएमसी) के परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। कुलपति के निरीक्षण के दौरान जीमएसी डीन डॉ कविता एन सिंह भी उपस्थित रही। डॉ कविता एन सिंह द्वारा डॉ खंडेलवाल को कॉलेज के परीक्षा केंद्र की कार्य प्रणाली के बारे में अवगत करा कर संपूर्ण ब्योरा दिया गया। साथ ही परीक्षाओं के दौरान होने वाली समस्याओं के निराकरण पर चर्चा की । कुलपति ने विश्वविद्यालय की ओर से समस्त समस्याओं के त्वरित निराकरण का आश्वासन देकर परीक्षा केंद्र के रख रखाव एवं कार्य शैली को संतोषजनक बताया।

### परीक्षा में अनियमितता के आरोप, 8 शिक्षकों को किया निलंबित

**भोपाल।** बोर्ड की परीक्षा में अनियमितता के आरोप पर जिला शिक्षा अधिकारी अहिरवार ने 8 शिक्षकों को निलंबित किया है। इसमें 7 शिक्षक 10 फरवरी की परीक्षा के और एक शुक्रवार की परीक्षा का शामिल हैं। 10 फरवरी की परीक्षा में बैरसिया के ब्लू बर्ड कान्वेंट स्कूल में परीक्षा के दौरान कंट्रोल रूम से सीसीटीवी में शिक्षकों की लापरवाही मिली। इस पर पांच शिक्षकों सीमा गौर, लक्ष्मण सिंह गुर्जर, कालूराम गौर, राजवीर सिंह दांगी और रेखा कैथवास को निलंबित किया गया। इसी तरह बैरसिया के ही घमर्रा के शासकीय स्कूल से दो शिक्षकों रविशंकर शर्मा और पूरन सिंह अहिरवार को निलंबित किया गया है। वहीं शुक्रवार की परीक्षा के एक शिक्षक को निलंबित किया गया है।

### आईटीआई अतिथि शिक्षकों की मांग सेवा के बदले दिए जाएं बोनस अंक

**भोपाल।** प्रदेश के 900 आईटीआई मेहमान प्रवक्ता (अतिथि शिक्षकों) एक बार फिर धरना-प्रदर्शन की राहत पकड़ सकते हैं। शिक्षकों का कहना है कि प्रदेश के 900 मेहमान प्रवक्ता (अतिथि शिक्षक) आज सड़क पर आने को मजबूर हैं। आईटीआई मेहमान प्रवक्ता संघ ने मांग की है कि स्कूल शिक्षा की तर्ज पर नियमित भर्ती में अनुभवी अतिथि शिक्षकों को 50% आरक्षण दिया जाए। प्रत्येक वर्ष की सेवा के बदले बोनस अंक निर्धारित करें। 15 वर्षों से कार्यरत शिक्षकों के लिए आयु सीमा का बंधन खत्म किया जाए। मांगे पूरी नहीं होने पर संघ ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

### माशिमं: 12वीं की परीक्षा में बने 17 नकल प्रकरण

**भोपाल।** प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं जारी है। शुक्रवार को कक्षा दसवीं के 10वीं के विद्यार्थियों ने उर्दू का पेपर दिया। हायर सेकंडरी परीक्षा में शुक्रवार को प्रदेशभर में कुल 17 नकल प्रकरण बने हैं। इसमें भोपाल में 6, मुरैना में 6 प्रकरण के अलावा इंदौर, जबलपुर, मंदसौर, बैतूल और सिवनी में 1-1 नकल प्रकरण बनाए गए हैं। 12वीं के बच्चों का फिजिक्स, इकोनॉमिक्स और एग्रीकल्चर का एग्जाम था। भोपाल के बैरसिया में 6 नकल प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इसमें बैरसिया क्षेत्र में स्थित दो सेंटर्स से 5 और एक अन्य स्कूल से नकल प्रकरण बनाए गए हैं।

## 300 साल बाद बना दुर्लभ संयोग, मंदिरों में होंगे विशेष धार्मिक अनुष्ठान

# व्यतिपात योग, वरियान योग, ध्रुव योग और राज योग में कल मनाई जाएगी महाशिवरात्रि

हरिभूमि न्यूज। भोपाल

राजधानी में महाशिवरात्रि को लेकर तैयारियां पूरी होगी है। भगवान भोलेनाथ की आराधना का पर्व महाशिवरात्रि 15 फरवरी को मनाई जाएगी। इस मौके पर शहर के शिवालयों में विशेष धार्मिक अनुष्ठान होंगे। तो वहीं इस साल करीब 300 साल बाद एक दुर्लभ संयोग बन रहा है, जो भोलेनाथ की विशेष कृपा का संकेत माना जा रहा है।

मां चामुंडा दरबार के पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि इस बार महाशिवरात्रि पर लगभग 300 वर्षों बाद ऐसा दुर्लभ संयोग बन रहा है, जिसमें एक साथ 8 शुभ योगों का निर्माण हो रहा है। ऐसे योग बहुत कम देखने को मिलते हैं और इन्हें बेहद फलदायी माना जाता है। 15 फरवरी सूर्य, बुध और शुक्र एक साथ होकर त्रिग्रही योग बना रहे हैं। इसके साथ ही श्रवण नक्षत्र भी रहेगा, जिसे भगवान शिव का प्रिय नक्षत्र माना जाता है। इसके अलावा व्यतिपात योग, वरियान योग, ध्रुव योग और राज योग का संयोग इस दिन को और भी विशेष बना रहा है। महाशिवरात्रि के दिन सुबह से लेकर रात 7:40 बजे तक उत्तराषाढ़ा नक्षत्र रहेगा। इसके बाद भगवान शिव को प्रिय श्रवण नक्षत्र का संयोग बनेगा। मान्यता है कि श्रवण नक्षत्र में की गई शिव आराधना और अभिषेक अत्यंत शुभ और फलदायी होता है।

### चार प्रहर पूजा का विशेष महत्व

पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि शिव महापुराण के अनुसार महाशिवरात्रि पर भगवान शिव की कृपा पाने के लिए चार प्रहर की पूजा का विशेष महत्व है। यह पूजा प्रदोष काल से लेकर निशिथकाल (मध्य रात्रि) और ब्रह्म मुहूर्त तक की जाती है। इस दौरान श्रद्धालु अपने संकल्प के अनुसार पूजा-अनुष्ठान कर सकते हैं। विशेष रूप से गंगाजल, बेलपत्र, धतूरा और शहद अर्पित करना अत्यंत फलदायी माना गया है।

### शिव को अर्पित वस्तुओं का धार्मिक महत्व

- गंगाजल-मानसिक अशांति से मुक्ति
- दूध- उत्तम स्वास्थ्य
- दही- जीवन में स्थिरता
- घी- पौरुष, बल, बुद्धि व विवेक


शीतला माता मंदिर के भगवान शिव और माता पार्वती को हल्दी लगातीं महिलाएं।

### विवाह रस्में शुरू, शिव-पार्वती को हल्दी लगाई

**भोपाल।** शहर के कई प्रमुख शिवालयों मे शिवरात्रि महोत्सव के चलते शिव विवाह की रस्मों भी शुरू हो चुकी हैं। टीला जमालपुरा स्थित शीतला माता मंदिर के शिवालय में शुक्रवार को भगवान शिव को महिलाओं ने हल्दी लगाई और बधाई गात गाए। टीलाजमालपुरा शीतला माता मंदिर समिति के पं. श्रीहरि जोशी ने बताया कि यहां महिलाओं ने भगवान शिव को हल्दी लगी। मंगल गीत गाए। नेहरू नगर के पिपलेश्वर महादेव मंदिर नारायण आश्रम कोटरा में भी मंडप प्रवेश और गौरा व शिव को हल्दी मेहंदी की रस्में शुरू की गई। इसके बाद महिला संगीत आदि के आयोजन होंगे और 15 फरवरी को शिव बारात निकाली जाएगी।

#### पार्थिव शिवलिंग निर्माण और रुद्र अभिषेक किया जाएगा

महाशिवरात्रि पर्व पर श्री मंशापूर्ण महादेव मंदिर धाम शिव रॉयल पार्क फेस 2 सलैया में पार्थिव शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक किया जाएगा। आयोजक प्रताप सिंह यादव ने बताया कि शिवरात्रि पर मंदिर को फूलों से सजाया गया।

#### अखंड रामायण पाठ का विश्राम

बड़वाले महादेव मंदिर में गुरुवार से शुरू हुए अखंड रामायण पाठ का शुक्रवार को विश्राम हो गया। तो वहीं शनिवार को बाबा बटेश्वर का प्रदोष श्रृंगार दर्शन एवं महाआरती होगी। 15 फरवरी महाशिवरात्रि पर्व पर प्रातः 10बजे भव्य शिव बारात के नगर भ्रमण के बाद रात्रि 11 बजे सोमवारा स्थित भवानी मंदिर पर वरमाला का कार्यक्रम होगा।


मुक्तेश्वर महादेव मेंदिर में भजनों पर नृत्य करतीं महिलाएं।

### विजया एकादशी पर भक्तों ने रखा व्रत, मंदिरों में हुई विशेष पूजा-पाठ


विजया एकादशी पर बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचे श्रद्धालु।

**भोपाल।** फाल्गुन माह में कृष्ण पक्ष की विजया एकादशी पर शुक्रवार को व्रत रखा। इस मौके पर राजधानी के श्रीजी मंदिर, बिड़ला मंदिर, गुफा मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विशेष पूजा-पाठ व आरती की गई। मां चामुंडा दरबार के पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार फाल्गुन माह में कृष्ण पक्ष की एकादशी को विजया एकादशी मनाई गई। यह भगवान विष्णु को समर्पित है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने से भगवान विष्णु जी का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस व्रत के प्रभाव से व्यक्ति को समस्त पापों से मुक्ति मिलती है और वह विजयश्री को प्राप्त करता है। पद्म पुराण, स्कंद पुराण तथा अन्य धर्मग्रंथों में इस व्रत का विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि इस व्रत को करने से साधक को सांसारिक और आध्यात्मिक जीवन में सफलता मिलती है। श्रीराम ने भी लंका पर विजय प्राप्त करने के लिए इस व्रत का पालन किया था, जिसके कारण इसे विजया नाम प्राप्त हुआ। जानकारी के अनुसार विजया एकादशी पर शहर के विभिन मंदिरों में विशेष धार्मिक अनुष्ठान हुए।

#### बाबा खाटू श्याम का हुआ विशेष श्रृंगार

मां वैष्णो धाम आदर्श नो दुर्गा मंदिर बाबा खाटू श्याम मंदिर प्लेटिनम प्लाजा में एकादशी के अवसर पर बाबा खाटू श्याम विशेष अभिषेक किया गया। इसके बाद फूलों से श्रृंगार एवं 56 भोग अर्पित किया।

## चचाई की यूनिट 5 नाट आउट 500 दिन

# दो ताप विद्युत यूनिट ने बनाए 500 और 100 दिन बिना रुके उत्पादन करने के रिकॉर्ड

**पेशेवर रुख, प्रतिबद्धता और तकनीकी काबिलियत का उदाहरण**

हरिभूमि न्यूज। भोपाल

मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी की दो ताप विद्युत यूनिट ने शुक्रवार को बिना रूके लगातार विद्युत उत्पादन करने का नया रिकॉर्ड बनाया। अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 5 ने 500 दिन और सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की 250 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 10 ने 100 दिन बिना रुके लगातार विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड बनाया। उपलब्ध जानकारी के अनुसार अमरकंटक ताप विद्युत गृह की यूनिट नंबर 5 देश के सार्वजनिक क्षेत्र की तीसरी व स्टेट सेक्टर की प्रथम विद्युत यूनिट जिसने लगातार 500 दिन विद्युत उत्पादन करने का रिकॉर्ड बनाया है। यह यूनिट 1 अक्टूबर 2024 से सतत विद्युत उत्पादन कर रही है। सार्वजनिक क्षेत्र में एनटीपीसी की दो यूनिट क्रमशः 644 व 559 दिन तक संचालित रही हैं।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि यह गर्व की बात है कि पावर जनरेटिंग कंपनी के इतिहास में किसी भी बिजली बनाने वाली यूनिट द्वारा हासिल किया गया लगातार चलने का अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि बिना किसी बड़े आउटेज के इतने लंबे समय (500 दिन) तक बिना रुके विद्युत ऑपरेशन जारी रखना अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के पेशेवर रुख, प्रतिबद्धताव तकनीकी काबिलियत का उदाहरण है।

### 500 दिन बिना रुके शानदार प्रदर्शन में टीम की दिखी क्षमता

अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की यूनिट नंबर 5 ने 500 दिन बिना रुके शानदार प्रदर्शन में इंडेक्स प्लांट टीम द्वारा लगातार बनाई गई क्षमता, विश्वसनीयता और तकनीकी उत्कृष्टता के उच्च मापदंड स्पष्ट रूप से दिखते हैं। यूनिट नंबर 5 ने 98.64 फीसदी प्लांट अवेलेबिलिटी फेक्टर (पीएएफ), 95.30 फीसदी प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ) व 9.28 प्रतिशत ऑक्जलरी कंजम्पशन हासिल किया है।

### सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की यूनिट नंबर 10 ने किया 100 दिन सतत विद्युत उत्पादन

सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की 250 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 10 ने 100 दिन लगातार विद्युत उत्पादन करने का रिकॉर्ड बनाया। यह यूनिट 5 नवंबर 2025 से लगातार विद्युत उत्पादन कर रही है। यूनिट ने इस दौरान 100.16 फीसदी प्लांट अवेलेबिलिटी फेक्टर (पीएएफ), 92.85 फीसदी प्लांट यूटिलाइजेशन फेक्टर व 8.23 प्रतिशत ऑक्जलरी खपत को हासिल कर ऑपरेशनल विश्वसनीयता व दक्षता का प्रदर्शन किया। सारनी की यूनिट नंबर 10 इससे पूर्व इसी वित्तीय वर्ष में 200 दिन से अधिक तक लगातार विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड बना चुकी है।

## मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आयोजन

# 'खाद्य, पोषण और स्वास्थ्य' पर राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज। भोपाल



मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी एवं नासी के संयुक्त तत्वाधान में मानसरोवर मेडिकल कॉलेज के सभागार में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य शुभारंभ किया गया। खाद्य, पोषण और स्वास्थ्यः वर्तमान आवश्यकताएं और सामाजिक कल्याण के लिए भविष्य की संभावनाएं विषय पर आयोजित सम्मेलन में शिक्षा और चिकित्सा जगत की प्रख्यात विभूतियों ने शिरकत की। कार्यक्रम में मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रो. चांसलर डॉ. अरुण कुमार पाण्डेय, कुलगुरु डॉ. ए. एस. यादव आदि मौजूद थे।

# रोटरी क्लब ईस्ट भोपाल मासिक व्याख्यानमाला का आयोजन



रोटरी क्लब ईस्ट भोपाल में व्याख्यान देते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज। भोपाल

रोटरी क्लब ईस्ट भोपाल द्वारा आयोजित मासिक व्याख्यानमाला में डॉ. अभिजीत देशमुख बीमारी के पूर्व लक्षणों की जानकारी दी और उसके बाद उपचार पर सतर्कता बरतने को कहा। उन्होंने कहा जरा सी लापरवाही छोटे से रोग को गंभीर रोग में बदल देती है। पेट दर्द, सर दर्द, हाथ-पांव घुटनों के निरंतर दर्द को गंभीरता से लें। योग ओर व्यायाम को निरंतर करें। डॉ देशमुख बस्तियों में स्वास्थ चौपाल भी आयोजित करते हैं उन्होंने कुटुंभ यात्रा स्वस्थ योजना की भी जानकारी दी।

# आरकेडीएफ के स्थापना दिवस और डॉ. कपूर के जन्मदिन पर लगाया चिकित्सा शिविर

हरिभूमि न्यूज। भोपाल



आरकेडीएफ ग्रुप में लगाए चिकित्सा शिविर में उपस्थित डॉक्टरों की टीम।

आरकेडीएफ ग्रुप के 32वें स्थापना दिवस और चेयरमैन डॉ सुनील कपूर के जन्मदिवस पर शुक्रवार को जाटखेड़ी में निःशुल्क स्वास्थ्य और पंचकर्म चिकित्सा शिविर लगाया गया। सर्वपल्ली राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ आयुर्वेद हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर के डॉक्टरों द्वारा शिविर में जाटखेड़ी और शहर से बड़ी संख्या में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाएं दी गई। सर्वपल्ली राधाकृष्णन कॉलेज के प्राचार्य डॉ राकेश पांडेय ने बताया कि शिविर में डायबिटीज, ओबेसिटी, पाइल्स- फिस्चुला व सामान्य-जटिल मरीजों का विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा जांच किया गया। डॉ पाण्डेय ने बताया कि शिविर में डॉ शैली लोकारे, डॉ शैलजा कसेट्टी, डॉ पंकज पेशवानी, डॉ कीर्ति पटेल, डॉ मुन्नालाल, सुषमा सिंह तथा जूनियर डॉक्टर्स व छात्रों ने सेवा दी।

## 200 किमी रेंज और उन्नत फीचर्स के साथ नया इलेक्ट्रिक ऑटो-रिक्शा 'उड़ो' हुआ लॉन्च

# प्लेन डिजाइन वाला महिंद्रा का नया इलेक्ट्रिक 'उड़ो' ऑटो-रिक्शा साढ़े तीन लाख में

हैदराबाद से सचिन सिंह बैस। भोपाल

महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी लिमिटेड ने अपना नया इलेक्ट्रिक तिपहिया ऑटो-रिक्शा 'उड़ो' (यूडीओ) लॉन्च किया है, जिसकी शुरुआती कीमत तीन लाख 58 हजार 999 रखी गई है, जबकि इसकी मानक एक्स-शोरूम कीमत तीन लाख 84 हजार 299 है। कंपनी के अनुसार यूडीओ नाम हिंदी शब्द 'उड़ो' से प्रेरित है और इसका डिजाइन विमान से प्रेरित एस्थेटिक्स पर आधारित है। यह इलेक्ट्रिक ऑटो मोनोकॉक संरचना के साथ आता है और वास्तविक परिस्थितियों में 200 किलोमीटर की ड्राइविंग रेंज प्रदान करता है। महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी लिमिटेड की मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ सुमन मिश्रा ने कहा कि यह लॉन्च लास्ट माइल ट्रांसपोर्टेशन के इलेक्ट्रिफिकेशन के जरिए ग्राहकों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह वाहन कंपनी के हैदराबाद के जहीराबाद स्थित प्लांटमें निर्मित किया जा रहा है, जहां स्वचालित बैटरी असेंबली और रोबोटाइज्ड उत्पादन लाइनें स्थापित हैं।



ऑटो-रिक्शा 'उड़ो' का प्रदर्शन करते हुए।

### ड्राइवर के लिए 'पायलट स्टाइल' सीट

महिंद्रा लिमिटेड के ऑटो और कृषि क्षेत्र के मुख्य डिजाइन और रचनात्मक अधिकारी प्रताप बोस ने बताया कि 'उड़ो' की डिजाइन के स्तर पर इसमें ड्राइवर के लिए पायलट-स्टाइल सीट दी गई है, जो प्रतिस्पर्धी मॉडलों की तुलना में लगभग 20 प्रतिशत अधिक मोटी है। यात्रियों के लिए अतिरिक्त लेगरूम और हेडरूम के साथ बेहतर बैठने की व्यवस्था दी गई है। वाहन में स्वतंत्र रियर सस्पेंशन और ड्यूल फोर्क फ्रंट सस्पेंशन सिस्टम शामिल हैं। यूडीओ में तीन ड्राइविंग मोड रेंज, राइड और रेस दिए गए हैं, जिससे चालक जरूरत के अनुसार दक्षता या प्रदर्शन चुन सकते हैं। इसके अतिरिक्त रिवर्स थ्रॉटल, रीजनरेटिव ब्रेकिंग, हिल होल्ड असिस्ट और ट्रैफिक में सुविधा के लिए क्रीप फंक्शन जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।



महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी लिमिटेड उड़ो को लॉन्च करते हुए।

### छह वर्ष की वारंटी और एक लाख किमी तक मुफ्त सर्विसिंग

महिंद्रा उड़ो पर 1.5 लाख किलोमीटर या छह वर्ष की वारंटी प्रदान कर रही है, साथ ही एक लाख किलोमीटर तक मुफ्त सर्विसिंग भी उपलब्ध होगी। खरीदारों को कंपनी की यूडीएवाए नेक्ट योजना के तहत 20 लाख रुपए का आकस्मिक बीमा और वित्तीय परामर्श सेवाएं भी मिलेंगी। महिंद्रा की ओर से इसमें 11.7 केडब्ल्यूएच की क्षमता की बैटरी को दिया गया है, जिससे इसे 200 किलोमीटर तक की रेंज मिल सकती है। इसमें लगी मोटर से इसे 10 किलोवाट की पावर और 52 न्यूटन मीटर का टॉर्क मिलता है। इसकी अधिकतम स्पीड 55 किलोमीटर प्रति घंटा तक है।

हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 14 फरवरी 2026

9 पंडित हरिप्रसाद चौरसिया की बांसुरी ...



14 आईईएचई में 'सतत विकास पर अंतर्विषयी दृष्टिकोण...





## खबर संक्षेप

### 85 वार्ड कार्यालयों सहित 167 स्थानों पर राजस्व वसूली शिविर आज




**भोपाल।** शहरभर में नगर निगम के 85 वार्ड कार्यालयों के अलावा 167 स्थानों पर शनिवार को राजस्व वसूली शिविर लगेंगे। इनमें क्षेत्र के करदाता अपने घर के नजदीक ही संपत्तिकर व अन्य बकाया करों का भुगतान कर सकेंगे। एक शिविर वार्ड कार्यालय में और दूसरा शिविर वार्ड के ही एक अन्य स्थान पर आयोजित होगा। निगम प्रशासन ने अधिक राजस्व की वसूली और करदाताओं को अपने-अपने घरों के नजदीक करों का भुगतान करने की सुविधा देने के उद्देश्य से इस तरह के शिविर का आयोजन किया है।

### मेट्रो के निर्माण में फूटी पाइप लाइन का मेंटेनेंस पूरा, आज होगी सप्लाई

**भोपाल।** करोंद आरओबी के पास मेट्रो निर्माण कार्य के दौरान बीती रात क्षतिग्रस्त हुई पाइप लाइन के मेंटेनेंस का काम निगम अमले ने पूरा कर लिया। फिजा कालोनी व उससे लगी आधा दर्जन कॉलोनियों में शनिवार को पानी की सप्लाई बहाल होगी। मेट्रो के निर्माण कार्य में लगी जेसीबी से मेन पानी सप्लाई की लाइन फूटने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई थी। जेसीबी से गड्ढा खोदा जा रहा था। उसी दौरान जेसीबी की चपेट में पाइप लाइन आ गई। इससे बडी मात्रा में पानी की बर्बादी के साथ पानी सप्लाई में दिक्कत आई। उक्त लाइन से जिन इलाकों में पानी की सप्लाई होती है वहां एक दिन छोड़कर पानी सप्लाई होता है। गुरुवार को उन इलाकों में पानी सप्लाई का दिन था। पानी सप्लाई में आई दिक्कत से क्षेत्र की करीब तीस हजार की आबादी प्रभावित हुई। जो लोग पर्याप्त पानी नहीं भर पाए थे उन्हें शुक्रवार को पानी के लिए परेशान होना पड़ा।

### काम में लापरवाही करने वाले दो पंचायत सचिव हुए सस्पेंड

**भोपाल।** पंचायतों में विकास के काम ठप हैं, पंचायत सचिव काम में लापरवाही बरत रहे हैं। हालात यह हैं कि सरकारी कामों को भी समय पर पूरा नहीं कर पा रहे हैं। लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने शुक्रवार को दो सचिवों को सस्पेंड कर दिया है। सीईओ ने बताया कि ग्राम पंचायत बिसनखेड़ी के सचिव संतोष औचावर के खिलाफ पंचायत सेवा नियम के तहत कार्रवाई करते हुए सस्पेंड किया है। इसी तरह बैरसिया की ग्राम पंचायत अर्रावती के सचिव खुमान सिंह मीणा को शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर निलंबित किया है। उनके पास ग्राम पंचायत सूरजपुरा के सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी था। दरअसल कुछ दिन पहले सीईओ ने इन पंचायतों का निरीक्षण भी किया था, जहां लापरवाही मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई है।

### 3200 करोड़ की ठगी का आरोपी पुलिस रिमांड पर

**भोपाल।** 3200 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी से जुड़े मामले के 30 हजार रुपए के इनामी बदमाश ऋषिकेश राय को मध्य प्रदेश एसटीएफ ने नोएडा उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार के न्यायालय में पेश कर ट्रांजिस्ट रिमांड पर लेकर भोपाल लाकर जिला न्यायालय में पेश कर पूछताछ करने के लिए 7 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। आरोपी ऋषिकेश ने रेनेट टेक्नोलॉजी प्रा.लि. के नाम से एक कंपनी बनाई थी। वह इस कंपनी का डायरेक्टर भी था। इसी कंपनी के खाते में देशभर से 2062 करोड़ रुपए ट्रांसफर हुए। इनमें बड़ी रकम डिजिटल अरेस्ट से जुड़ी बताई जा रही है। जनवरी 2023 से अगस्त 2025 के बीच जमा 2062 करोड़ में से 2022 करोड़ रुपए निकाले जा चुके हैं।

## हॉस्टल वार्डन पर हो कार्रवाई, कहा- फर्स्ट फ्लोर पर रहती थी रोशनी, टॉप फ्लोर के बाथरूम में मिला था शव

# एमबीबीएस छात्रा की मौत का मामला: आलीराजपुर से पहुंचे परिजन, रिश्तेदार और ग्रामीणों ने घेरा थाना

*जीएमसी प्रबंधन पर भी मदद नहीं करने के लगाए आरोप, दोपहर 12 बजे से शाम तक चलता रहा प्रदर्शन, आलाधिकारी मौके पर पहुंचे, दी समझाइश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

धीमी जांच के साथ पुलिस पर लगाया लापरवाही बरतने का आरोप

परिजन ने रोशनी की मौत खुदकुशी न बताते हुए संदिग्ध बताया

गांधी मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस कर रही छात्रा की मौत के मामले में परिजन का गुस्सा फूट गया। शुक्रवार दोपहर परिजन आलीराजपुर से अलग अलग वाहनों में परिजन के अलावा, ग्रामीण भोपाल पहुंचे और कोहेफिजा थाने का घेराव कर दिया। परिजन का आरोप है कि पुलिस जांच में लापरवाही कर रही है। हॉस्टल की वार्डन पर कार्रवाई नहीं की गई। हॉस्टल में रोशनी ग्राउंड फ्लोर पर रहती थी और उसकी बॉडी टॉप फ्लोर पर बने बाथरूम में मिली। उन्हें हॉस्टल के सीसीटीवी कैमरे दिखाए नहीं गए। उन्होंने जीएमसी प्रबंधन भी आरोप लगाए है।



उनका कहना है कि जीएमसी की छात्रा की मौत होने के बाद भी जीएमसी प्रबंधन बेफिक्र है। परिजन और प्रदर्शन कर रहे लोगों ने रोशनी की मौत को आत्महत्या न बताते हुए संदिग्ध बताया है। प्रदर्शन कर रहे परिजन को थाना पुलिस ने समझाइश देने का प्रयास किया, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं थे। उनकी मांग थी कि टीआई नहीं कोई बड़ा अफसर बुलाएं, तब एडिशनल डीसीपी शालिनी दीक्षित मौके पर पहुंचीं और परिजन सहित उनके साथ मौजूद लोगों से चर्चा की। परिजन का कहना था कि जब तक वह संतुष्ट नहीं होंगे प्रदर्शन जारी रहेगा। दोपहर बारह बजे से शुरू हुआ प्रदर्शन देर शाम तक चलता रहा। हालांकि बाद में परिजन के बयान दर्ज किए गए। इसके बाद प्रदर्शन शांत हो सका।




कोहेफिजा थाने के सामने प्रदर्शन करते परिजन और जीएमसी के छात्र।

### परिजन ने की पुलिस से मांग

- परिजन की पुलिस प्रशासन से मांग है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाए।
- हॉस्टल वार्डन पर एफआईआर दर्ज की जाए। परिजन के पहुंचने से पहले ही हॉस्टल प्रबंधन ने बाथरूम का दरवाजा तोड़कर रोशनी की बॉडी हमीदिया अस्पताल शिफ्ट करा दी।
- अब तक हॉस्टल के सीसीटीवी कैमरे परिजन को नहीं दिखाए गए। कैसे पता चलेगा कि रोशनी फर्स्ट फ्लोर से टॉप फ्लोर तक कैसे पहुंच गई। यदि टॉप फ्लोर पर घटना हुई है तो उसे नीचे लाते समय के वीडियो कैमरे में कैप्चर हुए होंगे।
- नीचे बाथरूम था तो वह ऊपर वाले बाथरूम में क्यों पहुंची। यह सीसीटीवी कैमरे देखने पर ही पता चल सकेगा।
- अब तक न तो पुलिस ने और न ही हॉस्टल प्रबंधन ने सीसीटीवी कैमरे के फुटेज दिखाए।

### परिजन के बयान दर्ज किए गए हैं...

बेटी की मौत से दुखी परिजन आलीराजपुर से भोपाल पहुंचे थे। थाने के घेराव के दौरान परिजन ने निष्पक्ष जांच की मांग की है। कोहेफिजा पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और पूरी मुस्तैदी से जांच कर रही है। जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही परिजन के बयान दर्ज कर लिए गए हैं।

**शालिनी दीक्षित** एडिशनल डीसीपी, जोन-3

### *यह है मामला*

*रोशनी पिता वनतार सिंह (19) गांव अकलावा, पोस्ट फूलमाला, तहसील भावरा, आलीराजपुर की रहने वाली थी। उसने नीट की परीक्षा पास की थी और वर्ष 2025-26 सत्र में एमबीबीएस फर्स्ट ईयर में एडमिशन लिया था। वह बीडीए कॉलोनी स्थित हॉस्टल में रह रही थी। उसके अलावा इस हॉस्टल में 18 अन्य छात्राएं भी रहती है। 10 फरवरी मंगलवार सुबह रोशनी की रूम पार्टनर वैष्णवी की सुबह सात बजे नींद खुली तो उसने देखा तो रोशनी कमरे में नहीं थी। उसने रोशनी को कॉल किया, लेकिन उससे संपर्क नहीं हो सका। वैष्णवी ने आसपास की छात्राओं से पूछा, लेकिन किसी ने भी रोशनी के बारे में जानकारी नहीं दी। वह उसे देखते देखते हॉस्टल के थर्ड फ्लोर पर पहुंची। इस दौरान थर्ड फ्लोर पर बना बाथरूम अंदर से लॉक था। आवाज देने के बाद भी बाथरूम का दरवाजा नहीं खुला। उसने खिड़की से झांककर देखा। इस दौरान रोशनी बाथरूम में बेसुध पड़ी नजर आई। पास ही एसिड की एक बोतल भी पड़ी थी। उसने हॉस्टल के मालिक को घटना की जानकारी दी। हॉस्टल मालिक दरवाजा तोड़कर रोशनी को अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर रोशनी को मृत घोषित कर दिया।*

### *रोशनी की खुदकुशी के बाद भी छात्रों को तनाव से बचाने का प्लान सिर्फ दिखावा शुरू नहीं हो सका शेयर एंड केयर सेंटर*

गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में एमबीबीएस छात्रा रोशनी की सुसाइड के बाद छात्रों में तनाव के मुद्दे को एक बार फिर गर्मा दिया है। छात्रों का कहना है कि एमबीबीएस का सिलेबस टफ है, ऐसे में मानसिक तनाव बना रहता है। छात्रों को मानसिक तनाव से बचाने के लिए जीएमसी में दो साल पहले काउंसिलिंग सेंटर शुरू करने का दावा किया था, इसे केयर एंड शेयर नाम दिया गया था। लेकिन रोशनी की आत्महत्या ने इस दावे की पोल खोल दी है। छात्रों का कहना है कि दो सालों में न तो कोई संवाद हुआ न ही किसी छात्र की काउंसिलिंग की गई। इधर, मामले में कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि यह सेंटर काम कर रहा है। उनका कहना है कि अगर रोशनी को किसी प्रकार का तनाव था तो अपने एचओडी से बात करना था।

#### दो सुसाइड के बाद हुआ था ऐलान

मालूम हो कि 2023 में पीजी स्टूडेंट डॉ. आकांक्षा महेश्वरी और डॉ. बाला सरस्वती की आत्महत्या के बाद स्टूडेंट्स को तनाव से बचाने के लिए इस सेंटर का एलान किया था। इसमें मनोचिकित्सों को जिम्मेदारी दी गई थी कि यहां विद्यार्थियों की नियमित काउंसिलिंग की जाए। जहां डिप्रेशन या किसी भी तरह की समस्या को सुना जाएगा और उसका हल ढूंढा जाएगा। लेकिन दो साल बीत जाते के बाद भी यह सेंटर शुरू नहीं हो सका।

#### अब जेडीए करेगा मेंटल हेल्थ पर काम

एमबीबीएस छात्रा के सुसाइड के बाद जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन ने निर्णय लिया है कि वह जीएमसी में एक मेंटल हेल्थ वेलनेस सेंटर का संचालन करेगा।

**डॉ. महेंद्र प्रताप, अध्यक्ष, जेडीए जीएमसी**

#### अब 10 तारीख को होगा संवाद

घटना के बाद जीएमसी प्रबंधन ने टीचर्स स्टूडेंट संवाद को अनिवार्य कर दिया है। शेयर एंड केयर सेंटर को प्रभावी तरीके से शुरू किया जाएगा। इसके तहत हर महीने की 10 तारीख को विभागवार संवाद, रोल प्ले और मानसिक स्वास्थ्य परामर्श कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें छात्रों की समस्याओं को गोपनीय रखा जाएगा।

**डॉ. कविता एन सिंह, डीन, जीएमसी**

## डंप साइट मामला सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग

# कचरा वाहनों में लगेगा जीपीएस, बैरागढ़ ट्रांसफर स्टेशन पर एनजीटी सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने प्रदेश में कचरा प्रबंधन और वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट को लेकर सख्त रुख अपनाया है। इसके साथ ही सड़कों पर कचरा फैलाने को लेकर वाहनों में जीपीएस लगाने के आदेश दिए हैं।

एनजीटी में बैरागढ़ ट्रांसफर स्टेशन के वेटलैंड क्षेत्र में कचरा डंप करने को लेकर याचिका लगाई गई है। जिसको लेकर शुक्रवार को हुई सुनवाई में एनजीटी की बैंच ने कलेक्टर और भोपाल नगर निगम को अगली सुनवाई तक जवाब पेश करने के निर्देश दिए। अधिवक्ता हरप्रीत सिंह गुप्ता ने बताया कि भानपुर डंप साइट और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़ा मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, जिसकी अगली सुनवाई 19 फरवरी को होगी। इसे देखते हुए एनजीटी ने अगली तारीख 21 अप्रैल तय की है। बैंच ने सुनवाई में कहा कि कचरा परिवहन के लिए जीपीएस से लैस वाहनों का उपयोग अनिवार्य किया जाए, जिससे रास्ते में कचरा न फैले।

### कचरा प्रबंधन पर तैयार होगा ढांचा

नगर निगम बनाम डॉ. सुभाष सी पांडेय प्रकरण में 11 फरवरी को हुई सुनवाई के बाद कचरा प्रबंधन व्यवस्था एक बार फिर सुर्खियों में है। मामले में पहले एनजीटी ने नगर निगम पर 1.80 करोड़ रुपए की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगाई गई थी, जिसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की गई है। सुनवाई के दौरान अदालत ने स्पष्ट किया कि 2000 और 2016 के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के बाद अब 1 अप्रैल से लागू होने वाले नए सालिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2026 से पहले जमीनी स्तर पर आवश्यक ढांचा तैयार करना अनिवार्य है। मामले में अगली सुनवाई 19 फरवरी को होगी।

## वन-वे रोड पर नियम पालन के लिए लोगों को दी समझाइश

# पुलिस कमिश्नर ने शहर में जोन-3 का निरीक्षण कर देखी यातायात व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में जगह-जगह लग रहे जाम से लोग परेशान हो रहे हैं। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए शुक्रवार को पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने निरीक्षण कर समस्याओं को जाना। इस मौके पर मोनिका शुक्ला अतिरिक्त पुलिस आयुक्त नगरीय पुलिस, जितेन्द्र सिंह पवार पुलिस उपायुक्त यातायात, शालिनी दीक्षित अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-3, बसंत कौल अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात जोन-3/4, विजय कुमार दुबे सहायक पुलिस आयुक्त जोन-3 यातायात, दीपक डेहरिया थाना प्रभारी तलैया आदि लोग मौजूद थे।

इस अवसर पर शहर में जोन-3 यातायात के अंतर्गत भ्रमण किया गया, जो रेतघाट से प्रारंभ होकर मोती मस्जिद से वन-वे का निरीक्षण करते हुए अफगान गली, भवानी चौक, सोमवारा होते हुए इमामी गेट तक पहुंचा।



भवानी चौक पर निरीक्षण करते पुलिस अधिकारी।

### यातायात को बाधित करने वाली गाड़ियों को हटाने के निर्देश दिए

भ्रमण के दौरान वाहन चालकों व स्थानी को लोगों को वन-वे के पालन के लिए समझाइश दी गई। साथ ही पालन करने के लिए भी अनुरोध किया गया, यातायात को बाधित करने वाली गाड़ियों को हटाने के निर्देश दिए। साथ ही रोड के चौड़ीकरण करने, रोड पर व्हाइट रोड मार्किंग करवाने, हाथ ठेलों को सुव्यवस्थित करना, दुकानदारों द्वारा बाहर रखे समान को अंदर रखने एवं बिजली के पोल को व्यवस्थित करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया, जिससे यातायात संचालन में असुविधा उत्पन्न न हो और यातायात का सुगम आवागमन किया जा सके।

## इस व्यवस्था से बुजुर्गों को होगा फायदा

# अब फिंगरप्रिंट की झंझट होगी खत्म लोगों को आंखों से मिलेगा राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में पीडीएस के राशन बांटने में बार-बार फिंगरप्रिंट की परेशानी को लेकर खाद्य विभाग आंखों को स्कैन कर राशन देने के प्लॉन पर काम कर रहा है। जल्द ही मशीनों के अपडेशन के बाद इसे लागू कर दिया जाएगौं।

पिछले दस साल से सरकार तकनीक के जरिए राशन वितरण व्यवस्था में सुधार करने जा रही है, जिससे 14 लाख लोगों को राहत की उम्मीद है। लंबी कतारें, बार-बार चक्कर लगाने और कम राशन की शिकायतें अब जल्द खत्म हो सकती हैं। अब गरीब की पहचान फिंगरप्रिंट के बजाय फेस रिकग्निशन यानी आंखों से की जाएगी। इससे उन बुजुर्गों, किसानों और मजदूरों को बड़ी राहत मिलेगी, जिनके उंगलियों के निशान घिस जाने से मशीन पहचान नहीं कर पाती थी और उन्हें राशन लेने में परेशानी होती थी।

### राशन मिलने के बाद दी जाएगी रसीद

राशन मिलने के बाद उपभोक्ताओं के मोबाइल पर एक और मैसेज भेजा जाएगा, जिसमें यह जानकारी होगी कि उसे कितना गेहूं, चावल या अन्य अनाज मिला है। साथ ही पीओएस मशीन से एक प्रिंटेड रसीद भी दी जाएगी। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन का कहना है कि मशीनों के अपडेशन काम चल रहा है। सॉफ्टवेयर भी अपडेट हो रहा है। बीपीएल के दायरे में भोपाल के साढ़े तीन लाख परिवार आते हैं। जिन्हें 502 राशन दुकानों से राशन वितरित किया जाता है। प्राथमिक परिवार को 5 किलोग्राम प्रति सदस्य के हिसाब से राशन दिया जाता है। इनमें 4 किलो गेहूं और 1 किलो फोर्टिफाइड चावल शामिल हैं। अंत्योदय परिवार को 35 किलो (प्रति परिवार) राशन दिया जाता है। इसमें 30 किलो गेहूं, 5 किलो चावल शामिल हैं। इसके अलावा एक किलो शकर और एक किलो नमक भी दिया जाता है।

## जीएडी के अफसरों से कहा, सरकार पोस्टिंग करके भूल गई है कहीं और तबादला कर दीजिए

# मानसिक विक्षिप्त 'आईएएस' बन पोस्टिंग कराने पहुंचा, पुलिस ने पिता को समझाइश देकर छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदौर निवासी युवक का डेढ़ वर्ष से चल रहा है मानसिक रोग का इलाज

ट्रांसफर के बहाने सुरक्षा कार्यालय से पास बनवाकर मंत्रालय में दाखिल हुआ था

**खुद को 2019 बैच का आईएएस अफसर बताया**

मप्र के सबसे संवेदनशील प्रशासनिक मुख्यालय वल्लभ भवन में एक अर्ध विक्षिप्त युवक के फर्जी आईएएस बनकर घुसने का मामला सामने आया है। मामले की जानकारी के तत्काल बाद सुरक्षा दस्ते ने उसे हिरासत में ले लिया। बाद में हालांकि उसके हावभाव व बातचीत के लहजे के आधार पर पता चल गया कि वह अर्ध विक्षिप्त है। वह ठीक से सही जवाब भी नहीं दे पा रहा है। बाद में अरेरा हिल्स थाने की पुलिस ने उसके पिता को बुलाकर बगैर किसी कार्रवाई के उसे उन्हें सौंप दिया।



मंत्रालय पहुंचा आरोपी युवक।

बताते हैं कि योगेंद्र चौहान नामक युवक इंदौर का रहने वाला है। उससे इससे पहले भी कुछ इसी तरह से किया है। उसका करीब डेढ़ वर्ष से मानसिक रोग का इलाज चल रहा है। शुक्रवार को दोपहर बाद वह बाकायदा सुरक्षा कार्यालय से अपना पास बनवा कर सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) के अपर सचिव अजय कटेसरिया के पास पहुंचा। उसने अपने आप को वर्ष 2019 बैच का आईएएस अधिकारी बताया। उसने अपर सचिव कटेसरिया से यह भी कहा कि जीएडी उसकी पोस्टिंग करके भूल गई है। अब उसे वहां नहीं रहना है। इसलिए उसका तबादला कर दिया जाए। आईएएस अफसरों की पोस्टिंग चूंकि सामान्य प्रशासन विभाग कार्मिक विंग करता है। ऐसे में उनका संदेह पुख्ता हो गया कि वह फर्जी है। उन्होंने तत्काल सुरक्षा अधिकारी को बुला लिया। पूछताछ में वह कुछ भी ठीक से नहीं बता पाया। यहां तक कि उसकी याददाश्त भी ठीक नहीं थी। बार-बार अलग अलग बाते कर रहा था। बाद में उसे अरेरा हिल्स थाने को सौंप दिया गया।

### *परिजनों को बुलाकर सौंपा गया कोई कार्रवाई नहीं की गई*

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि वह भोपाल ट्रांसफर के बहाने मंत्रालय में दाखिल हुआ था। उसके पास मौजूद दस्तावेजों की जांच की जा रही है। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद उसके परिजनों को बुलाया गया। परिजनो ने बताया कि उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। काफी समय से उसका इलाज चल रहा है। परिजनों से कहा गया कि वे आकर ले जाएं अन्यथा बड़ी दिक्कत में फंस जाएंगे। बाद में उसे पुलिस ने जांच व पूछताछ के बाद छोड़ दिया। मानसिक विक्षिप्तता होने से उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। मंत्रालय के सुरक्षा अधिकारी अरविंद शर्मा ने बताया कि पहले उससे अपर सचिव कटेसरिया के कक्ष में ही गहनता से पूछताछ की गई। उसके बातचीत से ही लग गया था कि वह अर्ध विक्षिप्त है। उसने मंत्रालय में घुसने का पास भी सामान्य बातचीत से बनवा लिया था। हालांकि पास अधिकारी व सुरक्षा दस्ते को सख्त हिदायत दी गई है कि मंत्रालय में बगैर ठोस कारण तथा तस्दीक के बाद ही किसी को अंदर जाने की इजाजत दी जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अरेरा हिल्स पुलिस बोली- मानसिक रूप से पीड़ित है, परिजन लेने पहुंचे थाने

इस मामले में अरेरा हिल्स थाना पुलिस का कहना है कि मंत्रालय से सूचना मिली थी कि कोई संदिग्ध व्यक्ति घुसपैठ कर चुका है। वह तीसरी मंजिल में जाकर एक अधिकारी के पास बैठा हुआ है। इसके बाद उसकी जांच की गई और वह फर्जी पाया गया। तमाम औपचारिकता पूरी करने व युके के पिता की जानकारी, विक्षिप्ता की स्थिति में इलाज आदि की जानकारी लेने आदि के बाद युवक को छोड़ दिया गया है।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सामने से बाइक सवार युवक को मारी जोरदार टक्कर... मौत, अप्रैल में होनी थी शादी

## कलियासोत डैम से केरवा जाने वाली सड़क पर बेरियर से पहले हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित कलियासोत रोड पर बेरियर से पूर्व गुलमदर फार्म के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। घटना गुरुवार दोपहर करीब ढाई बजे के आसपास की है। हादसे के बाद गंभीर रूप से घायल बाइक सवार को अस्पताल पहुंचाया गया था। वहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद


संदीप माहेश्वरी मृतक

### हादसे के बाद स्कॉर्पियो घटना स्थल पर छोड़कर भागा

**पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया**

**मृतक लोन के संबंध में रातीबड़ में किसी कस्टमर के घर जा रहा था**


हादसे के बाद पुलिस स्कॉर्पियों को ले जाती हुई।

स्कॉर्पियो का चालक मौके पर स्कॉर्पियो वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार 24 साल का संदीप माहेश्वरी पिता शंकर लाल माहेश्वरी, बिल्किसगंज (झागरिया) जिला-सीहोर का था। संदीप भोपाल की एक फाइनेंस कंपनी में नौकरी करता था। गुरुवार दोपहर वह लोन के संबंध में रातीबड़ में किसी कस्टमर के घर जा रहा था।

कलियासोत डेम निकलने के बाद वह दोपहर करीब दो बजे के आसपास बेरियर के पहले गुलमदर फार्म के पास पहुंचा था, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने संदीप की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर आमने-सामने की होने के कारण संदीप को गंभीर चोट आई थी। उसे अस्पताल पहुंचाया गया, वहां करीब दो घंटे बाद संदीप की मौत हो गई। परिजन ने बताया कि संदीप की सगाई हो चुकी थी। अप्रैल में उसकी शादी होनी थी। इससे पहले ही उसकी हादसे में मौत हो गई।

### टोल के पास बुलेट डिवाइडर में घुसी, एक की मौत

इधर, मिसरोद थाना क्षेत्र में गुरुवार रात करीब आठ बजे बुलट बाइक डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में बाइक पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए पास ही स्थित निजी अस्पताल ले गया गया। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दो अन्य का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया, लखन प्रजापति (26) सिलवानी जिला रायसेन का रहने वाला था और खेती किसानी करता था। गुरुवार को वह मंडीदीप में रहने वाले अपने दोस्त के पास आया था। उसके साथ दो अन्य युवक भी थे। मंडीदीप में एक जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने के बाद तीनों दोस्त एक ही बुलट पर सवार होकर रायसेन लौट रहे थे। शाम करीब 8 बजे मिसरोद स्थित टोल नाके के पास उनकी बुलट अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में लखन का गंभीर चोट थी, जबकि उसके साथी का पैर टूट गया था। तीसरे अन्य साथी को भी गंभीर चोट है।

## महिला ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**औबेदुल्लागंज।** तामोट के वार्ड 16 जनपद, एकलवाड़ा पंचायत के अंतर्गत सिंहपुर निवासी सरिता बाई पति अनिल कुमार ने शुक्रवार को अपने किराए के कमरे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब सरिता बाई फांसी लगा रही थी उसकी दोनों बेटियां यह सब देखकर रो रहीं थीं। दोनों बच्चियों ने आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी।



औबेदुल्लागंज थाने पुलिस को सूचना दी तो पुलिस ने ध्यान नहीं दिया। फिर एसडीओपी शीला सुराणा को फोन किया। उनके हस्तक्षेप बाद पुलिस आई पुलिस और एंबुलेंस से महिला को औबेदुल्लागंज अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### खबर संक्षेप



#### नल योजना का काम पूरा करने सौंपा ज्ञापन

**औबेदुल्लागंज।** युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष परेश नागर के नेतृत्व में ग्राम केशलवाड़ा की महिलाओं ने पीएचई विभाग में नल योजना का काम पूरा करने के लिए ज्ञापन दिया। ग्राम पंचायत गौतमपुर कॉलोनी के ग्राम केशलवाड़ा में विगत 2 सालों से नलजल योजना का काम रुका हुआ है, जिससे ग्राम में पानी की काफी दिक्कत आती है। गांव के लोग आसपास के खेतों से पानी लेकर आते है। महिलाओं ने मांग है कि एक हफ़्ते में नलजल योजना काम शुरू किया जाए। काम शुरू नहीं होता है तो पीएचई विभाग में आकर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा।

#### भजन संध्या के लिए किया भूमिपूजन



**औबेदुल्लागंज।** भजन संध्या स्थल पर शुक्रवार को ध्वजारोहण कर भूमिपूजन किया गया। 14 फरवरी को विशाल भजन संध्या के आयोजन के लिए तैयारियों तेजी हो गई है। यह भजन संध्या स्वर्गीय पद्मविभूषण पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज की स्मृति में आयोजित की जाएगी। भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायिका निकुंज कामरा नई दिल्ली अपनी प्रस्तुति देंगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता जयप्रकाश शर्मा, रामेश्वर नागर, मनीष गोशिंदे, आरटीओ, श्रीराम अग्रवाल आदि ने भूमि पूजन कर ध्वजारोहण किया।

#### हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**भोपाल।** ढाबा में खाना-खाने के दौरान हुए विवाद पर साथी कर्मचारी कमल सिंह मीना के सिर पर लोहे की राड से हमला कर उसकी हत्या करने वाले आरोपी संजू उर्फ संजय विश्वकर्मा उर्फ मनीष विश्वकर्मा पुत्र रामसिंह विश्वकर्मा (29) निवासी ग्राम मुहारी पोस्ट पिपरिया होशंगाबाद मप्र को अपर सत्र न्यायाधीश सुचिता श्रीवास्तव ने भादंसं की धारा-302 के अन्तर्गत दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और 1000 रुपए के अर्थदंड से दण्डित किया है। अभियोजन के अनुसार थाना ईंटखेड़ी क्षेत्र में स्थित दादा जी ढाबा में 26 अक्टूबर 2023 को रात के 2:00 बजे ढाबा में साथ में काम करने वाले कर्मचारियों के बीच खाना खाने के दौरान मामूली विवाद हो गया था। आरोपी संजू उर्फ संजय विश्वकर्मा ने साथी कर्मचारी कमल सिंह मीना के सिर पर लोहे की राड से हमला कर घायल किया था।

#### शुभांक

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 4927 | | |
| दिन: | 260 | 88 | 378 |
| रात: | 140 | 51 | 245 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 779 | 32 | 390 |
| रात: | 400 | 41 | 579 |

## आरोपी के भाई-बहन और मां को पुलिस ने किया गिरफ्तार

# गला दबाकर की थी लिव इन पार्टनर की हत्या, एक दिन घर में रखी लाश

**पेटी में लाश रख, घर से डेढ़ सौ मीटर दूर पानी की टैंक में फैंक आया था आरोपी**

**गुजरात से बुलाया था भोपाल, छुटकारा पाने आरोपी से ब्लैकमेल कर रही थी लिव इन पार्टनर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा पुलिस ने छः घरा कमल नगर में गुरुवार दोपहर पेटी में बंद मिली लाश की शिनाख्त करते हुए आरोपी लिव इन पार्टनर, उसके भाई-बहन और मां को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपनी लिव इन पार्टनर की हत्या शनिवार-रविवार की दरमियानी रात कर दी थी। लाश एक दिन अपने घर में रखी और रविवार-दरमियानी की रात लाश को पेटी में भरकर घर से डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर पानी के टैंक में फैंक आया था। घटना का खुलासा चौबीस घंटे के भीतर निशातपुरा पुलिस ने कर लिया है।


मिसबाह, मृतक

पुलिस के अनुसार मिसबाह पिता सरफराज (22) गोंदिया, महाराष्ट्र की रहने वाली थी। उसकी दोस्ती डेटिंग एप पर समीर पिता स्वर्गीय इकबाल (22) पीले क्वार्टर, कमल नगर, निशातपुरा से हुई थी। समीर लोडिंग ऑटो चलाता है। वह दो शादी पूर्व में कर चुका है। उसकी दोनों पत्नियां उससे अलग रहती है। अक्टूबर में मिसबाह को उसने भोपाल बुलाया था। इसके बाद से दोनों लिव इन रिलेशन में रह रहे थे। मिसबाह भी अपने पति से अलग रह रही थी और गुजरात में बॉयफ्रेंड के साथ थी। वह गुजरात से भोपाल समीर के कहने पर अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में आ गई थी। कुछ दिन ठीक से चला फिर मिसबाह और समीर के बीच विवाद होने लगे। मिसबाह का कहना था कि यदि मुझे छोड़ना है तो भरपाई करनी पड़ेगी। वह ब्लैकमेलिंग कर रुपए की मांग करने लगी। 7-8 फरवरी, शनिवार-रविवार की रात मिसबाह और समीर के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर समीर ने उसका गला दबाकर हत्या कर दी।


टैंक से पेटी में बंद लाश को निकालते हुए।

### ऐसे हुआ खुलासा

*पुलिस ने बताया कि टैंक में महिला की लाश मिलने के बाद पुलिस ने इलाके में पूछताछ की। इस दौरान पता चला कि कमल नगर निवासी समीर घर से लापता है दो दिन से वह घर नहीं आया है। पुलिस को समीर पर संदेह हुआ। पूछताछ में यह भी पता चला कि समीर के साथ अक्टूबर महीने से एक महिला रह रही थी। अब पुलिस को समीर पर संदेह गहरा गया। पुलिस ने समीर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने हत्या करने की बात स्वीकार ली।*

### मां और भाई बहन को घर बुलाया

मिसबाह की हत्या करने के बाद समीर ने मां शहनाज बी, बहन सायमा और भाई साहिल को दी। वे समीर के घर पहुंचे। अगले ही दिन आरोपियों ने पेटी में लाश भरी और 8-9 फरवरी की रात समीर ने मां भाई और बहन की मदद से पेटी घर से डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर खुले पड़े पानी के टैंक में फैंक दी।

# होशंगाबाद रोड पर बनीं 15 अवैध झुग्गियों पर निगम का चला हथौड़ा

## नए और पुराने शहर में एक साथ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अमले ने शुक्रवार को नए और पुराने शहर में एक साथ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। निगम अमले ने जिला प्रशासन की कार्यवाई में सहयोग करते हुए होशंगाबाद रोड स्थित एफोटेल होटल के पास से अवैध रूप से बनीं 15 झुग्गियां जेसीबी के माध्यम से तोड़ दी। ईंटों की मजबूत दीवार पर निगमकर्मियों ने हथौड़े चलाए। इस दौरान बडी संख्या में निगम के अमले के अलावा पुलिस बल भी मौजूद रहा। माता मंदिर क्षेत्र में स्मार्ट सिटी द्वारा भी एक अवैध झुग्गी को तोड़ा।

निगम के अतिक्रमण दस्ते ने होशंगाबाद रोड कौशल नगर, 11 मील, सरस्वती नगर, भदभदा चौराहा, रेतघाट, रविंद्र भवन, बोट क्लब, जहांगीराबाद, बाग फरहत अफजा, प्रभात चौराहा परिक्रमा पार्क, पुष्पा नगर, अशोका गार्डन, हमीदिया गेट, पुरानी सब्जी मंडी, बैरागढ़ मिनी मार्केट, बैरागढ़ शिखा होटल, गुफा मंदिर रामानंद कालोनी, आशाराम तिराहा, करोंद चौराहा, विश्वकर्मा नगर आदि क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए कई प्रकार का सामान जब्त किया।


निगम कर्मचारी हथौड़े से दीवार तोड़ते हुए।

### मकान तोड़े जाने पर कांग्रेस का विरोध

*गोविंदपुरा व क्षेत्र के जाटखेड़ी में बांसखेड़ी से विस्थापित गरीब परिवारों के मकानों को बिना किसी पूर्व सूचना और नोटिस के तोड़े जाने का कांग्रेस ने विरोध किया है। गोविंदपुरा विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे रविन्द्र साहू ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उनकी समस्याएं सुनीं और इस कार्रवाई को अमानवीय एवं अन्यायपूर्ण बताया।*

## नईखेरी-चिंतामन गणेश को जोड़ने वाली 8.60 किमी लंबी बायपास रेलवे लाइन से निर्बाध रेल होगा आवागमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रेल मंत्रालय के उज्जैन बायपास लाइन को स्वीकृति प्रदान करने के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार माना है। कुल 8.60 किमी की नईखेड़ी-चिंतामन गणेश रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाली इस लाइन के प्रारंभ होने से उज्जैन के समीप वैकल्पिक रेल मार्ग उपलब्ध होगा। इससे उज्जैन से ट्रेनों को वापस मोड़ने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी और ट्रेनों में विलंब नहीं होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि यह व्यवस्था 'सिंहस्थ-2028' के दौरान श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाएगी। भारतीय रेल द्वारा 189.04 करोड़ रुपए की इस परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है।

# क्राइम ब्रांच ने गोंविदपुरा से पकड़े दो तस्कर, 500 ग्राम चरस की बरामद

## टीआईटी मैदान के पास बैठे थे ग्राहक के इंतजार में और पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्राइम ब्रांच ने चरस की तस्करी करने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 500 ग्राम चरस और मोबाइल समेत डेढ़ लाख रुपए का माल बरामद किया। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज गिरफ्तार कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली कि टीआईटी मैदान गोविंदपुरा के पास दो व्यक्ति बैठे हुए मादक पदार्थ बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। इनमें से एक व्यक्ति ने नीली जैकेट और काली टीशर्ट पहनी है, जबकि दूसरे व्यक्ति ने नीले काले रंग की स्वेटर पहन रखा है। मुखबिर ने यह भी बताया कि दोनों को जल्त ही नहीं पकड़ा गया तो वह गायब हो सकते हैं। यह सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच की एक विशेष टीम बनाकर घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बताए गए हुलिए के दोनों व्यक्तियों को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम शेख आरिफ (44) निवासी कोठी बाजार बैतूल और राजा मियां (51) निवासी बाग फरतअफ्जा ऐशबाग बताया। पुलिस ने उनके पास मैजूद थैले की तलाशी ली तो प्लास्टिक की पन्नी में करीब 500 ग्राम चरस रखी मिली, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। इसके साथ ही दोनों आरोपियों से उनके मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं।


शेख आरिफ राजा मियां

आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी शेख आरिफ के खिलाफ ग्वालियर के पड़ाव, भोपाल के एमपी नगर और ऐशबाग थाने में पूर्व से चोरी, छेड़छाड़ और एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज हैं, जबकि आरोपी राजा के खिलाफ क्राइम ब्रांच और ऐशबाग थाने में एनडीपीएस एक्ट के मामले दर्ज बताए गए हैं।

# मानस कल्याण समिति के चुनाव को लेकर औबेदुल्लागंज में राजनीति गर्म

## कोर्ट ने चुनाव कराने और निष्पक्ष जांच के दिए हैं आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

मानस कल्याण समिति के चुनाव को लेकर राजनीति गर्म है। स्थाई सदस्य अशोक मित्तल, विनोद इरपाचे, प्रेम नारायण सोनी, उत्तम यादव ने बताया कि मानस कल्याण समिति की स्थापना 26 फरवरी 1969 में हुई थी। मानस कल्याण समिति का संविधान एवं रजिस्ट्रेशन कराने में स्वर्गीय जितेंद्र कुमार मित्तल, स्वर्गीय पूर्व सरपंच हीरालाल मालवीय, वरिष्ठ नेता रमाशंकर चौरसिया, स्वर्गीय प्रेम नारायण तिवारी, स्वर्गीय बाबूलाल अग्रवाल, स्वर्गीय परमानंद विजय, स्वर्गीय सुखराम चौरसिया आदि की मुख्य भूमिका रही।

मानस कल्याण समिति का रजिस्ट्रेशन होने के बाद समिति के सदस्यों ने स्वर्गीय भैया लाल साहू, स्वर्गीय मदनलाल महेश्वरी आदि ने नगर के मुख्य बाजार में श्री राम मंदिर की स्थापना की और गांव-गांव से चंदा लेकर मंदिर का निर्माण किया।

### 2002 से नहीं हुआ मानस कल्याण समिति का चुनाव

2002 से अभी तक मानस कल्याण समिति का चुनाव नहीं हुआ। मानस कल्याण समिति के स्थाई सदस्यों ने मानस कल्याण समिति की जांच और चुनाव कराने के लिए 2016 से लगातार प्रयास कर रहे हैं। स्वर्गीय जेके मित्तल ने 2016 में मानस कल्याण समिति के चुनाव के लिए प्रयास किया। वहीं 3 साल से संस्था के आजीवन सदस्यों ने एसडीम, कलेक्टर, जिला प्रभारी मंत्री, रजिस्टार, उप पंजीयक, सहकारी संस्था को ज्ञापन दिए। इसके बाद विनोद इरपाचे ने उच्च न्यायालय में याचिका लगाई। याचिका में उच्च न्यायालय ने आदेश पारित कर निर्देश दिया है कि शासकीय दो व्यक्तियों द्वारा संस्था के नियम अनुसार चुनाव कराए एवं संस्था के दस्तावेजों की निष्पक्ष जांच करे। इसको लेकर राजनीति गर्म हो गई है। हाई कोर्ट के आदेश की प्रति मध्य प्रदेश शासन के अधिकारियों को पहुंचा दिया गया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से जनपद सदस्य की मौत

**औबेदुल्लागंज।** जनपद सदस्य अनूप कुमार भल्लाबी ग्राम कर्मोदा की सहड़ हादसे में मौत हो गई। बताया गया कि तेज रफ्तार किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मारी है। यह घटना शुक्रवार सुबह की है। इसकी सूचना जैसे ही विधायक सुरेंद्र पटवा को लगी तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। जनपद सदस्य अनूप भल्लावी के निधन की खबर लगते ही एकलबाड़ा सरपंच सहित सैकड़ों ग्रामवासी घटना स्थल पर पहुंचे और मृतक को औबेदुल्लागंज अस्पताल पहुंचाया। वहां उनका पीएम किया गया। विधायक सुरेंद्र पटवा, जनपद उपाध्यक्ष सरदार सिंह, जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, रूपेश चौहान, धर्म सिंह मीणा, सचिव संघ के नेता महेंद्र चौहान अन्य लोगों ने श्रद्धांजलि दी।



### छोला मंदिर पुलिस प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी

# एक बच्चे की मां से दुष्कर्म, चार साल तक किया दैहिक शोषण अरोपी की प्रताड़ना से परेशान होकर रहने लगी थी अलग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर युवक के खिलाफ दुष्कर्म और दैहिक शोषण की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। महिला का आरोप है कि फेसबुक पर उसकी आरोपी से दोस्ती हुई थी। चेटिंग के दौरान नजदीकियां बढ़ गई और वह लिव इन रिलेशन में उसके साथ रहने लगी। आरोपी गौतम नगर थाना क्षेत्र में मर्डर केस से छूटकर आया और प्रताड़ित करने लगा। उसकी प्रताड़ना से परेशान होकर वह अलग रहने लगी थी।

पुलिस के अनुसार 24 साल की महिला शादीशुदा है और एक बच्चे की मां है। पहले पति से उसका तलाक का केस चल रहा है। कोर्ट के आदेश के बाद पति उसे रहने खाने का खर्चा दे रहा है। करीब चार साल पहले उसकी फेसबुक पर फैजान खान से दोस्ती हो गई। फैजान खान ने उसे शादी का प्रलोभन दिया और लिव इन रिलेशन में रहने लगा। गत वर्ष फैजान खान को गौतम नगर पुलिस ने मर्डर केस गिरफ्तार हो गया। उसे जेल भेज दिया गया। आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने के कारण महिला ने उससे किनारा कर लिया। यह बात फैजान खान को बुरी लगी। दिसंबर में ही वह जेल से छूटकर आया और महिला को प्रताड़ित करने लगा। वह महिला के भाई को जान से मारने की धमकी देकर फिर दैहिक शोषण करने लगा था।

### शादी का झांसा देकर युवती का किया शारीरिक शोषण

**भोपाल।** गोविंदपुरा पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर युवक के खिलाफ शारीरिक शोषण करने और जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने का मामला दर्ज किया है। इस मामले में आरोपी युवक के भाई और उसके एक दोस्त को भी सहआरोपी बनाया गया है। तीनों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार अवधपुरी इलाके में रहने वाली 22 वर्षीय युवती कॉलेज में पढ़ती है। उसी कॉलेज में पढ़ने वाले सीनियर छात्र के साथ उसकी दोस्ती थी। दोनों एक साथ घूमने फिरने भी जाने लगे थे। करीब एक साल पहले दोनों गोविंदपुरा स्पोर्ट्स काम्पलेक्स के पीछ जंगल एरिया में घूमने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान युवक ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने जब इसका विरोध किया तो उसने जल्द ही शादी करने का वायदा कर लिया। उसके बाद करीब एक साल तक वह उसका शारीरिक शोषण करता रहा। पिछले दिनों युवती ने जब शादी के लिए दबाव बनाया तो युवक ने शादी करने से साफ इंकार कर दिया। पीड़िता ने जब रिपोर्ट कराने की धमकी दी तो युवक के भाई और दोस्त ने उसके साथ मारपीट करते हुए जाति से अपमानित किया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

# बिल्डर से मारपीट, राजस्व विभाग की टीम को बंधक बनाने वाले तलाश जारी

## छह महिलाओं को नोटिस देकर छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित संत आसाराम आश्रम में गुरुवार दोपहर बिल्डर को बंधक बनाकर मारपीट करने और उनकी मर्सिडीज कार में तोड़फोड़ करने वाले आरोपियों की पहचान पुलिस वीडियो के आधार पर कर रही है। पुलिस ने छह महिलाओं को वीडियो के आधार पर थाने बुलाया था। धारा जमानती होने के कारण उन्हें नोटिस देकर छोड़ दिया गया। पुलिस का कहना है कि अन्य आरोपियों की पहचान वीडियो से की जा रही है। पुलिस ने बिल्डर नमन अग्रवाल की शिकायत पर सीताराम राघव, नरेंद्र, प्रदीप हिमांशू, अक्षय व अन्य आरोपियों के खिलाफ रास्ता रोकने बंधक बनाकर मारपीट करने और गाड़ी में तोड़फोड़ करने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। राजस्व निरीक्षक प्रदीप यादव की शिकायत पर प्रदीप राघव और उसके साथियों के खिलाफ रास्ता रोकने बंधक बनाने और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

### बिल्डर नमन अग्रवाल ने बताया जान को खतरा

बिल्डर नमन अग्रवाल ने बताया कि आसाराम नगर आश्रम से उनकी जमीन लगी हुई है। बिल्डर नमन अग्रवाल ने बताया कि उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई है। इसका वीडियो भी उनके पास है। उन्होंने अपनी जान को खतरा बताया है।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन नोहलेश्वर महोत्सव मेले के अवसर पर आयोजित किसान सम्मेलन में हुए शामिल

# नोहटा को बनाया जाएगा नगर परिषद दमोह में 2 करोड़ से बनेगा गीता भवन

- 600 करोड़ रुपए की नई सिंचाई परियोजना से खेत होंगे सिंचित, 33 गांवों को मिलेगा लाभ
- तेंदूखेड़ा और हटा में बनेंगे नए स्टेडियम
- नोहलेश्वर महोत्सव आस्था के साथ संस्कृति, परम्परा और सामाजिक समरसता का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नोहलेश्वर महादेव की महिमा ऐसी है जो यहां एक बार आता है, उसका मन बार-बार यहां आने को करता है। कृपावंत, कृपाशंकर भगवान नोहलेश्वर महादेव के आशीर्वाद से हम प्रदेश के विकास और जनकल्याण के लिए पूरी ऊर्जा और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

नोहलेश्वर महोत्सव आस्था ही नहीं, स्थानीय संस्कृति, परम्परा और सामाजिक समरसता का भी उत्सव है। हमारी सरकार आस्था के स्थलों के संरक्षण और पर्यटन विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को दमोह जिले के ग्राम नोहटा में नोहलेश्वर महोत्सव मेले के अवसर पर आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने नोहलेश्वर मंदिर परिसर और मेला परिसर में विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई विकास प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का महोत्सव मेले में हल भेंट कर अभिनंदन किया गया।



युवक को प्रशस्ति-पत्र प्रदान करते सीएम।

**नगर परिषद बनाने की घोषणा की**

*मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय जनता की मांग पर नोहटा को परीक्षण के उपरांत नगर परिषद बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि दमोह में 2 करोड़ रुपए की लागत से गीता भवन का निर्माण किया जाएगा। दमोह जिले में बांदकपुर-सेमरखो जलाशय की क्षमता में वृद्धि कर 600 करोड़ रुपए की नई सिंचाई परियोजना विकसित की जाएगी। इससे 33 गांवों के खेतों को सिंचाई के लिए भरपूर पानी मिलेगा।*

### दमोह के तेंदूखेड़ा में 165 करोड़ की नई योजना को स्वीकृति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार दमोह के साथ पूरे बुंदेलखंड के विकास के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। दमोह के तेंदूखेड़ा में 165 करोड़ की नई योजना को स्वीकृति दी गई है। दमोह के लिए नया फोर लेन भी मंजूर किया गया है। दमोह में 10 करोड़ रुपए की लागत से वाटर स्पोर्ट्स, बोट क्लब सहित अन्य पर्यटन गतिविधियों का विकास किया जाएगा। तेंदूखेड़ा और हटा में खेल गतिविधियों के प्रोत्साहन के लिए नए स्टेडियम बनाए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर का अभिनंदन भी किया।

### नोहलेश्वर मंदिर 1100 साल से अधिक प्राचीन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नोहटा का नोहलेश्वर मंदिर 1100 साल से अधिक प्राचीन है, जिसे कलचुरी साम्राज्य में महारानी नोहला ने बनवाया था। नोहलेश्वर महोत्सव के आयोजन से इस क्षेत्र के पर्यटन को नई ऊर्जा मिल रही है। संस्कृति, पर्यटन एवं धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि मप्र ने ऊर्जा के क्षेत्र में प्रगति करते हुए आज 26 हजार मेगावॉट से अधिक बिजली उपलब्धता सुनिश्चित की है। मध्यप्रदेश में किसानों को ब्याज रहित ऋण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री 'मैन ऑफ आइडियाज' हैं।

## खबर संक्षेप

### वन अमले पर हमला दर्ज नहीं हुआ मामला

**भोपाल।** शहडोल दक्षिण वन मंडल के डीएफओ, रेंजर एवं वन कर्मचारियों पर 12 फरवरी को वन भूमि पर कोल खनन करने वाले माफिया ने जानलेवा हमला कर दिया था। कोल खनन माफिया के हमले में कर्मचारी और अधिकारी गंभीर रूप से घायल हुए हैं, लेकिन पुलिस ने अभी तक प्रकरण दर्ज नहीं किया है। वन कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर कोल खनन माफिया पर अपराध दर्ज कर रासुका लगाने के साथ एसआईटी गठित कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। मंच ने अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि यदि जल्द ही एसआईटी गठित कर जांच करने एवं आरोपियों पर रासुका लगाने की कार्रवाई नहीं की तो मप्र वन कर्मचारी मंच आंदोलन करेगा।

### 3 दिनी एडवांस्ड पंचकर्म थैरेप्यूटिक वर्कशॉप 19 से

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में आयुर्वेद पद्धती को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से एडवांस्ड पंचकर्म थैरेप्यूटिक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान के प्राचार्य डॉ. उमेश शुक्ला ने बताया कि यह कार्यशाला 19, 20 और 21 फरवरी को पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान में आयोजित होगी। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पंचकर्म की आधुनिक और उन्नत चिकित्सा पद्धतियों की जानकारी, प्रशिक्षण से रोगियों को लाभ पहुंचाना है।

### जनगणना से ही समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की रणनीति होती है तय

# कलेक्टर-कमिश्नर्स समय-सीमा में पूर्ण करें जनगणना कार्य, मजरों-टोलों का भी किया जाए आंकलन: सीएम

## जनगणना 2027 के प्रथम चरण के राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जनगणना देश की सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण डेटा प्रक्रिया है। जनगणना के आधार पर सरकार की योजनाएं बनती हैं, संसाधनों का वितरण तय होता है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की रणनीति तैयार होती है। आज भारत विश्व का सर्वाधिक आबादी वाला राष्ट्र है। यह जनगणना केवल राष्ट्रीय नहीं, बल्कि वैश्विक महत्व की भी है। उन्होंने कहा कि जनगणना का कार्य केवल प्रशासनिक प्रक्रिया तक सीमित नहीं है बल्कि यह भारत के भविष्य की दिशा तय करने वाला सबसे व्यापक और निर्णायक अभियान है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव जनगणना-2027 के प्रथम चरण के लिए आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सत्र में मुख्य सचिव अनुराग जैन, रजिस्ट्रॉर जनरल तथा जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) नीरज मंडलोई, गृह शिवशेखर शुक्ला मौजूद थे। सम्मेलन में प्रदेश के सभी संभागायुक्त, कलेक्टर्स, नगर निगम आयुक्त तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारी सम्मिलित हुए।





जनगणना-2027 के प्रथम चरण के लिए आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सम्मेलन को संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

### डिजिटल जनगणना कराने का ऐतिहासिक फैसला लिया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने डिजिटल जनगणना कराने का ऐतिहासिक फैसला लिया है। देश में आखिरी बार वर्ष 1931 में सामाजिक स्तर की जनगणना की गई थी। उन्होंने जनगणना की प्रक्रिया में गांवों, मजरों-टोलों के साथ-साथ बेचिराग गांवों की स्थिति के आंकलन की व्यवस्था करने की भी आवश्यकता बताई। जनगणना केवल संख्या गिनने की प्रक्रिया नहीं है, यह राज्य की संवेदनशीलता, प्रशासन की विश्वसनीयता, प्रतिबद्धता और शासन की पारदर्शिता की परीक्षा है।

### प्रदेश के अलग-अलग अंचलों की चुनौतियां भिन्न हैः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के अलग-अलग अंचलों की चुनौतियां भिन्न हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष रणनीति अपनाते हुए समयबद्ध रूप से जनगणना की जिम्मेदारियों का निर्वहन किया जाए। इस पूरी प्रक्रिया की सफलता का केन्द्र मैदानी प्रशासनिक अधिकारी हैं। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर्स और कमिश्नर्स से जनगणना कार्य को रणनीतिक नेतृत्व प्रदान करते हुए जनगणना के सभी उद्देश्यों की समय सीमा में पूर्ति करने का आह्वान किया। उन्होंने सम्मेलन में उपस्थित प्रदेश के सभी कमिश्नर-कलेक्टरों से कहा कि मप्र विधानसभा का बजट सत्र 16 फरवरी से शुरू होकर 6 मार्च तक चलेगा। उन्होंने महाशिवरात्रि और होली जैसे त्यौहारों के दृष्टिगत शांति समितियों के साथ बैठक कर अन्य आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने में जन भावनाओं का विशेष ध्यान रखा जाए।

### अपने अनुभवों का समृद्ध करने का श्रेष्ठ अवसर

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि चुनाव और जनगणना को प्रशासनिक व्यवस्था का सबसे कठिन कार्य माना जाता है। देश में हर 10 साल में जनगणना होती है। मप्र में करीब 1 लाख 27 हजार मजरे-टोले हैं, यदि मकानों की गणना के पत्रक में एक कॉलम मजरे टोले का रखा जाए, तो इससे राज्य सरकार को भविष्य की योजना बनाने में मदद मिलेगी।

### विकास कार्यों का करेंगे भूमिपूजन एवं लोकार्पण

## मुख्यमंत्री आज पंधाना से करेंगे लाड़ली बहनों के खातों में राशि अंतरित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को खंडवा जिले के पंधाना से 14 फरवरी शनिवार को प्रदेश की 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1836 करोड़ रुपए अंतरित करेंगे।

योजना में अब तक लाड़ली बहनों को 52,304 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव 255 करोड़ रूपए लागत के विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं 354 करोड़ रुपए 11 विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। विशिष्ठ रूप से मुख्यमंत्री 252 करोड़ रूपए लागत से निर्मित होने वाली खण्डवा नगर निगम की सीवरेज परियोजना, 2.90 करोड़ रूपए लागत से निर्मित होने वाले पंधाना बस स्टैण्ड, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स एवं रैन बसेरा के निर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे।

### जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं

*आयुक्त जनगणना मृत्युंजय कुमार नारायण ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि संवैधानिक दायित्व और राष्ट्र की प्रगति का मजबूत आधार स्तंभ है। विधानसभा और लोकसभा के क्षेत्रों का निर्धारण जनसंख्या के आधार पर होता है, यह तथ्य बताता है कि हमारी प्रजातांत्रिक व्यवस्था के केंद्र में जनगणना है। इन आंकड़ों का व्यापक उपयोग नीति निर्धारण और योजनाओं के क्रियान्वयन में किया जाता है।*

### आज से भोपाल-ग्वालियर प्रवास पर केरल के जनप्रतिनिधि, सीएम से भी मिलेंगे

## भाजपा फॉर विकसित केरलम के तहत आएंगे केरल के निकायों के जनप्रतिनिधि, मप्र के विकास से होंगे परिचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केरल की राजनीति में अपनी जमीन मजबूत करने की कोशिशों के बीच भारतीय जनता पार्टी ने 'भाजपा फॉर विकसित केरलम' कार्यक्रम के तहत एक अहम रणनीतिक कदम उठाया है। 14 और 15 फरवरी को केरल के निकायों के जनप्रतिनिधियों का प्रतिनिधिमंडल भोपाल और ग्वालियर के दौरे पर रहेगा। यह प्रवास केवल शहरी विकास योजनाओं का अध्ययन भर नहीं, बल्कि दक्षिण भारत के इस महत्वपूर्ण राज्य में राजनीतिक विस्तार की दृष्टि से भाजपा की दीर्घकालिक योजना का हिस्सा माना जा रहा है।

भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं प्रतिनिधिमंडल से संवाद करेंगे, जबकि ग्वालियर में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर मुलाकात करेंगे। 15 फरवरी को राज्यपाल मंगुभाई पटेल से भी प्रतिनिधियों की भेंट प्रस्तावित है। इन उच्चस्तरीय मुलाकातों को भाजपा संगठन राजनीतिक संदेश के रूप में देख रहा है कि पार्टी शासित राज्यों के 'गवर्नेंस मॉडल' को राष्ट्रीय स्तर पर साझा कर एक वैकल्पिक विकास नैरेटिव गढ़ना चाहती है। दरअसल, केरल में लंबे समय से वामपंथी दलों और कांग्रेस के बीच सीधी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा रही है। भाजपा अब स्थानीय निकाय स्तर से अपनी उपस्थिति मजबूत कर राज्य की मुख्यधारा की राजनीति में निर्णायक भूमिका पाने की रणनीति पर काम कर रही है। मध्यप्रदेश के स्मार्ट सिटी कमांड सेंटर, मेट्रो परियोजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, रिवरफ्रंट और झील पुनर्जीवन जैसे प्रोजेक्ट्स का अवलोकन कराना इसी राजनीतिक ब्रांडिंग का हिस्सा माना जा रहा है। पार्टी यह संदेश देना चाहती है कि 'डबल इंजन सरकार' के तहत विकास योजनाओं का क्रियान्वयन तेज और प्रभावी होता है।

### साउथ की तैयार होगी रणनीति, चुनाव से पहले भाजपा की बड़ी प्लानिंग

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, भाजपा दक्षिण भारत में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए 'मॉडल स्टेट एक्सचेंज' की रणनीति पर काम कर रही है। कर्नाटक में सत्ता अनुभव के बाद अब केरल और तमिलनाडु में संगठनात्मक विस्तार पर ध्यान दिया जा रहा है। केरल के जनप्रतिनिधियों को मध्यप्रदेश के नगरीय विकास ढांचे से परिचित कराना भविष्य में स्थानीय स्तर पर भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधियों की संख्या बढ़ाने की तैयारी हो सकती है। ग्वालियर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के निवास पर पुष्पांजलि कार्यक्रम और ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण भी राजनीतिक-सांस्कृतिक जुड़ाव का संकेत देता है। यह दौरा प्रशासनिक अध्ययन यात्रा नहीं, बल्कि केरल में भाजपा के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण और विकास आधारित विमर्श को मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।

### छिंदवाड़ा सहित 4 जिलों की कांग्रेस कार्यकारिणी हुई होल्ड

## एआईसीसी ने तय की जिला पदाधिकारियों की संख्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी और जिले की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की संख्या को लेकर अक्सर सवाल उठते रहे हैं। अब जीतू पटवारी के निर्देश पर बनाई गई छिंदवाड़ा, मऊगंज, झाबुआ और सागर जिला कांग्रेस कमेटियों पर एआईसीसी ने आपत्ति लेते हुए कार्यकारिणी होल्ड कर दी हैं। एमपी कांग्रेस के संगठन प्रभारी डॉ. संजय कामले ने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी कैंसिल नहीं हुई है।

एआईसीसी ने जिला पदाधिकारियों की संख्या तय कर दी है। प्रदेश में जिला कांग्रेस कमेटी गठित होंगी। जिन जिलों की कार्यकारिणी घोषित हो गई थी, उन्हें रिप्लेस किया जाएगा।

### कितने जिला पदाधिकारी होंगे

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी पत्र के साथ एक फॉर्मेट के अनुसार, जिला कार्यकारिणी का गठन दो श्रेणियों (31 सदस्यीय और 51 सदस्यीय) में किया गया है। इसमें यह कहा गया है कि जिला कार्यकारिणी की (31/51) की संख्या के अतिरिक्त 50% पद विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल रहेंगे। जैसे 50 पदाधिकारी बनेंगे तो उनका 50% यानी 25 होता है तो 25 सदस्य पदाधिकारियों के अलावा गिने जाएंगे, यानी जिला पदाधिकारियों और सदस्यों को मिलाकर 75 संख्या रहेगी।

### 32 कार्यों का लोकार्पण और 48 कार्यों का होगा भूमिपूजन

## मुख्यमंत्री आज बुरहानपुर को देंगे 696.37 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात

**शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ होगा वितरण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 14 फरवरी को बुरहानपुर जिले को 696 करोड़ 37 लाख रुपए की लागत के विकास कार्यों की सौगात देंगे। नेहरू स्टेडियम, बुरहानपुर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शासकीय योजनाओं में हितग्राहियों को हितलाभ वितरण भी करेंगे।

कार्यक्रम स्थल पर कृषि, उद्यानिकी एवं अन्य विभागों की ओर से विकास प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें शासन की योजनाओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 334 करोड़ 22 लाख रुपए की लागत से पूर्ण हुए 32 विकास कार्यों का लोकार्पण और 362 करोड़ 15 लाख रुपए की लागत के 48 नवीन कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। इन विकास कार्यों में अधोसंरचना, जनसुविधा, कृषि एवं अन्य विभागों से संबंधित परियोजनाएँ शामिल हैं, जो जिले के समग्र विकास को नई गति प्रदान करेंगी। कार्यक्रम के पहले मुख्यमंत्री रोड-शो में भी शामिल होंगे।

### नरेला, उत्तर, दक्षिण-पश्चिम और मध्य में सौ फीसदी काम

## एक दिन पहले स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन का काम हुआ पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की नरेला, उत्तर, दक्षिण पश्चिम और मध्य विधानसभा में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) का काम पूरा कर लिया है, जबकि हुजूर और बैरसिया और गोविंदपुरा में भी 99.99 प्रतिशत काम कंपलीट हो गया है।

शेष विधानसभाओं में भी 99 फीसदी से अधिक काम हो गया है। हालांकि 118 लोगों की सुनवाई बाकी है। जिससे 16 लाख 86 हजार 915 मतदाताओ के नाम फाइनल कर लिए गए हैं। चार नवंबर से शुरु हुए एसआईआर का काम भोपाल में लगभग पूरा हो गया है। 21 फरवरी को एसआईआर की फाइनल वोटर लिस्ट जारी होगी। उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता का कहना है कि सभी विस में काम लगभग पूरा कर लिया गया है। अब फाइनल वोटर लिस्ट के प्रकाशन की तैयारी चल रही है।

एसआईआर के दौरान जिले के सवा दो लाख मतदाताओं के नाम और पते में गड़बड़ी को लेकर नोटिस जारी कर दिए।

### वाहनों की एंट्री और मूवमेंट पर सख्त नियंत्रण रखा जाएगा

## विधायकों के साथ केवल एक निज सहायक और एक वाहन चालक को ही विधानसभा में दिया जाएगा प्रवेश

# बजट सत्र में हाई अलर्टः सालाना पार्किंग पास अनिवार्य अंगरक्षकों की एंट्री बंद और विधानसभा किले में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार से शुरू हो रहे मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र को लेकर इस बार अभूतपूर्व सुरक्षा और प्रशासनिक सख्ती देखने को मिलेगी। मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय ने व्यवस्थाओं में बड़ा बदलाव करते हुए विधायकों के वाहनों के लिए साल में एक बार जारी होने वाला पार्किंग पास अनिवार्य कर दिया है। अब प्रत्येक सत्र में अलग से पास बनवाने की जरूरत नहीं होगी, बल्कि एक वर्ष के लिए वैध पास जारी किया जाएगा। विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा के निर्देश पर यह नई व्यवस्था लागू की गई है। सचिवालय का कहना है कि इससे न केवल



प्रक्रिया सरल होगी, बल्कि सुरक्षा निगरानी भी अधिक प्रभावी हो सकेगी। पार्किंग व्यवस्था में आंशिक बदलाव करते हुए वाहनों की एंट्री और मूवमेंट पर सख्त नियंत्रण रखा जाएगा। विधानसभा परिसर को लगभग किले जैसी सुरक्षा व्यवस्था में तब्दील कर दिया गया है, ताकि सत्र निर्विघ्न और व्यवस्थित तरीके से चल सके।

### अंगरक्षकों की एंट्री पर पूर्ण प्रतिबंध

सुरक्षा कारणों से इस बार मंत्रियों और विधायकों के अंगरक्षकों को विधानसभा भवन में प्रवेश नहीं मिलेगा। उन्हें केवल पार्किंग स्थल स्थित द्वार क्रमांक तीन तक ही अनुमति होगी। भवन और सदन की लॉबी में उनका प्रवेश पूरी तरह वर्जित रहेगा। यह कदम सुरक्षा एजेंसियों की सलाह पर उठाया गया है। विधायकों के साथ केवल एक निज सहायक और एक वाहन चालक को ही वैध प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा। यहां तक कि किसी गैर-अधिकृत व्यक्ति को वाहन में बैठाकर भी परिसर में लाने पर रोक रहेगी।

### दर्शक दीर्घा में सीमित प्रवेश

दर्शक दीर्घा में भी सख्ती बरती जाएगी। विधायकों की अनुशंसा पर सीमित संख्या में ही दर्शकों को प्रवेश मिलेगा। प्रत्येक व्यक्ति को अधिकतम एक घंटे के लिए अनुमति दी जाएगी, जिसे सदस्य अपनी सुविधा के अनुसार अलग-अलग समय स्लॉट में तय कर सकेंगे। परिसर में प्रवेश के लिए दो व्यक्तियों को ही परिसर प्रवेश पत्र दिया जाएगा।

### विधायकों के लिए एसी बस सुविधा

*सत्र 16 फरवरी से 6 मार्च तक चलेगा। इस दौरान विधायक विश्राम गृह से विधानसभा भवन तक आने-जाने के लिए दो वातानुकूलित मिनी बसों की व्यवस्था की गई है। सुबह सवा दस और पौने ग्यारह बजे बसें उपलब्ध रहेंगी, वहीं दोपहर ढाई बजे और पौने तीन बजे भी संचालन होगा। सत्र के मध्यांतर और सभा समाप्ति के समय भी बसें उपलब्ध रहेंगी। बसें निर्धारित अंतराल पर लगातार संचालित होंगी। सहायकों के लिए द्वार क्रमांक एक और तीन के पास शेड में प्रतीक्षा व्यवस्था की गई है। किसी भी असुविधा की स्थिति में प्रशासकीय अधिकारी हरीश श्रीवास्तव को जिम्मेदारी सौंपी गई है।*

## पेज एक का शेष...

### अगली बार तीन...

उनमें से जो रोजगार चाहते हों, उनकी एक सूची बनाएं, राज्य सरकार उन्हें रोजगार-धंधे से जोड़ने के लिए पूरी मदद करेगी। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ यादव ने धीरेंद्र शास्त्री के साथ मंडप पूजन और हल्दी रस्म में हिस्सा लिया। शास्त्री ने उन्हें हल्दी भी लगाई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलनों का यह भी फायदा होता है कि इससे फिजूलखर्ची नहीं होती। उन्होंने सभी से यह संकल्प लेने का आग्रह किया कि वे मौत, मैय्यत और शादी विवाद में फिजूलखर्ची से बचेंगे। सामूहिक कन्या विवाह महोत्सव के दौरान कथावाचक पं रमेश भाई ओझा ने धाम में सनातन वैदिक गुरुकुलम का शुभारंभ किया। यहां पहले वर्ष में 31 बच्चों को वैदिक कर्मकांड की शिक्षा दी जाएगी। बनारस के चार विद्वान आचार्य गुरुकुल में रहकर शिक्षण कार्य करेंगे। कार्यक्रम में कई संत-महात्मा और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### धीरेंद्र शास्त्री ने ...

301 जोड़ों के नाम पर 30-30 हजार रुपए की एफडी कराई जा रही है। यह संयुक्त एफडी नवदंपती की आर्थिक स्थिति कमजोर होने पर मदद करेगी। हर जोड़े को दो-दो ट्रक सामान भी दिया जा रहा है। इस आयोजन की सबसे खास बात यह है कि इसमें न केवल मध्यप्रदेश, बल्कि उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार और पड़ोसी देश नेपाल तक की गरीब परिवारों की बेटियों का चयन किया गया है

### अब 'सेवा तीर्थ'...

पूरी तरह हाईटेक सुविधाओं से लैस है। साउथ ब्लॉक स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय 80 साल से सत्ता का केंद्र रहा है। साउथ ब्लॉक के प्रधानमंत्री कार्यालय में कैबिनेट की पहली बैठक 15 अगस्त, साल 1947 में हुई थी, तब इस बैठक की अध्यक्षता भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने की थी। मोदी ने पीएम कार्यालय के नए पते सेवा तीर्थ से देश को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक जैसी इमारतें, जो ब्रिटिश सोच की हुकूमत को लागू करने के लिए बनी थीं, वहीं सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन जैसे परिसर भारत की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बने हैं। उन्होंने कहा कि यहां से जो फैसले होंगे, वे किसी महाराजा की सोच को नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों की अपेक्षाओं को आगे बढ़ाने का आधार बनेंगे। शाम को आयोजित समारोह में पीएम मोदी ने 'सेवा तीर्थ' परिसर में पट्टिका का अनावरण कर कर्तव्य भवन 1 एवं 2 का औपचारिक उद्घाटन किया। इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट और स्मारक सिक्का भी जारी किया गया। साथ ही, एक महत्वपूर्ण निर्णय के तहत उद्योग भवन मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर अब 'सेवा तीर्थ' कर दिया गया है।

### क्लासमेट के कमरे ...

बाद से आरोपी युवक फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। छात्रा 10 फरवरी से लापता थी। उस दिन वह आधार कार्ड में सुधार करवाने की बात कहकर अपने पिता के साथ घर से निकली थी। पिता ने उसे कलेक्टोरेट के पास छोड़ा था। वहां से छात्रा ने अपनी छोटी बहन को फोन कर बताया कि वह अपने क्लासमेट पीयूष के साथ एक जन्मदिन की पार्टी में जा रही है और रात 11 बजे तक घर लौट आएगी। इसके बाद छात्रा घर नहीं लौटी। देर रात तक जब वह वापस नहीं आई तो परिवार चिंतित हो गया। उसका मोबाइल फोन भी बंद हो गया था।

### कॉलेज के ग्रुप ....

अगले दिन कॉलेज प्रबंधन ने वीडियो हटाकर छात्रा के पिता को बुलाया और जानकारी दी कि दोनों के मोबाइल फोन बंद हैं। इसके बाद परिजन थाने पहुंचे और गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

### करीब एक लाख ...

धर्मशालाएं पूरी तरह हाउसफुल हो चुकी हैं। इधर, विठ्ठलेश सेवा समिति ने श्रद्धालुओं की सेवा के लिए 1200 से अधिक सेवादारों को मैदान में उतारा है। विशेष रूप से महाराष्ट्र के मालेगांव, नासिक और जलगांव से श्री शिवाय नमस्तुभ्यं सेवाभावी संस्था के 500 से अधिक सदस्य अपने खर्च पर सीहोर पहुंचे हैं। ये स्वयंसेवक एक निर्धारित ड्रेस कोड में रहकर अनुशासन के साथ भीड़ नियंत्रण और सेवा कार्य संभालेंगे। इसके अलावा अखंड हिंद फौज के बालक-बालिकाएं भी तैनात रहेंगे।

### एमजी रोड थाने ....

जांच कर रही है और दस्तावेजों की सत्यता परखने के लिए वर्मा के हस्ताक्षर के नमूने चाहती थी। वर्मा के वकील ने दलील दी कि उनके मुवक्किल को बेवजह फंसाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी के समय हस्ताक्षर लिए गए थे। वहीं शासन की ओर से बताया गया कि वे दस्तावेज फिलहाल हाई कोर्ट की जांच प्रक्रिया में हैं, इसलिए नए सिरे से हस्ताक्षर नमूने आवश्यक हैं। अपर लोक अभियोजक योगेश जायसवाल के मुताबिक वर्मा के खिलाफ लसूड़िया थाने में दर्ज धोखाधड़ी प्रकरण में निलंबित अपर सत्र न्यायाधीश विजयेंद्र रावत की कोर्ट से दो अलग-अलग फैसले सामने आए थे। एक फैसले में वर्मा को दोषमुक्त बताया गया, जिसे उन्होंने अपने प्रमोशन के लिए प्रस्तुत किया। दूसरे फैसले में आपसी सहमति से राजीनामा होने की बात दर्ज थी। दो भिन्न आदेश सामने आने के बाद स्वयं एडीजे रावत ने एमजी रोड थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। मामला उजागर होने के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया।

### 30 फीट गहरे...

खत्म हो जाती है। इसी सड़क पर रात के अंधरे में तेज रफ्तार कार चल रही थी और अचानक से रास्ता खत्म हो गया और कार सीधे तालाब में जा गिरी। हादसे में 35 वर्षीय राजेश लोधी, 30 वर्षीय सोनू लोधी (ड्राइवर) और 35 वर्षीय चंद्रशेखर की मौत हो गई। घायलों में अशोक लोधी (25) का हाथ फ्रैक्चर हुआ है, जबकि राज बोधी (14) के पेट में गंभीर चोट आई है। बृजेश लोधी (27) और सुदीप लोधी (20) को सीने में चोटें लगी हैं। 45 वर्षीय भावसिंह लोधी, 10 वर्षीय ऋतुराज लोधी सहित तीन घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को भोपाल रेफर किया गया। हादसे की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और निजी वाहनों से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सागर में राई की धुन...

बेटा था। पुलिस के मुताबिक मोतीनगर स्थित सागर सरोज मैरिज गार्डन में सोनी परिवार का विवाह समारोह चल रहा था। बारात गोला कुआं से गार्डन की ओर बढ़ रही थी। बैंड पार्टी सबसे आगे चल रही थी। दो युवक राई बजाने को लेकर बैंड वालों से उलझ रहे थे। दूसरा युवक फरार है। इसके साथ ही ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। प्रशासन ने परिजनों को सहायता के रूप में 50 हजार रुपए दिए गए।

### आज पीएम पद ....

बनना तय माना जा रहा है। तारिक रहमान शनिवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीत हासिल की है। तारिक रहमान की जीत पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि मेरे भाई तारिक, उनकी टीम और बाकी सभी को बधाई। बांग्लादेश में 35 साल बाद कोई पुरुष प्रधानमंत्री बनेगा। 1988 में काजी जफर अहमद प्रधानमंत्री बने थे। इसके बाद 1991 से 2024 तक देश की राजनीति में पूर्व पीएम शेख हसीना और खालिदा जिया का दबदबा रहा। ये दोनों ही प्रधानमंत्री बनती रहीं।

### दोनों देशों की ...

*दिया। दो करीबी पड़ोसियों के तौर पर, जिनके ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रिश्ते बहुत गहरे हैं, मैंने दोनों देशों के लोगों की शांति, तरक्की और खुशहाली के लिए भारत के लगातार कमिटमेंट को फिर से पक्का किया।*

---

## मप्र ने जीती दिव्यांग चैलेंजर ट्रॉफी 2026, जम्मू-कश्मीर को 2 विकेट से हराया

### 44 गेंदों में 116 रन की रिकॉर्ड साझेदारी से फाइनल किया अपने नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिहार क्रिकेट डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 11 एवं 12 फरवरी को ऊर्जा स्टेडियम, पटना में दिव्यांग चैलेंजर ट्रॉफी 2026 का आयोजन हुआ। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बिहार, जम्मू-कश्मीर एवं मध्य प्रदेश की टीमों ने सहभागिता की।

फाइनल मुकाबले में मप्र ने जम्मू-कश्मीर को 2 विकेट से पराजित कर विजय दर्ज की। जम्मू-कश्मीर ने निर्धारित 20 ओवर में 200 रन बनाकर 3 विकेट खोए, जिससे मप्र के सामने 201 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा गया। मप्र की टीम ने दबाव की स्थिति में भी आत्मविश्वास बनाए रखा। मैच का निर्णायक क्षण तब आया जब संजय साकेत एवं लकी कडारिया ने मात्र 44 गेंदों में 116 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी कर मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। मप्र ने मात्र 18 ओवर में 202 रन बनाकर लक्ष्य हासिल करते हुए ट्रॉफी अपने नाम कर ली। इस जीत में कप्तान माखन सिंह राजपूत की सूझबूझ भरी कप्तानी, अंकित सिंह के अनुभव तथा पूरी टीम के सामूहिक प्रयास की महत्वपूर्ण भूमिका रही। लकी कडारिया को 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया। शानदार विकेट कीपिंग, सटीक कैच एवं स्टंपिंग के लिए मप्र के वेदांत गुप्ता को सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर का , जबकि संजय साकेत को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



ट्रॉफी के साथ मप्र की विजेता टीम



ट्रॉफी के साथ भोपाल के वेदांत गुप्ता।

पूरे टूर्नामेंट में मप्र के हरफनमौला खिलाड़ी अंकित सिंह बघेल ने 130 रन बनाए एवं 9 विकेट हासिल किए। उन्हें मैन ऑफ द सीरीज़, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज तथा दो बार मैन ऑफ द मैच के पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

---

## तवा फेंक में चचाई, दौड़ में सारणी भाला फेंक में जबलपुर विजयी

### दो दिवसीय 47वीं अंतर क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता संपन्न



ट्रॉफी के साथ एथलेटिक्स की विजेता टीमें।

हरिभूमि न्यूज भोपाल

एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद् द्वारा आयोजित अंतरक्षेत्रीय खेल प्रतियोगिताओं की मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की मेजबानी में सीआईएसएफ मैदान बीएचईएल में आयोजित 47वीं अंतरक्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को हुआ। दो दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के अंतर्गत 400 मीटर दौड़ में संजय लाल बैगा चचाई एवं तवा फेंक प्रतियोगिता में सुभाष चचाई ने खिताब जीता। भाला फेंक प्रतियोगिता में जबलपुर के लोकसिंह नरते तथा 100 मीटर दौड़ में सारणी के धर्मेंद्र खरे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में विजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

### ये रहे आज के विजेता



प्रतियोगिता में जबलपुर, उज्जैन, जबलपुर सेंट्रल, ग्वालियर, भोपाल, सिरमौर, इंदौर, सारणी, सागर, तथा सिंगाजी की टीमों ने भाग लिया। भाला फेंक में प्रथम स्थान पर लोकसिंह नरते, द्वितीय रोहित दुबे और तथा तृतीय नीरज चौरसिया रहे। 400 मीटर की लंबी दौड़ में प्रथम संजय लाल बैगा, द्वितीय पर भूरिया ओसारे और तृतीय स्थान पर शुभम भलावे रहे। तवा फेंक में प्रथम स्थान पर सुभाष, द्वितीय पर विनोद राजपूत और तृतीय स्थान दिनेश उइके तथा 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर धर्मेंद्र खेर, द्वितीय स्थान पर सूर्या बैगा और तृतीय स्थान पर प्यार सिंह पवार रहे।

---

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**
**प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 महाराणा प्रताप नगर भोपाल**

प्रॉपर्टी आई.डी. नं. E400000247,
आवेदन क्रमांक-11084,
आवेदन दिनांक-12/02/2026
क्रमांक 1035 / राजस्व / भौविप्रा / 26
भोपाल दिनांकः 13/02/2026

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की M.P. Nagar जोन -2 योजना में भूखण्ड क्रमांक 247, श्री जे. के. मित्तल आत्मज बी.एल. मित्तल एवं महेंद्र कुमार मित्तल आत्मज श्री जे. के. मि. के सयुक्त नाम पर आवंटित है। जिसमें सयुक्त आवंटी में से श्री जे. के. मित्तल का स्वर्गवास दिनांक 2/5/2024 को हो जाने के कारण आवंटी के वारिस पुत्र श्री महेंद्र कुमार मित्तल आत्मज स्व. श्री जे. के. मित्तल द्वारा आवेदन पत्र के साथ मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड एवं नोटराइज वसीयत एवं वांछित प्रपत्रों को प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड से श्री जे.के. मित्तल का नाम विलोपित कर अपने नाम नामांतरण चाहा गया है। उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्ये। दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा / आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**राजस्व अधिकारी**
**भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल**




हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/-
साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में
@ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें।
मो. 9977912473







हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330
R- 22/01/25 to13/03/26
Not , 26,27/01/26, 15/02/26 , 04,08/03/2026

## शब्द पहेली - 6138



**बाएँ से दाए**

1. असह्य, नागवार-5
4. कली-3
6. पराया, पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी, सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल, धोखा-3
16. पक्षी, उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा, पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत, मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल, जान-2
27. रसदार-3
28. जगत, दुनिया-2
29. नग, मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**

1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र, राधेय-3
5. वश, अधीन-2
7. संपूर्ण, पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली, शुद्ध-3
13. हठ करना, रोना -4
15. हारा हुआ, पराजित-3
16. मशवरा, सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना, स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी, चित-2
28. संपत्ति-2

**शब्द पहेली - 6137 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6148

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6147 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## राशिफल

**मेष:** मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष:** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन:** कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क:** किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह:** परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या:** संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला:** नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक:** मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु:** सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर:** किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ:** आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन:** शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

# मप्र में 1,60,407 कुल वाहनों की हुई जनवरी 2026 में बिक्री

## बीते साल की तुलना में 16.46 फीसदी अधिक वाहनों की हुई खरीदारी

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश में वर्ष 2026 में मोबिलिटी (ऑटोमोबाइल) सेक्टर के लिए बहुत सकारात्मक रही है। रबी की बंपर फसल, ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर कैश फ्लो (तरलता) और विवाह के सीजन की वजह से मांग में जबरदस्त उछाल देखा जा रहा है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) मध्यप्रदेश के अध्यक्ष आशीष पांडे ने बताया कि फाडा द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार जनवरी 2026 में भोपाल, मध्यप्रदेश सहित पूरे भारत में वाहन खुदरा बिक्री में साल-दर-साल 17.61 फीसद की वृद्धि हुई, जिसमें ग्रामीण इलाकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

अध्यक्ष आशीष पांडे के अनुसार मध्य प्रदेश में वर्ष 2026 के जनवरी माह में 1,10,551 टू व्हीलर्स और 5,272 श्री व्हीलर्स वाहनों की बिक्री हुई थी। जो चालू वित्त वर्ष के समान अवधि में 92,184 टू व्हीलर्स और 4,527 श्री व्हीलर्स वाहनों की बिक्री भोपाल सहित समूचे प्रदेश में हुई। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष जनवरी माह में टूव्हीलर्स वाहनों की बिक्री में 19.92 फीसदी और थ्री व्हीलर्स वाहनों की बिक्री में 16.46 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई। फाडा अध्यक्ष आशीष पांडे ने बताया कि इस प्रकार जनवरी 2026 में 4,410 कॉमर्शियल व्हीकल और सीवी व्हीकल्स की बिक्री का आंकडा 284 यूनिट रहा। जबकि पैसेंजर व्हीकल्स की बिक्री 26,013 और ट्रैक्ड व्हीकल्स की बिक्री 13,877 रही। अतः कुल मिलाकर मध्यप्रदेश में जनवरी माह में कुल 1,60,407 वाहनों की बिक्री हुई। जबकि गत वर्ष इसी माह1,38,163 कुल वाहनों की बिक्री हुई है। इस अनुमान से बीते साल की तुलना में इस साल जनवरी माह में 16.10 फीसदी अधिक वाहन बिके।



### माल वाहकों की बिक्री में भी उछाल

पांडे ने बताया कि मध्यप्रदेश में रबी फसल की अच्छी पैदावार और उससे किसानों के पास आने वाली नकदी ने ऑटोमोबाइल की मांग को बढ़ाया है, खासकर ट्रैक्टर और दोपहिया वाहनों की। इसके अलावा वैवाहिक सीजन के कारण दोपहिया और यात्री वाहनों की बिक्री में तेजी आई है। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश में ईवी को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की नीतियों से इलेक्ट्रिक दोपहिया और तिपहिया वाहनों की मांग तेजी से बढ़ रही है। तो अच्छी फसल के चलते ग्रामीण परिवहन और माल ढुलाई की मांग के कारण ट्रकों और तीन-पहिया माल वाहकों की बिक्री में भी उछाल आया है।



आशीष पांडे

### यात्री वाहन, दोपहिया की जनवरी में रिकॉर्ड बिक्री

वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार जनवरी में घरेलू बाजारों में यात्री वाहनों की कुल बिक्री 12.6 प्रतिशत बढ़कर 4,49,616 इकाई पर पहुंच गई। इसी प्रकार दोपहिया वाहनों की बिक्री 26.02 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 19,25,603 इकाई पर रही। तिपहिया वाहनों की बिक्री में 30.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 75,725 इकाई पर पहुंच गई। जीएसटी सुधारों और नीतिगत प्रोत्साहनों के दम पर घरेलू बाजारों में वाहनों की बिक्री में तेजी का सिलसिला जनवरी में भी जारी रहा और दुपहिया तथा तिपहिया वाहनों के खंड में रिकॉर्ड थोक बिक्री दर्ज की गई।



## एक्सिस मैक्स लाइफ ने हासिल किया 24,625 करोड़ रु. का राजस्व

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष 2025-26 के पहले 9 महीनों में मैक्स फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड का निवेश आय के अतिरिक्त कंसोलिडेटेड राजस्व 24,625 करोड़ रुपए रहा। इसमें सालाना आधार पर 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। समीक्षाधीन अवधि में निवेश आय समेत कंसोलिडेटेड रेवेन्यू 36,891 करोड़ रुपए और कंसोलिडेटेड कर पश्चात लाभ 137 करोड़ रुपए रहा।

वित्त वर्ष के शुरुआती 9 महीनों में निजी जीवन बीमा उद्योग की गति को पीछे छोड़ते हुए एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने नए बिजनेस में 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की और यह 6,396 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर सुमित मदान ने कहाकि चालू वित्त वर्ष के शुरुआती 9 महीनों में एक्सिस मैक्स लाइफ के प्रदर्शन से अनुशासन एवं निरंतरता के साथ लागू की गई सटीक रणनीति की ताकत नजर आती है। हमने निजी जीवन बीमा उद्योग को पीछे छोड़ते हुए दोहरे अंकों में विकास दर्ज किया है और टॉप 10 बीमाकर्ताओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाली कंपनी के रूप में उभरे हैं।

## सरकार ने दी 25 लाख टन गेहूं और पांच लाख टन चीनी के निर्यात को हरी झंडी



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

घरेलू बाजार में बंपर पैदावार और गोदामों में भरे सरप्लस स्टॉक को देखते हुए केंद्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने शुक्रवार को 25 लाख टन गेहूं और 5 लाख टन चीनी के निर्यात को मंजूरी दे दी है।

इस फैसले का सीधा मकसद घरेलू कीमतों में स्थिरता लाना और रबी सीजन की नई फसल आने से पहले किसानों को उनकी उपज का सही दाम दिलाना है। खाद्य मंत्रालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक गेहूं के अलावा 5 लाख टन गेहूं उत्पादों के निर्यात की भी अनुमति दी गई है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब निजी और सरकारी, दोनों ही स्तरों पर देश में अनाज का भंडार आरामदायक स्थिति में है।



### गेहूं गोदाम फुल निर्यात का रास्ता खुला

सरकार के इस फैसले के पीछे का सबसे बड़ा कारण गेहूं का भारी स्टॉक है। आंकड़ों पर नजर डालें तो स्थिति स्पष्ट होती है कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए निजी कंपनियों और व्यापारियों के पास लगभग 75 लाख टन गेहूं का स्टॉक मौजूद है। यह पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में करीब 32 लाख टन ज्यादा है। जबकि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास 1 अप्रैल2026 तक केंद्रीय पूल में लगभग 182 लाख टन गेहूं उपलब्ध होने का अनुमान है। जानकारों के अनुसार रबी सीजन 2026 में गेहूं की बुवाई का रकबा बढ़कर 334.17 लाख हेक्टेयर हो गया है, जो पिछले साल 328.04 लाख हेक्टेयर था।

## खबर संक्षेप

### प्रावेग की तिमाही में आय 69.46 फीसदी बढ़ी

**अहमदाबाद।** प्रावेग लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही और नौ माह की अवधि के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी की तीसरी तीमाही में कुल आय 90.71 करोड़ रुपए रही। एबिटडा 26.51 करोड़ रुपए रहा, पिछले वर्ष की समान तिमाही के 22.07 करोड़ से 20.10 फीसदी की वृद्धि है। कंपनी का शुद्ध लाभ 9.93 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। कंपनी के चेयरमैन विष्णु पटेल ने कहा कि स्टैंडअलोन कुल आय 69.46 फीसदी बढ़कर 73.68 करोड़ रही।

### एलजी का राजस्व 41.14 अरब रुपए पहुंचा

**नई दिल्ली।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा की। कंपनी ने क्यू3 एफवाई26 में 41.14 अरब का राजस्व दर्ज किया, जबकि क्यू3 एफवाई25 में यह 43.96 अरब था। तिमाही में कंपनी का ईबीआईटीडीए मार्जिन 4.8प्रतिशत रहा। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ सेल्स एवं मार्केटिंग ऑफिसर हांग जू जियोन ने कहा एलजीई इंडिया ने बाहरी कारकों से प्रभावित पिछले सुस्त तिमाही के बावजूद प्रमुख बी2सी खंडों में 1 स्थान बनाए रखा है।

### सैमसंग 25 को होस्ट करेगा गैलेक्सी अनपैक्ड

**नई दिल्ली।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स 25 फरवरी को सैन फ्रांसिस्को में गैलेक्सी अनपैक्ड का आयोजन करेगा। हमारे साथ जुड़िए क्योंकि हम सैमसंग के नए गैलेक्सी इनोवेशन्स को पेश करेंगे। यह एआई के युग में एक नए दौर की शुरुआत होगा जहां इंटेलिजेंस वास्तव में पर्सनल एवं एडैप्टिव बन जाएगी। यह इवेंट स्ड्ढद्वह्यह्वठ्ठद्द.ष्शद्व, सैमसंग न्यूजरूम इंडिया और सैमसंग के यूट्यूब चैनल पर लाइव स्ट्रीम होगा, जो रात 11.30 बजे भारतीय समयानुसार शुरू होगा।

### रेनेसां के राजस्व और शुद्ध लाभ में वृद्धि दर्ज

**मुंबई।** रेनेसां ग्लोबल लिमिटेड ने वित्त-वर्ष 26 की तीसरी तिमाही में अब तक का सबसे शानदार प्रदर्शन किया है। यह कामयाबी ज्यादा मुनाफे वाले ब्रांडेड डी2सी और पूंजी की बचत करने वाले मॉडल की ओर बढ़ने की वजह से मिली है। वित्त-वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में कंपनी का राजस्व 962.42 करोड़ रहा, जो पिछली तिमाही की तुलना में 76.25 फीसदी ज्यादा है। एबिटडा 60.71 करोड़ रुपए दर्ज किया गया, जबकि शुद्ध लाभ बढ़कर 33.21 करोड़ हो गया। वित्त-वर्ष 26 में खत्म हुए नौ महीनों में रेवेन्यू पिछले साल की समान अवधि के 1,566.58 करोड़ की तुलना में बढ़कर 2,039.62 करोड़ हो गया।

## अतिक्रमणकारियों से परेशान पुराने भोपाल के व्यापारी बोले

# बाजारों में अतिक्रमण पर स्थाई नियंत्रण के लिए सख्ती से लागू हो 'दंडात्मक व्यवस्था'

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

राजधानी के पुराने भोपाल को अतिक्रमण मुक्त, सुव्यवस्थित एवं नागरिक-अनुकूल बनाने के लिए शासन-प्रशासन द्वारा समय-समय पर अभियान चलाए जाते रहे हैं, जिसका उद्देश्य भारत सरकार की स्वच्छ, स्वस्थ, डिजिटल एवं स्मार्ट सिटी की परिकल्पना को साकार करना है। परंतु यह अत्यंत चिंताजनक तथ्य है कि वर्तमान अतिक्रमण विरोधी कार्यवाही स्थाई परिणाम नहीं दे पा रही है। कुछ ही समय बाद पुनः वही स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे प्रशासनिक प्रयास निष्प्रभावी सिद्ध होते हैं। यह कहना है पुराने शहर के व्यापारी और व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों का।

सामाजिक कार्यकर्ता व व्यापारी प्रतिनिधि संजीव गर्ग ने जनहितकारी खाका तैयार किया है और कलेक्टर भोपाल, नगर निगम आयुक्त को वाहनों के लिए स्थाई पार्किंग व्यवस्था के संबंध में पत्र लिखा। संजीव गर्ग ने कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त से मांग की, कि पुराने शहर के बाजारों में अतिक्रमण पर स्थाई नियंत्रण के लिए अभियान स्वरूप दंडात्मक कार्रवाई करने के साथ जुर्माने की सख्त व्यवस्था हो और यह अभियान निरंतर जारी हो। ताकि पुराने शहर के बाजार अतिक्रमण मुक्त और यहां के व्यापार व्यवसाय का उत्थान हो।

### वर्तमान अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई नहीं दे पा रही स्थाई परिणाम



पुराने भोपाल में अतिक्रमण का ये आलम

### निर्माण स्तर पर सख्त नियंत्रण

निर्माण कार्य प्रारंभ होने से पूर्व एवं दौरान स्थल निरीक्षण अनिवार्य किया जाए। नियम विरुद्ध निर्माण को प्रारंभिक स्तर पर ही रोका जाए, जिससे भविष्य में अतिक्रमण की स्थिति उत्पन्न न हो।

### स्थाई समाधान के लिए आवश्यक है कठोर निर्णय

अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही एक दिन की औपचारिकता नहीं, बल्कि लगातार चलने वाली प्रक्रिया होनी चाहिए। जहां कार्यवाही रुकी, वहीं से अतिक्रमण दोबारा शुरू हो जाता है। यह अनिवार्य किया जाए कि अतिक्रमण हटाते ही उसी समय जुर्माना लगाया जाए। बिना जुर्माने की कार्यवाही को अपूर्ण एवं निष्प्रभावी माना जाए।

**अवैध वसूली करने वालों पर विशेष सख्ती**

जो अपनी दुकानों के आगे अतिक्रमण लगाने के लिए दूसरों से पैसा वसूलते हैं, जो सार्वजनिक सडक़, फुटपाथ एवं शासकीय भूमि का जानबूझकर व्यावसायिक दुरुपयोग करते हैं, उन पर अत्यधिक कठोर जुर्माना, दुकान सील करने, लाइसेंस निरस्तीकरण एवं कानूनी कार्यवाही की जाए। बार-बार अतिक्रमण करने वालों पर दोगुना जुर्माना तथा किसी भी प्रकार की रियायत पूर्णतः समाप्त की जाए।

### अतिक्रमण की समस्या का मूल कारण ये

उन्होंने पुराने शहर की समस्या का मूल कारण बताते हुए कहाकि गहन अवलोकन से यह स्पष्ट होता है कि कार्यवाही निरंतर एवं सतत नहीं हो रही है। अक्रिमण हटाने के साथ तत्काल जुर्माने का अभाव है, अतिक्रमण को आर्थिक रूप से नुकसान का सौदा नहीं बनाया गया है तथा वाहनों की वैकल्पिक/स्थायी पार्किंग व्यवस्था न होने से सडक़ व फुटपाथ पुनः अवरुद्ध हो जाते हैं। जब तक इन सभी पहलुओं पर एक साथ कठोर निर्णय नहीं लिया जाएगा, तब तक न व्यापारी सुधरेंगे और न ही यातायात व्यवस्था सुधरेगी।

### स्थायी समाधान के लिए एक संयुक्त समन्वय मंच गठित किया

सामाजिक कार्यकर्ता व व्यापारी प्रतिनिधि संजीव गर्ग ने कहाकि स्थायी पार्किंग विकसित होने से सडक़ें बाधा-मुक्त होंगी, आपातकालीन वाहनों की आवाजाही सुगम होगी तथा आम नागरिकों को वास्तविक राहत मिलेगी। अतिक्रमण एवं पार्किंग समस्या के स्थायी समाधान के लिए एक संयुक्त समन्वय मंच गठित किया जाए।

### स्पष्ट चेतावनी दें- अवैध पार्किंग कोई भूल नहीं, बल्कि दंडनीय अपराध

यह स्पष्ट रूप से सभी को अवगत कराया जाए कि अब अतिक्रमण और अवैध पार्किंग कोई भूल नहीं, बल्कि दंडनीय अपराध है। सार्वजनिक भूमि पर कब्जा और अव्यवस्था फैलाने वालों को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। भोपाल वास्तविक अर्थों में स्वच्छ, सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं स्मार्ट शहर बनाने के लिए शासन-प्रशासन को उक्त बिंदुओं पर ठोस कदम उठाने की अति आवश्यकता है।

### दंडात्मक कार्रवाई और सुव्यस्थित पार्किंग उपलब्ध हो, ठोस कदम उठाएं



पुराने शहर में अतिक्रमण और पार्किंग की समस्या विकराल समस्या है। शासन-प्रशासन को चाहिए इन सभी मुद्दों पर ठोस निर्णय के लिए सुभाष चौक, पुराना भोपाल, सराफा चौक बाजार सहित सभी व्यापारियों को बुलाकर संवाद कार्यक्रम या फिर चाय पर चर्चा आयोजित करें है। इसमें नगर निगम आयुक्त, भोपाल कलेक्टर, पुलिस एवं यातायात अधिकारी, सांसद-विधायक, महापौर, वरिष्ठ व्यापारी को आमंत्रित करें और अतिक्रमण खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई और सुव्यस्थित पार्किंग उपलब्ध इसके लिए ठोस कदम उठाए।

**गोविंद गोयल,** अध्यक्ष, भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री

## विश्व दलहन दिवस पर

## किसानों के लिए गोदरेज एग्रोवेट का विशेष आउटरीच कार्यक्रम

एजेंसी ⏭ मुंबई

विश्व दलहन दिवस के अवसर पर गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड के क्रॉप प्रोटेक्शन बिजनेस ने एक किसान आउटरीच पहल शुरू की है, जिसका लक्ष्य पांच लाख से अधिक दलहन किसानों तक पहुंचना था। इस पहल के तहत उन्नत कृषि पद्धतियों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका ध्यान किसानों को सटीक जानकारी देकर टिकाऊ दलहन खेती के लिए सक्षम बनाने पर था।

इन प्रशिक्षण सत्रों में अरहर, चना और मूंग जैसी प्रमुख फसलों को शामिल किया गया और विभिन्न क्षेत्रों में आने वाली कृषि चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। किसानों को मिट्टी की सेहत और मौसम के प्रभाव के साथ-साथ फसल के विकास की प्रक्रिया (क्रॉप फिजियोलॉजी), खेती के आधुनिक तरीकों और सीजन के दौरान कीटों से बचाव के व्यावहारिक उपायों के बारे में जागरूक किया गया। कंपनी के सीईओ राजवेलु एनके ने कहा कि दालों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर कृषि ज्ञान की समय पर पहुंच जरूरी है। उन्होंने बताया कि मिट्टी की गुणवत्ता, फसल के विकास की प्रक्रिया (क्रॉप फिजियोलॉजी) और कीटों के चक्र के बारे में किसानों की समझ मजबूत करने से उन्हें बदलते कृषि परिवेश में सटीक निर्णय लेने में मदद मिल सकती है। विश्व दलहन दिवस की इस पहल के माध्यम से गोदरेज एग्रोवेट ने क्षमता निर्माण और टिकाऊ फसल प्रबंधन को प्रोत्साहित करने के लिए भारतीय किसानों के साथ गहरा जुड़ाव बनाया, जो देश में एक मजबूत दलहन पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में सहायक है।

### कम उम्र के समूहों में हार्मोनल विकार से बढ़ रहा है कैंसर : डॉ. रेनू

**इंदौर।** एचसीजी कैंसर सेंटर, गायनेक सर्जिकल ऑन्कोलॉजी कंसल्टेंट इंदौर, डॉ. रेनू शर्मा ने कहाकि कई गंभीर स्थितियां युवा महिलाओं में बहुत देर से सामने आ रही हैं। लक्षणों की कमी के कारण नहीं, बल्कि उन्हें नजरअंदाज करने के कारण। शुरुआती संकेत अक्सर हल्के होते हैं और रोजमर्रा की जिंदगी में घुलमिल जाते हैं। इन संकेतों को पहचानना और समय पर मदद लेना लंबे समय तक बेहतर स्वास्थ्य के लिए निर्णायक साबित हो सकता है।

डॉ. रेनू शर्मा ने भारत का स्वास्थ्य परिदृश्य बदल रहा है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और राष्ट्रीय स्वास्थ्य सर्वेक्षणों से जुड़े अध्ययनों से पता चलता है कि कम उम्र के समूहों में जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां, हार्मोनल विकार और कुछ प्रकार के कैंसर बढ़ रहे हैं। शहरीकरण, देर से मातृत्व, निष्क्रिय जीवनशैली, अनियमित नींद और लगातार तनाव महिलाओं के स्वास्थ्य जोखिमों को प्रभावित कर रहे हैं।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अकिधारी जिला शाजापुर म.प्र.**

प्रकरण क्रमाक–116/ब–121/2025–26
क्रमांक / रीडर / 2025/429–430
शाजापुर दिनांक 17.12.2025

**सार्वजनिक सूचना**
(दिनांक 17.12.2025 को जारी)

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचना दी जाती है कि आवेदकगण (वर) श्री राजेश मेहरा पिता जगदीश मेहरा आयु 22 वर्ष जाति बैरवा निवासी ग्राम मुख्यारनगर तहसील श्यामपुर जिला सिहोर म.प्र. एवं (वधू) सोनू मीणा पिता सिद्धनाथसिंह मीना उम्र 24 वर्ष जाति मीना देशवाली निवासी ग्राम ढाबला घोंसी तहसील शुजालपुर जिला शाजापुर म.प्र. द्वारा स्वयं न्यायालय में उपस्थित होकर हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के तहत उनके विवाह का पंजीयन करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदकगण द्वारा आवेदन के साथ स्वयं के शपथ पत्र, वधू की अंकसूची,वर का जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, पुरोहित सतीशकुमार जोशी ग्राम ढाबला घोंसी तहसील शुजालपुर जिला शाजापुर का प्रमाणीकरण, विवाह पत्रिका की छाया प्रति एवं विवाह पंजीयन अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शुजालपुर जिला शाजापुर म.प्र.द्वारा किये गये विवाह पंजीयन तथा तीन गवाहों के शपथ पत्र की छाया प्रति चालान प्रति भी पेश की गई है। आवेदकगण द्वारा उनका विवाह दिनांक 14.04.2025 को स्थान–ग्राम ढाबला घोंसी तहसील शुजालपुर जिला शाजापुर म.प्र. में सम्पन्न होना उल्लेखित किया गया है। आवेदकगण अब अर्न्तजातीय विवाह प्रोत्साहन योजनान्तर्गत सहायता राशि प्राप्त करने हेतु हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के तहत उक्त विवाह का पंजीयन कराना चाहते है। आवेदकगण के उपरोक्त विवाह पंजीयन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो और वह कोई आक्षेप प्रस्तुत करना चाहता है तो वह इस सूचना के जारी किये जाने के दिनांक से तीस दिन की समाप्ति पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि में कोई आक्षेप प्राप्त नहीं होने पर उक्त विवाह का पंजीयन कर दिया जावेगा।

**अपर कलेक्टर**
**जिला शाजापुर (म.प्र.)**

### टैफे के मैसी डायनास्टार कॉन्टेस्ट सीजन थ्री का शुभारंभ

**भोपाल।** मैसी फर्ग्यूसन ट्रैक्टर के निर्माता टैफे ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड ने मौलिक रचनात्मकता सहित ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए आज इस प्रतियोगिता के तीसरे सीजन की शुरुआत की घोषणा की। टैफे का मैसी डायनास्टार सीजन थ्री किसानों, उद्यमियों, छात्रों, स्टार्टअप्स और ग्रामीण परिवर्तनकर्ताओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक राष्ट्रीय नवाचार मंच के रूप में की गई है। इस बार सीजन थ्री का दायरा बढ़ाने के साथ-साथ मैसी फर्ग्यूसन के किसी भी ट्रैक्टर पर नवोन्मेषी आइडियाज प्रस्तुत करने का आमंत्रण है, ताकि कृषि, संबद्ध क्षेत्रों और ग्रामीण उद्यमों में असीमित संभावनाओं का द्वार खोला जा सके। उद्योग विशेषज्ञों और टैफे के सीनियर लीडरों की एक विशेषज्ञ जूरी के समक्ष अपने आइडियाज प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। मैसी डायनास्टार सीजन 3 के विजेता को लगभग 8.2 लाख मूल्य का मैसी फर्ग्यूसन 254 डायनास्मार्ट ट्रैक्टर मिलेगा, जो अपने प्रदर्शन, बहुमुखी उपयोगिता और डिजाइन के लिए लोकप्रिय है। गए प्रतिभागियों को ग्रैंड फिनाले में जूरी के सामने अपने आइडियाज प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा और सबसे नई एवं प्रभावशाली आईडिया को सम्मानित और पुरस्कृत किया जाएगा।



## जनवरी में खाद्य तेलों का आयात बढ़कर 13.10 लाख टन पर पहुंचा

एजेंसी ⏭ मुंबई

स्वदेशी वनस्पति तेल-तिलहन उद्योग एवं व्यापार क्षेत्र के एक अग्रणी संगठन- सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सी) द्वारा संकलित आंकड़ों से पता चलता है कि जनवरी 2025 की तुलना में जनवरी 2026 के दौरान भारत में वनस्पति तेलों (खाद्य एवं अखाद्य) का कुल आयात 11.20 लाख टन से करीब 20 प्रतिशत बढ़कर 13.40 लाख टन पर पहुंच गया। इसके तहत खाद्य तेलों का आयात 10.80 लाख टन से उछलकर 13.10 लाख टन पर पहुंचा। भारत में मुख्यतः पाम तेल, सोया तेल एवं सूरजमुखी तेल का आयात होता है।

एसोसिएशन के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार यद्यपि जनवरी 2025 के मुकाबले जनवरी 2026 में क्रूड डिगम्ड सोयाबीन तेल का आयात 4,44,026 टन से घटकर 2,78,888 टन तथा क्रूड सूरजमुखी तेल का आयात 2,88,284 टन से गिरकर 2,66,575 टन पर सिमट गया लेकिन क्रूड पाम तेल (सीपीओ) का आयात इसी अवधि में 2,40,276 टन से उछलकर 7,57,088 टन पर पहुंच गया। इससे कुल आयात में वृद्धि हो गई। महत्वपूर्ण बात यह है कि आरबीडी पामोलीन के आयात की गति धीमी बनी हुई है। जनवरी 2025 में इसका आयात 31,995 टन दर्ज किया गया था जो जनवरी 2026 में घटकर 3800 टन रह गया। चालू मार्केटिंग सीजन की पहली तिमाही में यानी नवम्बर 2025 से जनवरी 2026 के दौरान देश में आरबीडी पामोलीन का कुल आयात घटकर 9784 टन पर अटक गया।

### जियो फाइनेंस एप पर अब बैंकों और एनबीएफसी की एफडी

*मुंबई। जियो फाइनेंस एप ने अपने प्लेटफॉर्म पर कई बैंकों और एनबीएफसी की फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी ) सेवाएं शुरू की हैं। इससे ग्राहकों को अब अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर जाने की जरूरत नहीं होगी और वे एक ही एप पर विभिन्न बैंकों की एफडी की तुलना कर निवेश कर सकेंगे। एप पर यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक, सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक, बजाज फाइनेंस, श्रीराम फाइनेंस, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक और महिंद्रा फाइनेंस सहित कई संस्थानों की एफडी उपलब्ध हैं।*

### सीएनएच ने पेश की डिजाइन और उन्नत कृषि मशीनरी

**नई दिल्ली।** सीएनएच ने अपने अत्याधुनिक पुणे विनिर्माण संयंत्र में 'मेड इन पुणे' उन्नत कृषि मशीनीकरण उत्पादों का प्रदर्शन किया। यह संयंत्र सीएनएच की मजबूत अनुसंधान एवं विकास इंजीनियरिंग और विनिर्माण क्षमताओं का केंद्र है, जहां विश्वस्तरीय हार्वेस्टिंग और फसल समाधान उपकरणों का डिजाइन, विकास और निर्माण किया जाता है। यहां बने उत्पाद घरेलू बाजार के साथ-साथ वैश्विक बाजारों में भी भेजे जाते हैं। 2,80,000 वर्ग मीटर में फैले इस संयंत्र में कंबाइन हार्वेस्टर, गन्ना हार्वेस्टर, स्मॉल स्क्वेयर बेलर, ट्रैक्टर, हेडर, कैब और कृषि उपकरणों का निर्माण होता है। अत्याधुनिक फैब्रिकेशन सुविधाएं, स्वचालित पेंट सिस्टम, सुव्यवस्थित असेंबली लाइन और कड़े परीक्षण मानकों से लैस यह संयंत्र देशभर में विभिन्न फसलों के लिए मशीनीकरण को समर्थन देता है और अपने उत्पादन का एक हिस्सा निर्यात भी करता है।

सीएनएच इंडिया क्षेत्र के प्रेसिडेंट एवं मैनेजिंग डायरेक्टर नरेंद्र मित्तल ने कहाकि सीएनएच का पुणे संयंत्र भारत में हमारे निर्माण कार्य का एक मजबूत आधार है और देश में कृषि मशीनीकरण को आगे बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जैसे-जैसे भारत विकसित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, खेती में मशीनीकरण उत्पादकता, दक्षता और स्थिरता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सलित खान (एनोनिमिटी साइबर सिक्योरिटी लैब्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर में से एक) रजिस्टर्ड ऑफिस HC-27, अभिरुचि परिसर, ओल्ड सुभाष नगर, भोपाल–462023** ने **CC NI ACT 3331/2021 अन्तर्गत थाना पंजाबी बाग पश्चिम, नई दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सलित खान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सलित खान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **CC NI ACT 3331/2021 अन्तर्गत थाना पंजाबी बाग पश्चिम, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **सलित खान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.04.2026.** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री विकास मदान
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–07 (पश्चिम)
कमरा नंबर 289, द्वितीय तल
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/1737/WD/2026(Court Matter)

चिंतन

# बांग्लादेश के साथ संतुलन साधने की चुनौती बरकरार

बांग्लादेश की राजनीति में आए ताजा बदलाव ने दक्षिण एशिया के कूटनीतिक समीकरणों को नई दिशा दे दी है। आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की निर्णायक जीत और उसके अध्यक्ष तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनने की संभावना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि देश लगभग दो दशकों बाद सत्ता परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। 2008 से 2024 तक शेख हसीना के नेतृत्व में आवामी लीग की सरकार रही। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि नई सरकार देश की आंतरिक राजनीति और विदेश नीति को किस दिशा में ले जाती है। भारत के लिए यह सत्ता परिवर्तन विशेष महत्व रखता है। पड़ोसी होने के साथ-साथ दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंध गहरे हैं। पिछले डेढ़ दशक में सुरक्षा सहयोग, सीमा प्रबंधन, कनेक्टिविटी और व्यापार के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। ऐसे में नई दिल्ली की प्राथमिकता यही होगी कि इन उपलब्धियों को संरक्षित रखते हुए नई सरकार के साथ विश्वास का रिश्ता कायम रखा जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तारिक रहमान को दी गई बधाई इस बात का संकेत है कि भारत व्यावहारिक और संतुलित कूटनीति अपनाना चाहता है। हालांकि दोनों देशों के संबंधों को लेकर चुनौतियां भी कम नहीं हैं। बीएनपी का अतीत भारत के प्रति अपेक्षाकृत सख्त रुख से जुड़ा रहा है। इसके अलावा जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले गठबंधन की उपस्थिति भी नई सरकार की नीतियों को प्रभावित कर सकती है। अब बांग्लादेश के संविधान में बड़े बदलावों को जनता ने हरी झंडी दे दी है। बांग्लादेश प्रधानमंत्री की शक्तियों में कटौती करने जा रहा है और राष्ट्रपति की ताकत बढ़ेगी, इसके अलावा इस देश में संसद के ऊपरी सदन का गठन होगा। अब देखना यह भी है कि बांग्लादेश का संविधान किस तरह की नीति को अपनाता है। संविधान में कैसे बदलाव लाए जाते हैं। अगर पाकिस्तान की तरह शरियत को अपनाता है तो यह उन बांग्लादेशी हिंदुओं पर कुठाराघात होगा, जिन्होंने बीएनपी का समर्थन किया और उसके लिए दिन रात एक कर दिया। विशेषकर हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और अधिकारों का प्रश्न भारत के लिए संवेदनशील मुद्दा रहेगा। चीन और पाकिस्तान के साथ बांग्लादेश के संबंधों पर भी नजर रहेगी। यदि नई सरकार बीजिंग की ओर अधिक झुकाव दिखाती है, तो यह भारत के रणनीतिक हितों के लिए चुनौती बन सकता है। वहीं, पाकिस्तान के साथ संबंधों का पुनर्संतुलन भी क्षेत्रीय राजनीति में नई हलचल पैदा कर सकता है। एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू शेख हसीना से जुड़े मुद्दों का है। यदि नई सरकार उनके खिलाफ राजनीतिक या कानूनी कार्रवाई करती है, तो भारत को अपनी प्रतिक्रिया बेहद संतुलित रखनी होगी। लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का सम्मान और क्षेत्रीय स्थिरता दोनों के बीच संतुलन बनाना आसान नहीं होगा। भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के विकास के लिए बांग्लादेश के साथ बेहतर संपर्क और व्यापारिक सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि 1988 में काजी जफर अहमद के बाद पहली बार कोई पुरुष बांग्लादेश का प्रधानमंत्री बनने जा रहा है। 1991 से 2024 तक देश की राजनीति में खालिदा जिया और शेख हसीना का दबदबा रहा। अंततः भारत और बांग्लादेश के संबंध किसी एक दल या नेता पर निर्भर नहीं होने चाहिए। बांग्लादेश की नई सरकार के लिए भी यह समझना आवश्यक है कि भारत के साथ सकारात्मक और संतुलित संबंध ही उसके दीर्घकालिक हितों की रक्षा कर सकते हैं।



जनादेश
डॉ. घनश्याम बादल

# भारत-बांग्लादेश संबंध के नवीकरण का वक्त

12 फरवरी को हुए चुनावों के नतीजे सामने हैं और बांग्लादेश की जनता ने परिपक्व तरीके से न केवल चुनाव में भारी संख्या में मतदान किया अपितु अपने देश को कट्टरपंथी राजनीतिक विचारधारा के हाथों में जाने से भी बचा लिया है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने स्वर्गीय खालिदा जिया और जियाउर रहमान के बेटे 60 वर्षीय तारिक रहमान के नेतृत्व में 299 में से 213 सीट जीतकर वहां लगभग दो तिहाई बहुमत प्राप्त कर लिया है। भारत के लिए यह क्षण आत्ममंथन का है। पड़ोस-नीति को सुरक्षा-केंद्रित चश्मे से देखने का समय अब खत्म हो रहा है। भारत को बांग्लादेश को "रणनीतिक फ्रंटलाइन" नहीं, बल्कि "समान साझेदार" के रूप में देखना होगा।

बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर के रूप में मोहम्मद यूनुस और कुछ खास कर पाए हों या नहीं, लेकिन एक काम तो उन्होंने कर ही दिया है कि बांग्लादेश को राजनीतिक उहापोह की स्थिति से निकालकर स्पष्ट जनादेश दिलवा दिया है। 12 फरवरी को हुए चुनावों के नतीजे सामने हैं और बांग्लादेश की जनता ने परिपक्व तरीके से न केवल चुनाव में भारी संख्या में मतदान किया अपितु अपने देश को कट्टरपंथी राजनीतिक विचारधारा के हाथों में जाने से भी बचा लिया है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने स्वर्गीय खालिदा जिया और जियाउर रहमान के बेटे 60 वर्षीय तारिक रहमान के नेतृत्व में 299 में से 213 सीट जीतकर वहां लगभग दो तिहाई बहुमत प्राप्त कर लिया है। जबकि उसके प्रतिद्वंद्वी जमात ए इस्लामी को 74 सीट ही मिलीं हैं।

आश्चर्यजनक रूप से छात्र आंदोलन का चेहरा बनकर शेख हसीना को सत्ता से बाहर करने वाले नाहिद इस्लाम की पार्टी एनसीपी को केवल दो सीट ही मिल पाई हैं और इसकी मुख्य वजह यही दिखती है कि उनका जमात ए इस्लामी के साथ गठबंधन का रणनीतिक निर्णय ग़लत रहा। बांग्लादेश का ताज़ा चुनाव कोई सामान्य सत्ता-परिवर्तन नहीं, बल्कि एक पूरे राजनीतिक युग के अंत और नए शक्ति-संतुलन की शुरुआत समझा जाना चाहिए। यह चुनाव केवल संसद की सीटों का गणित नहीं है, बल्कि उस सामाजिक-राजनीतिक बेचैनी की परिणति है, जो वर्षों से सड़कों, विश्वविद्यालयों, श्रमिक बस्तियों और सीमावर्ती इलाकों में सुलग रही थी। इस जनादेश ने साफ संकेत दिया है कि देश अब पुराने ढर्रे की राजनीति से आगे निकलना चाहता है लेकिन यह रास्ता लोकतांत्रिक स्थिरता की ओर जाएगा या नए असंतुलन की ओर, यह अभी भी एक अनुत्तरित ज्वलंत सवाल है। आंकड़ों की बात करें तो तस्वीर साफ है। संसद में स्पष्ट बहुमत एक ही राजनीतिक धारा के पक्ष में गया है। कुल सीटों का बड़ा हिस्सा एक ही पार्टी बीएनपी के खाते में गया, जबकि विपक्षी ताकतें सीमित, बिखरी हुई और वैचारिक रूप से खंडित दिखाई देती हैं। मतदान प्रतिशत अपेक्षाकृत ऊंचा रहा, जो यह संकेत देता है कि जनता ने चुनाव को महज़ औपचारिकता नहीं माना, बल्कि उसे सत्ता-परिवर्तन का माध्यम समझा। हालांकि यह भी सच है कि अवामी लीग की अनुपस्थिति से चुनावी मुकाबला असंतुलित रहा, लेकिन इसके बावजूद जनमत का संदेश दो-टूक है। पुरानी सत्ता संरचना से मोहभंग और नए विकल्प की तलाश। यह जनादेश मूलतः तीन संदेश देता है। पहला, जनता सत्ता के केंद्रीकरण से ऊब चुकी थी। दूसरा, आर्थिक असमानता, बेरोज़गारी और संस्थागत भ्रष्टाचार के खिलाफ गुस्सा निर्णायक रूप में वोट में बदला। तीसरा, राजनीति में नैरेटिव बदला है, अब सिर्फ 'स्थिरता' नहीं, बल्कि 'न्याय और समान अवसर' की भाषा असर कर रही है। यही कारण है कि यह चुनाव भावनात्मक नहीं, बल्कि संरचनात्मक बदलाव का संकेत देता है। ऐसा नहीं लगता कि तारीक रहमान के नेतृत्व में आने वाली सरकार सहजता से शासन कर पाएगी। शपथ लेने के साथ ही उनकी असली चुनौती शुरू होती है। नया नेतृत्व जितना शक्तिशाली जनादेश लेकर आया है, उतनी ही बड़ी उसकी ज़िम्मेदारी है। लोकतंत्र में बहुमत ताकत नहीं, उत्तरदायित्व होता है। यदि यह सरकार संस्थाओं को मजबूत करती है, विपक्षी आवाज़ों को सम्मान देती है और चुनावी जीत को 'सहमति की राजनीति' में बदलती है, तो बांग्लादेश एक



नई लोकतांत्रिक स्थिरता की ओर बढ़ सकता है लेकिन यदि बहुमत 'वर्चस्व' में बदल गया, या फिर शेख हसीना की सरकार की तरह शक्तियों का केंद्रीकरण किया जाने लगा तो वही चक्र दोहराया जाएगा, जिससे बांग्लादेश बाहर निकला है। बांग्लादेश के राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक मोर्चे की तस्वीर उतनी चमकदार नहीं है, जितनी राजनीतिक मंच से दिखाई जाती है। विकास दर के दावों के बावजूद ज़मीनी सच्चाई बेरोज़गारी, महंगाई, विदेशी मुद्रा दबाव और असमान विकास की है। शहरी केंद्रों में समृद्धि का भ्रम है, लेकिन ग्रामीण और सीमावर्ती इलाकों में आर्थिक हाशियाकरण अब भी गहरा है। नया शासन अगर सिर्फ मैक्रो-इकोनॉमिक आंकड़ों में उलझा रहा और रोजगार-केंद्रित विकास मॉडल नहीं अपनाया, तो सामाजिक असंतोष जल्द ही राजनीतिक संकट में बदल सकता है। रही बात भारत-बांग्लादेश संबंधों की तो पिछले दशक में यह रिश्ता 'रणनीतिक साझेदारी' से 'रणनीतिक निर्भरता' की ओर बढ़ा था। ऊर्जा, ट्रांज़िट, व्यापार, सीमा-सुरक्षा के स्तर पर भारत की भूमिका निर्णायक रही, लेकिन सत्ता परिवर्तन के साथ ही इस रिश्ते की भाषा बदलेगी। हो सकता है कि नया शासन भारत को सहयोगी तो माने, लेकिन एकमात्र रणनीतिक विकल्प नहीं। यह फर्क सूक्ष्म है, पर निर्णायक। भारत अब 'स्वाभाविक साथी' रहेगा, पर 'विशेषाधिकार प्राप्त साझेदार' की उसकी भूमिका बदलती दिखाई दे रही है। यह बदलाव सीधे दक्षिण एशिया की जियो-पॉलिटिक्स को प्रभावित करेगा। बांग्लादेश का झुकाव बहु-ध्रुवीय विदेश नीति की ओर होगा,जहां भारत, चीन, खाड़ी देश, दक्षिण-पूर्व एशिया सभी समानांतर विकल्प होंगे। इसका अर्थ है कि भारत का क्षेत्रीय वर्चस्व नैरेटिव कमजोर हो सकता है और प्रतिस्पर्धात्मक कूटनीति का युग शुरू होने जा रहा है। यह केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि भू-आर्थिक प्रतिस्पर्धा भी होगी-बंदरगाह, लॉजिस्टिक्स, निवेश और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के स्तर पर। अब बांग्लादेश का जुड़ना इस क्षेत्र को एक ऐसे मोड़ पर ले जाएगा, जहां भारत को नेतृत्व 'स्वाभाविक' नहीं, बल्कि 'अर्जित' करना होगा। यानी सहयोग विश्वास से बनेगा, दबाव से नहीं। भारत के लिए यह क्षण आत्ममंथन का है। पड़ोस-नीति को सुरक्षा-केंद्रित चश्मे से देखने का समय अब खत्म हो रहा है। भारत को बांग्लादेश को "रणनीतिक फ्रंटलाइन" नहीं, बल्कि "समान साझेदार" के रूप में देखना होगा। भारत को अब शेख हसीना के समय में उपजे व्यक्तिवाद के समर्थन की रणनीति के बजाय कूटनीति का लोकतंत्रीकरण कर, आगे बढ़कर संबंधों का नवीकरण करना होगा।

शिक्षा, संस्कृति, युवा, मीडिया और नागरिक संवाद के स्तर पर निवेश बढ़ाना होगा। आर्थिक सहयोग का नया मॉडल,सिर्फ परियोजनाएं नहीं, बल्कि स्थानीय रोजगार-केंद्रित निवेश बनाना होगा और भाषा में संयम लाना पड़ेगा। भारत एवं बांग्लादेश दोनों देशों की सरकारों को समझना होगा कि हर मुद्दे को सुरक्षा समस्या बनाना रिश्तों को खोखला करता है। बहु-पक्षीय मंचों पर सक्रियता बिम्सटेक, क्षेत्रीय व्यापार मंचों और समुद्री सहयोग ढांचों में नेतृत्व संभालना है तो व्यावहारिक बना होगा और नई सरकार को समर्थन देते हुए शेख हसीना के मुद्दे को भी सुलझाना होगा। सच यह है कि भारत यदि बांग्लादेश को "प्रभाव-क्षेत्र" की तरह देखेगा, तो वह उसे धीरे-धीरे खो देगा और यदि उसे "साझा भविष्य" का भागीदार मानेगा, तो यह रिश्ता और गहरा होगा।

इतिहास गवाह है कि जो देश पड़ोस में लोकतंत्र को अवसर मानते हैं, वे स्थिर रहते हैं; जो उसे ख़तरा मानते हैं, वे अस्थिर होते हैं। बांग्लादेश ने अपना रास्ता चुन लिया है। अब भारत की बारी है कि वह अपनी राह चुने और एक-एक कर उसे दूर होते पड़ोसियों को चीन या पाकिस्तान की गोद में बैठने से बचाए।

(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
मुनीष भाटिया



# शिव दर्शन से सत्ता और न्याय का संतुलन संभव

आज के समय में जब समाज अनेक संकटों से जूझ रहा है, तब शिवजी की यह शिक्षा और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। अगर सामाजिक दृष्टि से देखा जाए, तो शिव का संदेश स्पष्ट है- समानता और समावेशिता। वे सभी वर्गों को समान दृष्टि से देखते हैं, चाहे वे किसी भी पृष्ठभूमि से आते हों। हम आधुनिक समाज में जाति, धर्म, वर्ग और संप्रदाय के नाम पर बंटे हुए हैं। हमारा सामाजिक ढांचा इतनी गहराई तक विभाजित हो चुका है कि हम मनुष्य की वास्तविक पहचान को भूल चुके हैं। शिव हमें यह सिखाते हैं कि किसी व्यक्ति की पहचान उसकी कर्मशीलता, उसकी सोच और उसके आचरण से होती है, न कि उसके जन्म से। अगर हम उनके इस सिद्धांत को आत्मसात करें, तो समाज में व्याप्त असमानता, भेदभाव और वैमनस्य को खत्म किया जा सकता है। इसके अलावा, मानसिक तनाव और अवसाद आज एक वैश्विक समस्या बन चुके हैं। लोग भौतिक सुख-सुविधाओं की दौड़ में इतने व्यस्त हो गए हैं कि मानसिक शांति खोते जा रहे हैं। शिव का योग और ध्यान से जुड़ा दर्शन यह दर्शाता है कि मानसिक शांति के लिए आंतरिक संतुलन आवश्यक है। वे विलासिता से दूर रहते हैं और सरलता को अपनाने का संदेश देते हैं। शिवजी के जीवन में एक और महत्वपूर्ण पक्ष है-उनकी सादगी। वे एक महान योगी हैं, जो भौतिक सुख-सुविधाओं से दूर रहते हैं। वे कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं, जो ठंड और कठोरता का प्रतीक है। उनके शरीर पर भस्म लगी होती है, जो यह दर्शाती है कि सांसारिक मोह-माया का अंत निश्चित है। वे यह संदेश देते हैं कि जीवन का असली आनंद भौतिक वस्तुओं में नहीं, बल्कि संतोष में है। आधुनिक समय में हम एक उपभोक्तावादी संस्कृति में जी रहे हैं, जहां हर कोई अधिक से अधिक भौतिक सुख-साधनों की लालसा रखता है। इस लालसा का कोई अंत नहीं है, और अंततः यह मानसिक अशांति और सामाजिक असंतुलन को जन्म देती है। शिव का दृष्टिकोण हमें यह सिखाता है कि जीवन में संतुलन बनाए रखना आवश्यक है, न तो पूरी तरह भौतिकता में डूबना सही है और न ही पूरी तरह से विमुख होना। शिव का जीवन मितव्ययिता और श्रम की महत्ता को दर्शाता है। उनकी विचारधारा हमें यह सिखाती है कि संसाधनों का न्यायसंगत वितरण होना चाहिए और श्रम को उचित सम्मान मिलना चाहिए।

यदि हम इस दर्शन को अपनाएं तो धन और संसाधनों का अधिक समान वितरण सुनिश्चित कर सकते हैं। भगवान शिव केवल एक देवता नहीं हैं, वे एक संपूर्ण जीवन दर्शन हैं। शिव को त्याग, संतुलन और न्याय का प्रतीक माना जाता है। वे उन आदर्शों को प्रस्तुत करते हैं, जो किसी भी समाज, अर्थव्यवस्था और शासन प्रणाली के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। उनका जीवन संदेश देता है कि शक्ति का सही उपयोग समाज कल्याण के लिए होना चाहिए, न कि व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए। वे त्याग, तपस्या, न्याय और संतुलन के प्रतीक हैं। उनका व्यक्तित्व जितना सरल है, उतना ही गूढ़ भी। वे संहार करते हैं, लेकिन केवल तभी जब समाज में अन्याय, अधर्म और अराजकता अपनी चरम सीमा पर पहुंच जाती है। शिवजी को नीलकंठ कहा जाता है क्योंकि उन्होंने समुद्र मंथन से निकले विष को अपने गले में धारण किया था। यह विष सम्पूर्ण संसार को नष्ट कर सकता था, लेकिन शिव ने उसे अपने भीतर समाहित कर लिया ताकि समाज सुरक्षित रहे। इस घटना का गहरा सांकेतिक अर्थ है। यह हमें बताता है कि समाज में बदलाव लाने के लिए, बुराइयों को समाप्त करने के लिए, सही नेतृत्व आवश्यक है। एक ऐसा नेतृत्व जो बलिदान देने को तैयार हो, जो समाज के कल्याण के लिए स्वयं कष्ट उठाने से न हिचके। राजनीतिक दृष्टि से शिव नेतृत्व का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। वे न्यायप्रिय हैं, लेकिन जब अन्याय अपनी सीमा पार कर लेता है, तो वे कठोर निर्णय लेने में संकोच नहीं करते। यह दृष्टिकोण प्रशासन के लिए एक आदर्श हो सकता है, जहां निर्णय न्याय और नीति के आधार पर लिए जाएं। वे सत्ता और शक्ति का उपयोग व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि संतुलन बनाए रखने के लिए करते हैं। वे दंड और प्रेम का संतुलन बनाए रखते हैं। यदि हम शिव के विचारों को आत्मसात करें, तो एक अधिक न्यायसंगत, संतुलित और समावेशी समाज का निर्माण संभव है। उनके दर्शन में केवल अतीत की शिक्षाएं नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य की समस्याओं के समाधान भी छिपे हैं। आज जब विश्व परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, तब हमें शिव के संतुलन, न्याय और कर्मशीलता के सिद्धांत को अपनाने की आवश्यकता है, ताकि समाज, अर्थव्यवस्था और राजनीति में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सफलता पाने के लिए मन पर अंकुश जरूरी




संकलित
दर्शन

मन अधिक चंचल है, क्योंकि वह माया में रमा हुआ है। उसे जीवन सफलता के मार्ग पर अग्रसर करने के लिए बड़े अंकुश की आवश्यकता होती है। परमात्मा के भय से बड़ा कोई नियंत्रक नहीं है। वह दृष्टिगोचर नहीं है। फिर भी सर्वव्यापी है। उसके कोई अधिकारी नहीं हैं। फिर भी उसका राज्य अनंत एवं व्यवस्था अति सुचारु है। उसने कोई संविधान नहीं बनाया। फिर भी वह गुण-दोष परखकर फल देता जा रहा है। परमात्मा अंतर्यामी है। कुछ भी उसकी दृष्टि से ओझल नहीं है। उसका न्याय होकर रहता है। सांसारिक विधानों से बचा जा सकता है, किंतु परमात्मा की परम शक्ति से नहीं। परमात्मा की सत्ता को स्वीकार कर उसके अनुसार जीवन व्यतीत करना ही दंड से बचने का एकमेव उपाय है। परमात्मा निराकार है, किंतु उसका कौतुक जीवन को प्रत्यक्षतः प्रभावित करता है। परमात्मा का सबसे बड़ा प्रभाव मनुष्य का तन है, जो पांच तत्वों जल, वायु, अग्नि, धरती और आकाश के संयोग से बना है। ये पांचों तत्व परस्पर विपरीत प्रकृति के हैं। वे एक साथ नहीं रह सकते। परमात्मा की ही महिमा है कि एक साथ जीव के तन में बस रहे हैं। इससे बड़ा चमत्कार कोई और नहीं हो सकता। परमात्मा ने अगण्य जीव रचे हैं और नित्य रचता जा रहा है। वह जीवों को रचता ही नहीं, उनका प्रतिपालन भी करता है। उसकी कृपा एवं उसका दंड पल-पल संसार में प्रकट होते हैं। वह राजा से रंक, रंक से राजा, ज्ञानी से अज्ञानी एवं अज्ञानी से ज्ञानी बना रहा है। उसकी लीला वही जानता है।

## गणेशजी ने मुनि का मार्ग प्रशस्त किया



संकलित
प्रेरणा

अगस्त्य नाम के ऋषि थे, वे समुद्र के किनारे कठोर व्रत कर रहे थे, वहाँ से कुछ दूरी पर एक पक्षी अपने अंडो को से रहा था। उसी समय समुद्र में तूफान सी लहरे उठने लगी, पानी चढ़ने लगा और पानी अपने साथ अंडो को बहा ले गया, पक्षी बहुत दुःखी हुआ और उसने प्रतिज्ञा की कि मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी और अपने चोंच में सागर के जल को भर भर कर फेंकने लगी ऐसा करते करते उसे काफी समय बित गया, समुद्र का जल घटा ही नहीं। वह दुःखी मन से अगस्त्य मुनि के पास गई और अपनी व्यथा सुना समुद्र को सुखाने की प्रार्थना की। अगस्त्य मुनि ने ध्यान से पक्षी की व्यथा सुनी और चिंता व्यक्त की। ऋषि विचार करने लगे की मैं कैसे इस पक्षी की सहायता कर सकता हूं। उन्हें चिंता होने लगी की मैं कैसे समुद्र के जल को पी कर सुखा सकूंगा। विचार करते हुए अगस्त्य मुनि ने गणेश जी का स्मरण किया और संकट चतुर्थी व्रत को पूरा किया। तीन मास व्रत करने से गणेश जी प्रसन्न हो गए। गणेशजी ने मुनि का मार्ग प्रशस्त किया चौथ व्रत की कृपा से अगस्त्य मुनि ने प्रेम से समुद्र को पी कर सुखा दिया और पक्षी की प्रतिज्ञा को पूरा किया। प्रतिज्ञा पूरी होने से पक्षी भी खुश हुआ।

गौरव



भारतीय तैराक सतेंद्र सिंह लोहिया न्यूजीलैंड के वेलिंगटन में कुक जलडमरूमध्य को सफलतापूर्वक पार करने के बाद भारतीय तिरंगा प्रदर्शित करते हुए, और ऐसा करने वाले एशिया के पहले पैरा तैराक बन गए हैं।

आज की पाती

### रोजगार निगल जाएगी एआई तकनीक

कुछ समय पहले अमेरिका में मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीच्यूट की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि एआई अमेरिका में भी रोजगार पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। इसमें बताया गया है कि वर्ष 2030 तक वहां बहुत से लोगों का रोजगार यह तकनीक छीन सकती है। पुरुषों से ज्यादा महिलाओं की नौकरी इस तकनीक से जा सकती है। कुछ लोग एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के अवसर में भी मौका ढूंढने के पक्ष में विचार रख रहे हैं। परिवर्तन प्रकृति का भी नियम है, लेकिन यह जरूरी नहीं कि कोई परिवर्तन हर किसी के लिए लाभदायक ही हो।

- सतीश चौबे, भिलाई

करंट अफेयर

## पाकिस्तान में नौ शेर व दो जिराफ को दया मृत्यु दी गई



पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में असाध्य वंशानुगत बीमारियों से पीड़ित नौ शेरों और दो जिराफों को 'दया मृत्यु' दे दी गई। लाहौर सफारी पार्क में लगभग 30-40 शेर हैं, जबकि जिराफों की यह जोड़ी अक्टूबर 2025 में दक्षिण अफ्रीका से लाई गई थी। वन्यजीव विभाग के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि नौ में से सात शेर सफारी पार्क के थे, जबकि दो स्थानीय चिड़ियाघरों से लाए गए थे। पंजाब की वरिष्ठ मंत्री मरियम औरंगज़ेब ने कहा कि बीमार शेरों को पशु चिकित्सकों की सलाह पर प्रांत के विभिन्न चिड़ियाघरों से लाहौर सफारी पार्क भेजा गया था। मंत्री ने एक बयान में कहा, "कुछ शेर असाध्य वंशानुगत बीमारियों से ग्रस्त थे, जबकि कुछ ऐसे रोग से पीड़ित थे जिनका कोई प्रभावी इलाज संभव नहीं था।" उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सकों और वन्यजीव विशेषज्ञों की एक समिति ने इन मामलों की समीक्षा की थी। मंत्री ने कहा, "लाइलाज बीमारियों से पीड़ित पशुओं को आगे की पीड़ा से बचाने के लिए 'दया मृत्यु' देना वैश्विक स्तर पर मानक प्रथा है और पाकिस्तान के वन्यजीव कानूनों में भी इसका प्रावधान है।

ऑफ बीट

## आपकी विशिष्ट गंध देगी बीमारी की जानकारी



हमारे शरीर से हर सेकंड सैकड़ों रसायन हवा में प्रवाहित होते हैं। ये रसायन हवा में आसानी में घुल जाते हैं क्योंकि इनमें वाष्प का दबाव अधिक होता है, जिसका अर्थ है कि वे उबल जाते हैं और कमरे के तापमान पर गैस में बदल जाते हैं। वे इस बात का पता देते हैं कि हम कौन हैं और कितने स्वस्थ हैं। प्राचीन यूनानी काल से, हम जानते हैं कि जब हम अस्वस्थ होते हैं तो हमारी गंध अलग-अलग होती है। आज हम रक्त विश्लेषण पर भरोसा करते हैं, प्राचीन यूनानी चिकित्सक बीमारियों के निदान के लिए गंध का उपयोग करते थे। आपकी सांस का एक झोंका लेकर वह बता सकते थे कि आपको फेटोर हेपेटिकस (मतलब खराब लीवर) है, तो इसका मतलब होता था कि आप लीवर की बीमारी की ओर बढ़ सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति की सांस की हवा में मीठापन या फलों की गंध होती थी, तो चिकित्सकों का निष्कर्ष होता था कि पाचन तंत्र में शर्करा टूट नहीं रही है, और उस व्यक्ति को संभवतः मधुमेह है। विज्ञान ने तब से दिखाया है कि प्राचीन यूनानी सही थे - जिगर की विफलता और मधुमेह तथा संक्रामक रोगों सहित कई अन्य बीमारियाँ आपकी सांसों को एक विशिष्ट गंध देती हैं। 1971 में, नोबेल पुरस्कार विजेता रसायनज्ञ लिनुस पॉलिंग ने सांस में 250 विभिन्न गैसीय रसायनों की गिनती की।

ट्रेंड

### समृद्ध राष्ट्र की नींव



आर्थिक प्रगति से समृद्धि बढ़ती है तथा तकनीकी प्रगति नवाचार, दक्षता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देती है। ये एक समृद्ध राष्ट्र की नींव रखते हैं। लेकिन नैतिकता-विहीन आर्थिक और तकनीकी विकास समाज में असंतुलन पैदा कर सकते हैं।

- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### हर रोज नया बहाना



संसद को बाधित करने के लिए हर रोज नया बहाना गढ़ना अब कांग्रेस की कार्यशैली नहीं, उसकी पहचान बन चुकी है। नेता प्रतिपक्ष होते हुए भी राहुल गांधी ने जिम्मेदारी का नहीं, अराजकता का रास्ता चुना है। झूठ बोलो और बार-बार बोलो की राजनीति अब उनकी राजनीतिक पहचान है।

- धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### विशेषाधिकार प्रस्ताव लाएं



एफआईआर हो, मुकदमा दर्ज हो या विशेषाधिकार प्रस्ताव लाएं - मैं किसानों के लिए लड़ूंगा। जो भी ट्रेड डील किसानों की रोज़ी-रोटी छीने या देश की खाद्य सुरक्षा को कमजोर करे, वह किसान-विरोधी है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### 'सेवा तीर्थ' का उद्‌घाटन



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'सेवा तीर्थ' का उद्‌घाटन नए भारत की आधुनिक कार्य संस्कृति का एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। पीएमओ, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय का एक ही छत के नीचे आना 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' को चरितार्थ करेगा।

- भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# प्रेम रूपी अभिव्यक्ति को बयां करने, न शब्दों की जरुरत न ही नजरों के इशारे की

## वैलेंटाइन डे स्पेशल



नजर और शब्दों से परे प्रेम की कहानी बयां कराते राजधानी के मूक बधिर और दृष्टिबाधित कपल्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रेम वह अहसास है, जिसे न शब्द बांध सकते हैं और न नजरें छुपा सकती हैं, कुछ रिश्ते कहे नहीं जाते, बस महसूस किए जाते हैं, प्रेम उसी रिश्तों का अहसास करा देता है।

किसी शायर ने कहा भी है जब मौन बोलने लगे, वहीं से प्रेम शुरू होता है। प्रेम वह रोशनी है, जो जीवन को उजाला से भर देती है। प्रेम रुपी इस अभिव्यक्ति को बयां करने के लिए शब्दों की जरूरत नहीं, न ही एक दूसरे को देखने की। यह वो अहसास है जो न तो शब्दों का मोहताज है और न ही नजरों के इशारों में बंधा जा सकता है। बस यह ईश्वर प्रदत्त एक भाव है जो मौन में भी संवाद कर ले, दूरी में भी निकटता महसूस करा दे। आज वैलेंटाइन डे पर हरिभूमि ने कुछ ऐसे ही जोड़े तलाशे तो दृष्टिबाधित हैं या मूक बधिर, लेकिन इनके भीतर के प्रेम ने इन्हें मिलवाया और प्रेम रूपी इस अहसास में उन्हें अपने जीवन का सार मिल गया।

### हमारे भीतर के प्रेम को आंखों से बयां करने की जरुरत नहीं

दृष्टिबाधित दम्पती प्रसिद्ध गायिका दिव्यता गर्ग और अमित गर्ग एक ऐसे कपल हैं, जिनके भीतर के प्रेम को आंखों से बयां करने की आवश्यकता नहीं थी। बस दिल में छिपा प्रेम मन के भावों से बाहर आ गया। दिव्यता का कहना है कि अमित गर्ग से मेरी मुलाकात काफी सालों पहले एक म्यूजिक शो के दौरान हुई थी, क्योंकि मुझे गाने का शुरू से ही शौक है और अमित को वादन का तो हम दोनों का शौक कब प्यार में तबदील हो गया, पता भी नहीं चला। आज हमारा 10 साल का बेटा है, जो स्वस्थ है। उन्होंने कहा कि कहते हैं जोड़ियां ऊपर से बनकर आती हैं तो हम दोनों की जोड़ी ऊपर से ही बनकर आई है। बस एक संगीत संध्या ने हमें मिलवाने का काम किया, आज हम दोनों एक दूसरे इतना जुड़ाव महसूस करते हैं कि एक को चोट लगे तो दूसरे को अपने आप ही पता चल जाती है।



### एक-दूसरे को न देख पाएं हो, लेकिन लगता है जन्म-जन्म का साथ है

शासकीय शिक्षक गेंदालाल कौरव का कहना है कि साल 1988 में टाइफाइड की वजह से मेरे आंखों की रोशनी चली गई थी और मेरी पत्नी ललिता की भी इसी वजह से आंखों की रोशनी गई थी, लेकिन फिर भी उसे कम मात्रा में नजर आता है बावजूद इसके उसने मुझसे विवाह किया और आज हम खुशी से अपना दाम्पत्य जीवन जी रहे हैं। गेंदालाल ने कहा कि हमें पहली मुलाकात में ही लगने लगा था कि हम एक-दूसरे के लिए बने हैं और साल 2006 में हमारा विवाह हो गया। आज हमारे विवाह को बीस साल हो गए, लेकिन लगता है कि हमारा जन्म-जन्म का साथ है। बस मैं ललिता जैसी हमसफर पाकर बेहद खुश हूं। लगता है ईश्वर ने यदि जीवन में कुछ कमी छोड़ी है तो बहुत कुछ दे भी दिया, हमारे बच्चे पूरी तरह स्वस्थ हैं, ऐसे में लगता है कि ईश्वर ने हमारी प्रार्थना सुन ली और अच्छी संतानों के रूप में हमारे प्रेम का सम्मान किया।



### सोशल मीडिया पर मिले और साइन लैंग्वेज बनी दिलों को जोड़ने का आधार

आजकल सोशल मीडिया लोगों को प्रसिद्धी दिलाने के साथ ही दिलों को जोड़ने का भी काम करता है। सोशल मीडिया पर मिले और आज एक सफल वैवाहित जीवन जी रहे ऐसे ही दम्पती हैं भोपाल के मूकबधिर दम्पती राम बोडे और रायपुर की चमेली। राम की मां ने कहा, राम और चमेली की मुलाकात सोशल मीडिया पर हुई, शुरुआत में बातचीत का सिलसिला चला और फिर साइन लैंग्वेज ने दोनों के दिलों को जोड़ने का काम किया। सोशल मीडिया पर दोनों ही एक-दूसरे को काफी हद तक समझने लगे और लगा कि वो एक-दूसरे के लिए ही बने हैं। बातचीत का सिलसिला चला और फिर साइन लैंग्वेज ने दोनों के दिलों को जोड़ने का काम किया। साल 2024 में राम और चमेली की शादी हुई। राम की मां ने बताया कि दोनों के बीच अंडरस्टैंडिंग बहुत अच्छी है। वे एक-दूसरे का ख्याल रखते हैं और हर सुख-दुख में साथ खड़े रहते हैं। तीन महीने पहले ही उनके घर बेटे का जन्म हुआ।



---

## भारत भवन के 44वें वर्षगांठ समारोह का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने किया शुभारंभ

# पंडित हरिप्रसाद चौरसिया की बांसुरी की तान में बसी साधना ने रचा सुरों का अमर संसार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

झीलों की नगरी भोपाल में स्थित बहुकला केन्द्र भारत भवन का परिसर शुक्रवार को सुर, रंग और रचना के समवेत उल्लास से आलोकित हो उठा। 44वें वर्षगांठ समारोह का शुभारंभ कृतज्ञता और उत्सवधर्मिता की भाव-थीम के साथ हुआ। दस दिवसीय इस सांगीतिक पर्व के प्रथम दिवस ने भारतीय कला-संस्कृति की बहुरंगी परंपराओं को एक ही मंच पर साकार कर दिया। समारोह का प्रमुख आकर्षण हरि प्रणाम श्रृंखला के अंतर्गत पद्मविभूषण पंडित हरिप्रसाद चौरसिया और उनके शिष्यों की बांसुरी वादन की अनुपम प्रस्तुति रही। जैसे ही पंडितजी ने मंच पर अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई, सभागार में उपस्थित संगीत प्रेमियों ने दीर्घ तालियों से उनका स्वागत किया।

वातावरण में एक आत्मीय प्रतीक्षा थी मानो श्रोताओं की धड़कनें भी बांसुरी के पहले स्वर की राह देख रही हों। पंडित हरिप्रसाद चौरसिया ने विनम्रता से अभिवादन स्वीकार करते हुए अपने साज को साधना आरंभ किया। उन्होंने माइक थामते हुए आत्मीय स्वर में कला-प्रेमियों से संवाद करते हुए भारत भवन में मुरलीवादन के अवसर को सुखद संयोग बताया। अपने साथ संगत कर रहे शिष्यों के साथ प्रीतिकार संवाद करते हुए पंडितजी ने बांसुरी वादन की शुरूआत की।




समारोह में पद्मविभूषण पंडित हरिप्रसाद चौरसिया और उनके शिष्य बांसुरी वादन की प्रस्तुति देते हुए।

### पहला 'स' लगाते ही माहौल में फैली सुरीली गमक

मौसम, मौका और महफिल के मिजाज को देखते हुए बांसुरी वादन के लिए पंडित हरिप्रसाद चौरसिया ने सायंकालीन राग यमन का चयन किया। जैसे ही अधरों पर बांसुरी वादन रखते हुए उन्होंने पहला सुर 'स' लगाया माहौल में सुरीली गमक फैल गई। इसी के साथ राग का सिलसिला आलाप में आगे बढ़ा। उनके साथ शिष्यों घनश्याम चंद्र, वैष्णवी और किरण ने राग की बढ़त ली। आलाप के बाद जोड़ और बंदिश के साथ राग यमन के सुर गहराते गए, स्वर लहरियां मध्यम और तार सप्तक की ऊंचाइयों तक पहुंची।



बांसुरी वादन सुनने बड़ी संख्या में श्रोता पहुंचे।

### बुंदेली लोक संस्कृति की जीवंत अभिव्यक्ति बना राई नृत्य



समारोह के पूर्वरंग में स्मृति श्रृंखला के अंतर्गत पंडित रामसहाय पाण्डेय की प्रणति में संतोष कुमार पाण्डे एवं उनके साथी कलाकारों ने राई नृत्य की प्रभावपूर्ण प्रस्तुति दी। बुंदेली लोकसंस्कृति की यह जीवंत अभिव्यक्ति अपनी लय, भाव-भंगिमाओं और चपल पद-संचालन के माध्यम से दर्शकों को लोक-रंग में सराबोर कर गई। इसके साथ ही मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंग-संगीत की प्रस्तुति से परिसर को सजीव कर दिया।



### कला साधकों के लिए प्रेरणा है भारत भवन

वर्षगांठ समारोह का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने भारत भवन को प्रदेश की सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह संस्थान कला साधकों के लिए प्रेरणा का केंद्र है। इस अवसर पर भारत भवन के न्यासी सचिव शिव शेखर शुक्ला, संचालक संस्कृति एनपी नामदेव, सहित बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी उपस्थित हुए।

## स्त्री-अभिव्यक्ति के विविध आयामों का हुआ प्रदर्शन

रूपंकर कला संग्रह से 44 महिला कलाकारों की कृतियों की प्रदर्शनी का उद्‌घाटन भी हुआ। कैनवास और मूर्तिकला के माध्यम से स्त्री-अभिव्यक्ति के विविध आयामों को दर्शाती इन कृतियों ने दर्शकों को विचार और संवेदना के नए क्षितिज से परिचित कराया। प्रत्यय श्रृंखला में रीता भूरिया और मनीषा बारिया के चित्रों में जनजातीय कला और संस्कृति की सशक्त उपस्थिति देखने को मिली।



## मेरी इच्छा थी कि मप्र में बांसुरी का गुरुकुल बने, पर शायद मेरी आवाज उच्च अधिकारियों तक नहीं पहुंची...

भारत भवन स्थापना दिवस समारोह में प्रस्तुति देने आए प्रसिद्ध बांसुरी वादक हरिप्रसाद चौरसिया ने बताए अपने जीवन के अनुभव

हरिभूमि चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कुछ साल पहले जब मैं भोपाल में प्रस्तुति देने आया था, तब मैंने अपनी एक इच्छा जाहिर की थी कि जिस प्रदेश में रंगकर्म के गढ़ के रूप में भारत भवन है, वहां बांसुरी का भी एक गुरुकुल बनना चाहिए, लेकिन मेरी वह इच्छा अभी भी अधूरी है।

शायद मेरी आवाज उच्च अधिकारियों तक नहीं पहुंची... यह कहना है बांसुरी का जादूगर कहलाने वाले पद्म विभूषण और पद्म भूषण सम्मान से सम्मानित पंडित हरिप्रसाद चौरसिया का, जो शुक्रवार को भारत भवन के स्थापना दिवस समारोह में प्रस्तुति देने आए और इस अवसर पर हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने शास्त्रीय गायन व वादन से जुड़े सवालों के जवाब दिए।

### शिव-हरि की जोड़ी को लोग सदियों तक याद रखेंगे

शिव-हरि जोड़ी के टूटने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भले ही सिलसिला, फासले, चांदनी, लम्हें और डर जैसी फिल्मों में संतूर वादक शिवकुमार शर्मा के साथ मेरी जोड़ी जिसे लोगों ने शिव-हरि जोड़ी नाम दिया काफी प्रसिद्ध रही, लेकिन आज शिव के जाने से कुछ महीनों तक मैं काफी खाली महसूस करता रहा, परन्तु ईश्वर के फरमान के आगे किसकी चलती है, लेकिन आज भी मेरे दिल में शिव की यादें बसी हैं। लेकिन मैं फिर भी कहूंगा कि शिव-हरि की जोड़ी को लोग सदियों तक याद रखेंगे।

### रियाज में घंटे न देखो, बस ईश्वर से अपनी लगी लगन को महूसस करो

करीब 87 साल के हरिप्रसाद कहते हैं कि भले ही मैं 90 के करीब पहुंच रहा हूं, लेकिन रियाज तो अभी भी करता हूं, जिसमें मैं कभी भी घंटे नहीं गिनता, बस मेरा रियाज मुझे ईश्वर से जोड़ने का काम करता है। इसलिए मैं हमेशा कहता हूं कि रियाज करने में घंटे न देखो, बस ईश्वर से अपनी लगी लगन को महसूस करो। संगीत की ऊंचाईयों पर खुद ब खुद पहुंच जाओगे।

### आज के बच्चों को जड़ों से जोड़ने की आवश्कता है

आज की युवा पीढ़ी द्वारा शास्त्रीय गायन व वादन से दूर होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वह दूर नहीं हो रहे हैं, बल्कि हम उन्हें दूर कर रहे हैं। माता-पिता अलग खाना खा रहे हैं, कमाने में लगे हैं, उन्हें समय नहीं दे रहे। युवाओं या बच्चों को अलग छोड़ दिया है, तो ऐसे में वो अकेलेपन से घिरेंगे ही और शास्त्रीय गायन हो या वादन, हमें हमारी जड़ों से जोड़ता है, बस बच्चों को उन्हीं जड़ों से जोड़ने की आवश्कता है।

---




## विश्व रेडियो दिवस पर एमसीयू में सामुदायिक रेडियो कर्मवीर री-लॉन्च 52 गांवों तक गूंजेगी आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) में विवि के प्रकल्प सामुदायिक रेडियो रेडियो कर्मवीर का भव्य री-लॉन्च समारोह उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ।

रेडियो कर्मवीर विद्यार्थियों द्वारा, समुदाय के लिए और समुदाय के हित में संचालित एक महत्वपूर्ण प्रकल्प है, जो पं. माखनलाल चतुर्वेदी के ऐतिहासिक कर्मवीर नाम की परंपरा को आगे बढ़ा रहा है। समारोह में खास तौर से प्रसिद्ध चिंतक-विचारक एवं सिद्ध पीठ हनुमत निवास, अयोध्या के पीठाधीश्वर आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण महाराज की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने की। अपने संबोधन में कुलगुरु ने आचार्य की उपस्थिति को विश्वविद्यालय के लिए सौभाग्य बताया और रेडियो कर्मवीर टीम के प्रयासों की सराहना की।

## दूरदर्शन के आंगन में खूब बिखरे 'होली के रंग'

लोक गीतों की मिठास और फागुन की मस्ती से दर्शकों को सराबोर कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के दूरदर्शन केंद्र में होली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक विरासत और लोक कला का अनूठा संगम देखने को मिला...दूरदर्शन केंद्र भोपाल द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम 'होली के रंग, दूरदर्शन के संग' के अंतर्गत 'फाग उत्सव' का भव्य आयोजन किया गया। इस उत्सव ने लोक गीतों की मिठास और फागुन की मस्ती से दर्शकों को सराबोर कर दिया।

रंग बिरंगी वेशभूषा में सजे कलाकारों ने बांधा समां



दूरदर्शन केंद्र में फाग उत्सव के तहत लोकगीतों की प्रस्तुति।



### बघेली लोक नृत्य ने बांधा समां

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बघेली लोक कला की शानदार प्रस्तुति रही। विंध्य क्षेत्र के प्रसिद्ध लोक कलाकार शशि कुमार पांडे और उनके दल ने बघेली लोक नृत्य और पारंपरिक फाग गीतों के जरिए समां बांध दिया। कलाकारों ने जब पारंपरिक वाद्य यंत्रों की थाप पर 'बघेली फाग' और होली के गीत छेड़े, तो पूरा परिसर उल्लास से भर उठा। रंग-बिरंगी वेशभूषा में सजे कलाकारों की ऊर्जा और नृत्य की बारीकियों ने उपस्थित अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



## पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर की पुस्तक का लोकार्पण

■ नई दिल्ली के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, सभागार में आयोजन

**भोपाल।** वरिष्ठ पत्रकार, लेखक एवं सप्रे संग्रहालय के संस्थापक निदेशक पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर की पुस्तक 'समग्र भारतीय पत्रकारिता' का लोकार्पण शुक्रवार, 13 फरवरी को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र नई दिल्ली के सभागार में किया गया। अध्यक्षता केंद्र के अध्यक्ष रामबहादुर राय ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ संपादक अच्युतानंद मिश्र उपस्थित थे। इस अवसर पर पुस्तक के लेखक पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर, वरिष्ठ पत्रकार अनंत विजय, काशी नागरी प्रचारिणी सभा के प्रधानमंत्री व्योमेश शुक्ला ने वक्ता के रूप में अपने विचार किए।

राहुल की ट्रेड डील के खिलाफ बड़े आंदोलन की तैयारी

# किसान संघ के नेताओं से की अचानक मुलाकात, ट्रेड डील का विरोध करने के लिए राष्ट्रव्यापी आंदोलन की आवश्यकता पर दिया जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच हुए हालिया व्यापार समझौते पर कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी केंद्र की केंद्र सरकार पर हमलावर हैं। वे रोजाना आरोप लगा रहे हैं कि ट्रेड डील किसानों की रोजी-रोटी छीनेगा और देश की खाद्य सुरक्षा को कमजोर करने वाला है। राहुल ने लोकसभा में व्यापार समझौते को किसान विरोधी बताया है। इस कड़ी में राहुल ने अब शुक्रवार को किसान संघों के नेताओं से मुलाकात की।

## किसान नेताओं ने भी विरोध जताया

राहुल ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में देश भर के किसान संघों के नेताओं से मुलाकात की, जिसमें अंतरिम व्यापार समझौते का विरोध करने राष्ट्रव्यापी आंदोलन की आवश्यकता के साथ किसानों और कृषि मजदूरों की आजीविका की रक्षा करने पर चर्चा की। बैठक के दौरान किसान संघ के नेताओं ने अपना विरोध जताया।


किसान नेताओं के साथ बैठक में चर्चा करते लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष सांसद राहुल गांधी

## भारतीय किसान कांग्रेस, भाकिमयू समेत कई शामिल रहे

राहुल से मिलने वाले किसान नेताओं में अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के प्रमुख सुखपाल एस खैरा, भारतीय किसान मजदूर यूनियन, हरियाणा के अशोक बलहारा, बीकेयू क्रांतिकारी के बलदेव एस जीरा, प्रगतिशील किसान मोर्चा के आर नंदकुमार, बीकेयू शहीद भगत सिंह के अमरजीत एस मोहरी, किसान मजदूर मोर्चा-भारत के गुरमनीत एस मंगत और जेके जमीदारा फोरम के हमीद मलिक शामिल थे।

### हम मिलकर लड़ें तो केंद्र सरकार को झुकना पड़ेगा

मुलाकात के बाद किसान नेताओं ने कहा कि यूएस से हुई ट्रेड डील से किसान तबाह हो जाएंगे। किसान संगठन सड़क पर लड़ रहे हैं। हमने राहुल से इस मुद्दे पर आवाज उठाने की मांग की। हम मिलकर लड़े तो सरकार को झुकना पड़ेगा। केंद्र की इस दलील पर कि इस डील में अन्नदाताओं के हित पूरी तरह सुरक्षित हैं, किसान नेताओं ने कहा कि अगर ऐसा होता, तो हमें सड़क पर नहीं उतरना पड़ता।

### एक दिन पहले ही इसका वीडियो किया था शेयर

राहुल के उस बयान के एक दिन बाद हुई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि सरकार उनके खिलाफ मामले या विशेषाधिकार प्रस्ताव ला सकती है, लेकिन वे किसानों के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर किसान विरोधी होने और भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के जरिए देश को बेचने का भी आरोप लगाया था। लोकसभा में एक्स पर एक वीडियो बयान साझा किया था, जिसमें उन्होंने भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर सरकार पर तीखा हमला किया था। एक्स पर राहुल ने लिखा कि एफआईआर हो, मुकदमा दर्ज हो या विशेषाधिकार प्रस्ताव लाएं। मैं किसानों के लिए लड़ूंगा। जो भी ट्रेड डील किसानों की रोजी-रोटी छीने या देश की खाद्य सुरक्षा को कमजोर करे, वह किसान-विरोधी है। किसान-विरोधी मोदी सरकार को समझौता नहीं करने देंगे।

## खबर संक्षेप

### यूट्यूबर कटारिया 20 माह बाद जेल से रिहा

**पंचकूला।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने यूट्यूबर और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर बलवंत सिंह यानी बॉबी कटारिया को मानव तस्करी केस में रेगुलर बेल दे दी है। 20 जुलाई 2024 को हरियाणा पंचकूला में स्पेशल जज ने बॉबी की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। यूट्यूबर ने अपील की, इसकी अपील को 12 फरवरी को हाईकोर्ट ने मंजूरी दी।



### टीवीके की राजनीतिक बैठक में युवक की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के सलेम शहर में आयोजित टीवीके की एक राजनीतिक बैठक के दौरान युवक की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। प्राथमिक जांच में मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। इस घटना ने बैठक में मौजूद लोगों को स्तब्ध कर दिया। सलेम पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में आगे की जांच की जा रही है।



### अंसारी के गुर्गे की गोली मारकर हत्या

**बाराबंकी।** थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत असैनी मोड़ के पास शुक्रवार दोपहर अज्ञात बदमाशों ने सिविल लाइन निवासी अधिवक्ता सुयेब उर्फ बॉबी की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात से इलाके में दहशत फैल गई। अधिवक्ता सुयेब उर्फ बॉबी लखनऊ से बाराबंकी की ओर कार से आ रहे थे। असैनी मोड़ ब्रिज के ऊपर फायरिंग कर दी।



### एक्टर रणवीर को फिर मिली धमकी

**नई दिल्ली।** लॉरेंस बिश्नोई गैंग के हरि बॉक्सर नाम के एक आदमी ने एक नया ऑडियो मैसेज जारी किया है जिसमें एक्टर रणवीर सिंह और फिल्ममेकर रोहित शेट्टी को धमकी दी गई है। उसने चेतावनी दी है कि अगर उन्होंने उसकी मांगें नहीं मानीं तो उनके 'पूरे स्टाफ' को मार दिया जाएगा। रिकॉर्डिंग में बोलने वाले ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग होने का दावा किया।



### अलंकार अग्निहोत्री नई राजनीतिक पार्टी बनाएंगे

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट पर से इस्तीफा देने के बाद अलंकार अग्निहोत्री लगातार चर्चा का विषय बने हुए हैं। बीते महीने अलंकार अग्निहोत्री यूजीसी एक्ट समेत कई मुद्दों पर विरोध दर्ज कराते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया और उन्हें सस्पेंड करके उनके खिलाफ जांच बैठा दी गई।



पीठासीन अधिकारी की अपील के बाद भी विपक्ष ने जारी रखा हंगामा

# विपक्ष के शोर-शराबे, नारेबाजी और प्रदर्शन के बाद 'दोनों सदन' 9 मार्च तक स्थगित




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में शुक्रवार को लगातार हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई। कार्यवाही की शुरुआत से ही विपक्षी दलों के शोर-शराबे के चलते सदन सुचारू रूप से नहीं चल सका। इससे पहले कई मंत्रियों ने अपने-अपने मंत्रालयों से संबंधित दस्तावेज सदन के पटल पर रखे। हंगामे के बीच पीठासीन अधिकारी संध्या राय ने विपक्षी सदस्यों से सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की, लेकिन शोर-शराबा जारी रहने पर पहले कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। दोपहर बाद कार्यवाही दोबारा शुरू हुई, जिसमें कई मंत्रियों ने अपने मंत्रालयों से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत किए। इसके बाद सदन को 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

संसद की कार्यवाही की शुरुआत से ही विपक्षी दलों के शोर-शराबे के चलते सदन सुचारू रूप से नहीं चल सका

## दो बार के स्थगन के बाद भी नहीं माने विपक्षी सांसद

### एपस्टीन मुद्दे पर विपक्ष का विरोध

सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए वेल में पहुंच गए। उन्होंने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के कथित तौर पर जेफरी एपस्टीन से संबंधों के आरोप को लेकर इस्तीफे की मांग की।लोकसभा की कार्यवाही से पहले भी विपक्षी दलों ने एपस्टीन फाइलों के मुद्दे पर संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। हालांकि, पुरी ने कांग्रेस के दावों को पूरी तरह खारिज कर दिया।


लोकसभा में हंगामा करते विपक्षी सांसद

### कोडीन सिरप से मौतों का मुद्दा उठा

कांग्रेस सांसद उज्ज्वल रमन सिंह ने कोडीन सिरप के सेवन से हुई 'कई मौतों' का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में पीड़ितों को पांच-पांच लाख रुपए मुआवजा देने और दोषियों के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग की।प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि किसी की मौत 'कोडीन' से नहीं हुई है।

राज्यसभा में भाषण के हिस्से को हटाने पर भड़के खरगे

### यह लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की आजादी के खिलाफ कदम

राज्यसभा में शुक्रवार को बोलते हुए विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने पिछले संबोधन के बड़े हिस्से को सदन के रिकॉर्ड से हटाने पर नाराजगी जताई। खरगे ने कहा कि 4 फरवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान उनके भाषण का एक बड़ा हिस्सा बिना किसी औचित्य के आधिकारिक रिकॉर्ड से हटा दिया गया था। खरगे ने इस कदम को 'लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ' बताया। इसी के साथ उन्होंने कहा कि हटाए गए भाषण में सरकार की नीतियों की आलोचनाएं शामिल थीं, जिसे उन्होंने एक विपक्षी सदस्य के रूप में उजागर करना अपना कर्तव्य बताया। इसी के उन्होंने हटाए गए भाषण के हिस्सों को बहाल करने का भी आग्रह किया।



### बिना किसी उचित स्पष्टीकरण के हटाया हिस्सा

खरगे ने कहा कि 4 फरवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा के दौरान मैं आपका ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं। जब मैंने रवेबसाइट पर वीडियो देखा, तो मैंने पाया कि मेरे भाषण का एक अहम हिस्सा बिना किसी उचित स्पष्टीकरण या औचित्य के हटा दिया गया।

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बोले चौहान

## डेयरी और पोल्ट्री के दरवाजे नहीं खोले गए

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अमेरिकी व्यापार समझौते में किसानों के हितों को लेकर अहम बात की। उन्होंने एक्स पर एक वीडियो संदेश में कहा कि पीएम मोदी हमेशा से किसान हितैशी रहे हैं। चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री का हर निर्णय किसानों के हित में लिया गया है। उनकी योजनाओं ने किसानों की जिंदगी बदल दी है। जो समझौता हुआ है, उसमें भी किसान हित पूरी तरह से सुरक्षित हैं। खाद्य पदार्थों का उत्पादन करने वाले किसानों की जरूरतें पूरी करेगा।



### मसाला उत्पादक किसानों को नया विशाल बाजार मिलेगा

चौहान ने स्पष्ट किया कि सरकार ने कुछ संवेदनशील क्षेत्र के लिए सख्त सीमाएं बनाए रखी हैं। उन्होंने कहा कि पोल्ट्री के लिए, डेयरी उत्पाद के लिए देश के दरवाजे नहीं खोले गए हैं। सच तो ये है हमारे मसाला उत्पाद किसानों को नया विशाल बाजार मिलेगा।

उत्तर भारत की महिलाओं पर टिप्पणी

## डीएमके सांसद मारन 23 फरवरी को अदालत में खुद हाजिर हों

एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरपुर

उत्तर भारत की महिलाओं को लेकर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) के सांसद दयानिधि मारन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मुजफ्फरपुर की सीजेएम कोर्ट ने उनके खिलाफ नोटिस जारी करते हुए 23 फरवरी को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का आदेश दिया है। एक बयान में मारन ने कथित तौर पर उत्तर भारत की महिलाओं के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा कि उत्तर भारत की महिलाएं केवल घर का काम और बच्चों को जन्म देने तक सीमित हैं, जबकि तमिलनाडु की महिलाएं अधिक शिक्षित, कामकाजी और सर्वगुण संपन्न हैं। इसके बाद उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में नाराजगी देखी गई। मामले में परिवादी एवं सिविल कोर्ट मुजफ्फरपुर के अधिवक्ता सुधीर कुमार ओझा ने अदालत में परिवाद दायर किया।


सांसद दयानिधि मारन

भाजपा के 'औरंगजेब' पर उद्धव का तंज

## भाजपा हिंदुत्व का पाठ न पढ़ाए एआईएमआईएम से गठबंधन...

**मुंबई।** उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय जाधव ने परभणी महापौर चुनाव को लेकर भाजपा के 'औरंगजेब' वाले कटाक्ष पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा हिंदुत्व का पाठ नहीं पढ़ाना चाहिए, क्योंकि उसने 2नगर परिषदों में ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के साथ हाथ मिलाया था। भाजपा ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना की परभणी नगर निगम में महापौर पद के लिए पार्टी पार्षद सैयद इकबाल को नामित करने के लिए आलोचना की और उनपर पर मराठी 'मानुष' की अनदेखी करने का आरोप लगाया। कांग्रेस के समर्थन से इकबाल मध्य महाराष्ट्र के परभणी शहर के नए महापौर चुने गए। भाजपा के प्रवक्ता नवनाथ बान ने कहा कि उद्धव ठाकरे परभणी में औरंगजेब के एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं।


उद्धव ठाकरे

'वन नेशन वन इलेक्शन' पर जेपीसी से बोले पूर्व सीजेआई

यह 'संसद की क्षमता के तहत है'

## इससे न संविधान का उल्लंघन होगा और न ही संघवाद को दिक्कत होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के पूर्व चीफ जस्टिस बीआर गवई ने वन नेशन वन इलेक्शन वाले बिल का समर्थन किया है। पूर्व सीजेआई ने इस विधेयक की पड़ताल कर रही संयुक्त संसदीय समिति से गुरुवार को कहा कि 'वन नेशन वन इलेक्शन' बिल न तो संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता है और न ही इससे संघवाद या लोकतांत्रिक शासन वाले ढांचे पर ही कोई प्रभाव पड़ेगा। एक देश एक चुनाव विधेयक भारत में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक ही साथ करवाने के लिए लाया गया है।

### सिर्फ एक चुनावी साइकिल को दुरुस्त करना होगा



भाजपा सांसद पीपी चौधरी की अध्यक्षता वाली संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के सामने जस्टिस गवई ने कहा कि देश में एक साथ चुनाव करवाने के लिए लोकसभा और विधानसभा चुनावों के सिर्फ एक चुनावी साइकिल को दुरुस्त करना पड़ेगा।

**कुछ भी नहीं बदलेगा**

उन्होंने विधेयक की संवैधानिक वैध्यता का समर्थन कर कहा कि इसके लागू होने से इनमें से कोई भी न बदलेगा। जेपीसी चेयरमैन ने कहा कि प्रस्ताव 'संसद की क्षमता के तहत है'।



### 31 मई से पहले हिमाचल में कराएं निकाय चुनाव

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश पंचायती राज और शहरी निकायों के चुनाव पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने स्थिति स्पष्ट कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 31 मई से पहले हर हाल में चुनाव करवाने होंगे। पुनर्सीमांकन के नाम पर संवैधानिक संस्थाओं के चुनाव को नहीं टाला जा सकता। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायाधीश जयमाल्या बागची ने यह फैसला दिया।

## 'चूज़ लव, चूज़ वीगन' का संदेश



**कोलकाता।** वैलेंटाइन डे की पूर्व संध्या पर विक्टोरिया मेमोरियल के सामने 'चूज़ लव, चूज़ वीगन' नामक जागरूकता अभियान के दौरान 'मर्सी फॉर एनिमल्स इंडिया' की एक स्वयंसेवक ने मुर्गे की वेशभूषा में गुलाब के फूल बांटे।

सरकार ने संसद में दी अहम जानकारी, कर्मचारियों को होगा लाभ

# ईपीएफओ 3.0 में अब 3 दिन में होगा क्लेम सेटलमेंट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) अपने नए डिजिटल प्लेटफॉर्म ईपीएफओ 3.0 के जरिए मेंबर्स को बड़ी राहत देने की तैयारी में है। सरकार ने संसद में बताया है कि नए सिस्टम के लागू होने के बाद पीएफ से जुड़े क्लेम का निपटारा 20 दिन की जगह सिर्फ 3 दिन में हो सकेगा। यह प्रक्रिया ऑटो मोड में होगी। ईपीएफओ 3.0 को संगठन का बड़ा डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन प्रोजेक्ट माना जा रहा है। इसका मकसद मेंबर्स और संस्थानों दोनों के लिए सर्विसेज को आसान और तेज बनाना है।




## मंत्री ने बताया नई सुविधाएं इसी साल लॉन्च



### सही क्लेम अपने आप निपट जाएंगे

राज्यसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलजे ने बताया कि जो क्लेम रिस्क मैनेजमेंट से जुड़े जरूरी चेक और वैलिडेशन को पूरा कर लेंगे, उन्हें ऑटो मोड में प्रोसेस किया जाएगा। सिस्टम में ऐसीजांच होंगी, जिनसे सही पाए गए क्लेम अपने आप निपटा दिए जाएंगे।

**एक ही प्लेटफॉर्म पर मिलेंगी सभी सुविधाएं**

इसका एक बड़ा फायदा यह भी होगा कि मेंबर्स को अलग-अलग सर्विसेज के लिए अलग-अलग सिस्टम पर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पीएफ अकाउंट से जुड़ी जानकारी, क्लेम प्रोसेसिंग समेत तमाम सर्विसेज एक यूनिफाइड प्लेटफॉर्म पर मिलेंगी।

### इसके साथ ही शिकायतों पर भी रहेगी नजर

सरकार ने संसद में यह भी बताया कि नए फीचर्स कितने असरदार तरीके से लागू किए जा रहे हैं, इस पर नजर रखने के लिए पूरे सिस्टम की नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है। इसके तहत जोनल और फील्ड ऑफिस स्तर पर शिकायतों के निपटारे की क्वॉलिटी और संख्या दोनों की जांच की जाती है। साथ ही समस्याओं की जड़ तक जाकर सिस्टम में जरूरी बदलाव किए जा रहे हैं, ताकि आगे चलकर क्लेम प्रोसेसिंग और तेज हो सके।

कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा

## महिला एवं बाल विकास मंत्रालय आज करेगा राष्ट्रीय सम्मेलन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय 14 फरवरी को विज्ञान भवन में 'कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा पर राष्ट्रीय सम्मेलन (एसएचई-बॉक्स)' का आयोजन कर रहा है। यह सम्मेलन केंद्रीय महिला एवं बाल विकास अन्नपूर्णा देवी और महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों और राज्यों के वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, आंतरिक स्थानीय समिति के अध्यक्षों और सदस्यों, नोडल अधिकारियों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों, उद्योगपतियों, नागरिक समाज प्रतिनिधियों, मीडिया आदि की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित किया जाएगा।



यह सभी क्षेत्रों में महिलाओं के लिए सुरक्षित, गरिमापूर्ण और उत्पीड़न-मुक्त कार्यस्थलों के निर्माण को सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने और कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के कार्यान्वयन को मजबूत करने का एक प्रयास है।

## सीडीएस चौहान ने समझाया

# नेहरू ने पूर्वोत्तर में स्थिरता के चलते किया था पंचशील समझौता

### चीन से सकारात्मक संबंध पंचशील नीति का हिस्सा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने भारत और चीन के बीच पंचशील समझौते की पृष्ठभूमि स्पष्ट करते हुए कहा कि आजादी के बाद ब्रिटिश शासन समाप्त होने पर भारत को अपनी सीमाओं की परिभाषा स्वयं तय करनी थी। उस समय देश के पहले पीएम जवाहरलाल नेहरू को पूर्व में मैकमोहन रेखा और लद्दाख क्षेत्र में भारत के दावों का आभास था, लेकिन कई हिस्सों में स्थिति स्पष्ट नहीं थी। उन्होंने कहा कि नेहरू सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थिरता चाहते थे।



चीन भी तिब्बत में अपनी स्थिति मजबूत करने के बाद इलाके में संतुलन चाहता था और उसकी मौजूदगी ल्हासा तक फैल चुकी थी। ऐसे में दोनों देशों ने संबंधों को स्थिर बनाने की दिशा में पंचशील समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह बातें बतौर विशिष्ट अतिथि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने 'फ्रंटियर्स, बॉर्डर्स एंड एलएसी: द मिडिल सेक्टर' विषय पर दिए व्याख्यान में कहीं।

*अंग्रेजों के जाने के बाद भारत को ही तय करनी थी सीमा*

*भारत ने 1954 में तिब्बत को चीन का हिस्सा माना*



'भारत हिमालयन इंटरनेशनल स्ट्रैटेजिक मंच' का शुभारंभ करते राज्यपाल गुरमीत और सीडीएस अनिल चौहान

*सीडीएस चौहान ने कहा कि वर्ष 1954 में भारत द्वारा तिब्बत को चीन का हिस्सा मानने के बाद भारत को लगा था कि उत्तरी सीमा का मुद्दा काफी हद तक सुलझ गया है, जबकि चीन ने इसे केवल व्यापार से जुड़ा समझौता माना। उन्होंने विशेष रूप से मध्य सेक्टर में हिमालयी सीमाओं के बढ़ते महत्व तथा सरकार द्वारा अवसंरचना विकास पर दिए जा रहे विशेष बल पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत पड़ोसी देश चीन के साथ सकारात्मक संबंध विकसित करना चाहता था और पंचशील उसी नीति का हिस्सा था।*

#### पंचशील समझौता

पंचशील समझौता 29 अप्रैल 1954 को भारत और चीन के बीच हस्ताक्षरित शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के पांच सिद्धांतों का एक समूह है। तत्कालीन पीएम जवाहरलाल नेहरू और चीनी पीएम चाऊ एन-लाई द्वारा हस्ताक्षरित इस समझौते का उद्देश्य आपसी विश्वास, क्षेत्रीय अखंडता, गैर-आक्रमण, आंतरिक हस्तक्षेप न करने और समानता के आधार पर संबंधों को बढ़ावा देना था।

#### मैकमोहन रेखा

मैकमोहन रेखा भारत और चीन के बीच पूर्वोत्तर क्षेत्र (विशेषकर अरुणाचल प्रदेश) में स्थित एक 890 किलोमीटर लंबी सीमा रेखा है, जिसे 1914 में शिमला समझौते के तहत निर्धारित किया गया था। यह रेखा भारत और तिब्बत के बीच की सीमा थी, जिसका नाम तत्कालीन ब्रिटिश विदेश सचिव सर हेनरी मैकमोहन के नाम पर रखा गया। 1914 में ब्रिटिश भारत सरकार और तिब्बत के प्रतिनिधियों के बीच शिमला संधि के तहत यह रेखा खींची गई थी। चीन इस रेखा को कभी नहीं मानता और इसे अवैध मानता है, क्योंकि वे तिब्बत को एक स्वतंत्र देश नहीं मानते थे, न ही उन्हें सीमा रेखा निर्धारित करने का अधिकार था।

**राज्यपाल ने भीष्म थिंक टैंक का शुभारंभ किया**

शुक्रवार को उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने लोक भवन में 'भारत हिमालयन इंटरनेशनल स्ट्रैटेजिक मंच (भीष्म)' का शुभारंभ किया। इस दौरान राज्यपाल ने भीष्म का लोगो और वेबसाइट का भी अनावरण किया। भीष्म एक रणनीतिक थिंक टैंक है, जो देहरादून में स्थित बौद्धिक संसाधनों को एकत्रित कर उत्तराखंड राज्य को देश में रणनीतिक चिंतन के अग्रणी केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। थिंक टैंक के शुभारंभ के अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि देहरादून में 'भीष्म' थिंक टैंक की शुरुआत उत्तराखण्ड तथा पूरे राष्ट्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि यह मंच राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक चिंतन के क्षेत्र में एक प्रभावशाली थिंक टैंक के रूप में स्थापित होगा।

---

## खबर संक्षेप

### भारतीय पासपोर्ट की रैंकिंग 5 पायदान सुधरी

**नई दिल्ली।** भारतीय पासपोर्ट की रैंकिंग में सुधार हुआ है। लेटेस्ट हेनले पासपोर्ट इंडेक्स (फरवरी 2026) के अनुसार, अब भारत का पासपोर्ट दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट्स की सूची में 75वें स्थान पर पहुंच गया है। साल की शुरुआत में यह 80वें स्थान पर था, यानी हाल ही में इसमें 5 स्थानों का सुधार हुआ है। भारतीय पासपोर्ट धारकों को 56 देशों में वीजा-फ्री या वीजा ऑन अराइवल की सुविधा मिलती है।



### ओडिशा में ट्रैक्टर नदी में गिरा, 3 की मौत

**बारीपदा।** ओडिशा के मयूरभंज जिले में एक ट्रैक्टर के नदी में गिर जाने से तीन व्यक्तियों की मौत हो गई और पांच अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि हादसा गुरुवार शाम जिले के करंजिया खंड अंतर्गत मुर्गासाही गांव के पास हुआ। यह दुर्घटना उस समय हुई जब ट्रैक्टर पर सवार आठ व्यक्ति झुमुकाकुदार गांव से लौट रहे थे। चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद ट्रैक्टर देव नदी में गिर गया। तीन लोगों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।




---

## बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष तारिक रहमान होंगे बांग्लादेश के नए पीएम

# बांग्लादेशियों ने जमात और जेन-जी को नकारा बीएनपी आने से भारतीय संबंधों को मिला सहारा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बांग्लादेश में गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने बड़ी जीत दर्ज की है। बीएनपी और उसके गठबंधन ने 299 सीटों में से 212 सीटें हासिल कर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया। अब तक 297 सीटों के नतीजे घोषित हो चुके हैं। जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को अब तक 77 सीटें मिली हैं। इस जीत के साथ बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान का पीएम बनना तय माना जा रहा है। तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीत हासिल की है।

बांग्लादेश चुनाव में कट्टरपंथी पार्टी जमात-ए-इस्लामी बुरी तरह हारी है। उसके गठबंधन को सिर्फ 70 सीटें मिलीं हैं। शेख हसीना की सरकार गिराने वाले स्टूडेंट्स की पार्टी नेशनल सिटीजन पार्टी यानी एनसीपी को भी बांग्लादेशियों ने नकार दिया। बांग्लादेश में 35 साल बाद कोई पुरुष पीएम बनेगा। 1988 में काजी जफर अहमद पीएम बने थे। इसके बाद 1991 से 2024 तक देश की राजनीति में पूर्व पीएम शेख हसीना और खालिदा जिया का दबदबा रहा। ये दोनों ही पीएम बनती रहीं।

तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा और दोनों पर जीत हासिल की है

जमात और छात्रों की पार्टी को बांग्लादेशियों ने नकारा

### 4 साल की उम्र में गए थे जेल


तारिक रहमान


बांग्लादेश की संसद

*तारिक रहमान बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया और पूर्व राष्ट्रपति जिया-उर-रहमान के बेटे हैं। तारिक रहमान का जन्म 20 नवंबर 1965 को ढाका में हुआ। 1971 में बांग्लादेश की आजादी की जंग के दौरान तारिक महज चार साल के थे और उन्हें कुछ समय के लिए हिरासत में भी रखा गया था। यही वजह है कि उनकी पार्टी बीएनपी उन्हें 'युद्ध के सबसे कम उम्र के बंदियों में शामिल' बताकर सम्मानित करती है। पिता जिया-उर-रहमान बीएनपी के संस्थापक और पूर्व राष्ट्रपति थे। जबकि उनकी मां खालिदा जिया 3 बार देश की पीएम रहीं। तारिक को बचपन से ही राजनीति में रुचि थी। 1991 में तारिक ने अपनी मां खालिदा जिया को पीएम बनाने में अहम भूमिका निभाई। तारिक रहमान जेल, यातनाएं और राजनीतिक साजिशों के शिकार भी हुए हैं और 17 साल का निर्वासन भी झेला है। तारिक 17 सालों तक लंदन में रहे, तारिक रहमान देश से भले दूर थे, लेकिन राजनीति से जुड़े रहे। वह वीडियो कॉल, सोशल मीडिया और डिजिटल सभाओं के जरिए अपने पार्टी का नेतृत्व करते रहे।*

### ममता ने भाई कहकर बधाई दी

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान को बधाई दी। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि बांग्लादेश के मेरे सभी भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई। आप सभी को अग्रिम रमजान मुबारक। इस बड़ी जीत के लिए मेरे तारिक भाई, उनकी पार्टी और सभी दलों को शुभकामनाएं।

#### रिश्ते मजबूत होंगे बीएनपी नेता

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के चुनाव प्रबंधन समिति के प्रमुख नजरुल इस्लाम खान ने कहा कि तारिक रहमान की लीडरशिप में भारत-बांग्लादेश रिश्ते और मजबूत होंगे।

#### बांग्लादेश चुनाव में 59% मतदान

बांग्लादेश आम चुनाव में कुल 59.44% मतदान हुआ। यह जानकारी बांग्लादेश चुनाव आयोग ने दी है। चुनाव आयोग के जनसंपर्क विभाग के निदेशक मोहम्मद रूहुल अमीन मलिक ने शुक्रवार सुबह 11:30 बजे ये आंकड़ा बताया। 2024 आम चुनाव में 41.8% मतदान हुआ था यानी इस बार करीब 17% वोटिंग ज्यादा हुई।

**नया नेतृत्व, नए अवसर**

### भारत के लिए तारिक की जीत के मायने

- बांग्लादेश में बीएनपी की जीत से नए नेतृत्व के साथ भारत के द्विपक्षीय रिश्तों को फिर से तय करने का मौका मिलेगा। इस जीत ने दिखाया कि बांग्लादेश के लोग अपने लोकप्रिय नेताओं में विश्वास रखते हैं और भारत लोकतंत्र, विकास और सहयोग को सम्मान देता रहेगा।
- **स्थिर राजनीतिक माहौल:** स्थिर सरकार बनने से भारतबांग्लादेश संबंधों में भरोसे का माहौल बनेगा।
- **सीमापार सहयोग को बढ़ावा:** बिजली, सड़क, रेलवे, व्यापार जैसे मुद्दों पर सहयोग आगे बढ़ सकता है।
- **भारतपड़ोसी नीति:** भारत अपनी 'पड़ोस पहले' नीति के तहत बांग्लादेश को समर्थन देगा।
- **सुरक्षा सहयोग बेहतर होगा:** सीमा सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी साझेदारी क्षेत्र में नया भरोसा बन सकता है।
- **आर्थिक साझेदारी को बल:** ऊर्जा, निवेश और इंफ्रा प्रोजेक्ट में बढ़ोतरी हो सकती है।
- **क्षेत्रीय स्थिरता में योगदान:** दक्षिण एशिया में राजनीतिक संतुलन और समर्थन से क्षेत्रीय स्थिरता मजबूत होगी।
- **शिक्षा और सांस्कृतिक आदानप्रदान:** छात्रों, कलाकारों और नौजवानों के लिए द्विपक्षीय आदानप्रदान के अवसर बढ़ सकते हैं।

---

## अलर्ट जारी कर खाली कराया परिसर

# यूपी में 19 जिला कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, जांच शुरू

एजेंसी ⏭ लखनऊ

यूपी में लखनऊ, अयोध्या और वाराणसी समेत 19 जिलों की कचहरी में बम विस्फोट करने की धमकी भरे मेल से हड़कंप मच गया है। सूचना मिलते ही कचहरी परिसर को तत्काल खाली करा लिया गया है। इस घटना के मद्देनजर पूरे परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। कचहरी को वकीलों व वादकारियों से खाली कराया गया। म निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं और परिसर की गहन तलाशी ली जा रही है। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। धमकी भरे मेल की जांच की जा रही है कि यह किसने और क्यों भेजा है। सीजेएम ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाल ली है। सीओ सिटी सहित काफी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। फिलहाल, किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है। सूत्रों का कहना है कि धमकी भरा मेल जिला जज की मेल आईडी पर आया था।


अयोध्या जिला कोर्ट में पुलिस

### वाराणसी कचहरी में पहुंची एनएसजी

वाराणसी कचहरी में एनएसजी पहुंच गई है। कचहरी के मुख्य प्वाइंट पर सर्च ऑपरेशन जारी है। काशी के एडिशनल सीपी शिवहरी मीणा ने बताया- वाराणसी कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी के बाद जांच जारी थी। लगभग तीन घंटे तलाशी के बाद पूरी कचहरी का कोना-कोना खंगाला गया। तलाशी पूरी हो गई, कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। मेल और अन्य गतिविधियों की जांच कराई जा रही है। लखनऊ सिविल कोर्ट में वकीलों के अलावा सबकी एंट्री रोक दी गई है। यहां भी सर्च अभियान चलाया गया है। काशी में 3 हजार से अधिक वकील और 5 हजार वादकारियों ने आनन-फानन में कोर्ट छोड़ दिया। जिला जज भी कैंपस से बाहर आ गए। काशी में पैरामिलिट्री फोर्स ने मार्च किया। रेलवे स्टेशन पर चेकिंग की गई।

### अयोध्या कोर्ट में सभी काम रोके गए

अयोध्या बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह ने कहा कि परिसर में सभी काम रोक दिए गए हैं। न्यायालय में जो सुनवाई होनी थी, उसमें तारीख लगाने की अपील की गई है। बाकी काम सोमवार से स्थिति सामान्य होने के बाद होंगे। मेरठ जिला एवं सत्र न्यायालय को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सूचना मिलते ही डॉग स्क्वॉड और बम स्क्वॉड की टीमें पहुंचीं। पूरे कोर्ट परिसर में सघन जांच की। मिर्जापुर के एसपी सिटी नितेश सिंह ने बताया कि जानकारी मिलते ही चेकिंग अभियान शुरू कर जांच की।

---

## इजराइली राजदूत अजार ने की पीएम मोदी की प्रशंसा

# कहा- उनकी नीतियां भारतीयों के लिए लाभकारी, यह देश तेजी से आगे बढ़ रहा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने एक बातचीत में पीएम नरेंद्र मोदी की जमकर प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी भारत में जिन नीतियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं, वे भारतीय लोगों के लिए बहुत फायदेमंद रही हैं। यह देश बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत के पास टिकाऊ वृद्धि है जो नए उद्योग बना रही है, नवाचार कर रही है, अकादमिक अनुसंधान कर रही है। यह हमारे लिए बहुत जरूरी है, क्योंकि हम लोकतंत्र, मुक्त व्यापार, बोलने की आजादी के मूल्यों को साझा करते हैं और जितना भारत मजबूत होगा, इजराइल भी उतना ही मजबूत होगा।

### हमास को कूटनीतिक मौका देना चाहते


इजराइली राजदूत रूवेन अजार

अजार ने कहा कि हमने गाजा के आधे से ज्यादा इलाके पर कब्जा कर लिया है और इस 20-पॉइंट प्लान को अपनाकर, हमास डीमिलिटराइज करने के लिए तैयार है। हम हमास को कूटनीतिक मौका देना चाहते हैं। हमारा मानना है कि हमास पर हथियार छोड़ने के लिए दबाव डालना न सिर्फ सही है, बल्कि यह एक अच्छा विकल्प भी है।

### ईरान को बंद करने होंगे सभी प्रोजेक्ट्स

इजराइली राजदूत ने कहा कि ईरान ने जिन भी प्रोजेक्ट्स को पूरा करने के प्लान बनाएं हैं उन्हें खत्म करना होगा, यानी मुख्य रूप से उनका मिलिट्री न्यूक्लियर प्रोग्राम, बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम, और उनके प्रॉक्सी, आतंकवादी संगठनों को उनका समर्थन जो मिडिल ईस्ट के अलग-अलग हिस्सों से लगातार इजराइल पर हमला कर रहे हैं। इजराइल ने साफ कहा है कि हम उन सभी क्षमताओं को खत्म करने की मांग करते हैं जो ईरान ने इजराइल को खत्म करने के लिए बनाई हैं। हालांकि, उन्होंने ऐसा करने की कसम खाई है।

---

## ट्रंप की ईरान को सख्त चेतावनी

# डील नहीं तो नतीजे 'भुगतने' होंगे दूसरा युद्धपोत पश्चिम एशिया भेजा

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को परमाणु समझौते पर चेतावनी दी है। ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ समझौता जरूरी है, वरना हालात बहुत खराब हो सकते हैं। इस बीच ट्रंप ने दूसरा युद्धपोत पश्चिम एशिया भेजा है जिससे दोनों देशों के बीच कड़वाहट और ज्यादा बढ़ गई है। ट्रंप ने दुनिया के सबसे बड़े विमानवाहक पोत 'यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड' को कैरेबियन सागर से हटाकर मिडिल ईस्ट (मध्य पूर्व) भेजने का आदेश दिया है। यह मिडिल ईस्ट में तैनात होने वाला अमेरिका का दूसरा बड़ा विमानवाहक पोत होगा। इस इलाके में 'यूएसएस अब्राहम लिंकन' विमानवाहक पोत पहले से ही अपनी मौजूदगी बनाए हुए है। ट्रंप के इस फैसले के बाद अब मध्य पूर्व के इलाके में अमेरिका के दो बड़े विमानवाहक पोत और उनके साथ चलने वाले वॉरशिप इस इलाके में पहुंच जाएंगे। ट्रंप प्रशासन इस कदम के जरिए ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर दबाव बनाना चाहता है। बता दें, यूएसएस अब्राहम लिंकन और तीन मिसाइल वाले विध्वंसक जहाज (डिस्ट्रॉयर) दो हफ्ते पहले ही मध्य पूर्व पहुंच चुके हैं।



---

## आज पीएम करेंगे 'वर्मा' सेतु का उद्घाटन

*गुवाहाटी। पीएम नरेंद्र मोदी 14 फरवरी, 2026 को असम का दौरा करेंगे। वे सुबह लगभग 10:30 बजे डिब्रूगढ़ के मोरान बाईपास पर स्थित आपातकालीन लैंडिंग सुविधा का अवलोकन करेंगे। इसके पश्चात, पीएम दोपहर लगभग 1:00 बजे ब्रह्मपुत्र नदी पर बने कुमार भास्कर वर्मा सेतु का दौरा करेंगे।*



---

## उपलब्धि: तेजस मार्क 1ए विमान के इंजन की सप्लाई लाइन पूरी तरह स्थिर

# 'मेक इन इंडिया' के तहत आसमान में हुंकार भरने को तैयार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना की ताकत को बढ़ाने वाला स्वदेशी फाइटर जेट तेजस मार्क 1ए अब अपनी पूरी गति पकड़ चुका है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को लेकर बताया कि तेजस मार्क 1ए का प्रोडक्शन अब स्थिर हो चुका है।

वर्तमान में पांच विमान आसमान में उड़ान भर रहे हैं और पांच इंजन भी उपलब्ध हैं। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और भारतीय वेंडर्स इस प्रोजेक्ट को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

*9 विमान भी बनकर तैयार सफल परीक्षण हुआ*

*एचएएल तैयार करेगा आधुनिक 180 तेजस विमान*


तेजस विमान

### इंजन की सप्लाई मिलते ही बढ़ेगी उत्पादन की रफ्तार

रक्षा सचिव के अनुसार जैसे ही जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) से इंजन की सप्लाई लाइन पूरी तरह स्थिर होगी, उत्पादन की गति और ज्यादा बढ़ जाएगी। एचएएल ने पुष्टि की है कि पांच लड़ाकू विमान डिलीवरी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इसके अलावा, नौ अन्य विमान भी बनकर तैयार हैं और उनकी टेस्ट फ्लाइट हो चुकी है। जैसे ही इन विमानों के लिए इंजन मिलेंगे, इन्हें तुरंत वायुसेना के बेड़े में शामिल कर दिया जाएगा।


राजेश सिंह

### समुद्र में भी दिखेगा भारत का दम

रक्षा सचिव ने नौसेना की ताकत को लेकर बताया कि 'नेक्स्ट जनरेशन कोर्वेट्स' और 'प्रोजेक्ट 75I' पनडुब्बी कार्यक्रम अब एडवांस स्टेज में पहुंच चुके हैं। सरकार का इरादा डिफेंस कॉन्ट्रैक्ट की रफ्तार को और तेज करना है। पिछले साल सरकार ने 2 लाख 9 हजार करोड़ रुपए के कॉन्ट्रैक्ट साइन किए थे। इस साल और आने वाले वित्तीय वर्ष में इस रफ्तार को और भी ज्यादा बढ़ाने की योजना है।

**उम्मीदों पर खरा उतरेगा तेजस**

*हालांकि हथियारों के ट्रायल पूरी तरह सफल रहे हैं, लेकिन रक्षा सचिव ने स्वीकार किया कि वायुसेना की कुछ ऑपरेशनल जरूरतें अभी भी पूरी होनी बाकी हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि 180 विमानों के बड़े ऑर्डर के साथ, समय के साथ इस सिस्टम को और भी ज्यादा आधुनिक और परफेक्ट बनाया जाएगा। लक्ष्य यह है कि तेजस मार्क 1A वायुसेना की हर छोटी-बड़ी जरूरत को पूरी तरह संतुष्ट करे। यह भारत की रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम है।*

---

## चिनाब के पानी को तरसा पाकिस्तान!

# भारत की सावलकोट जलविद्युत परियोजना को लेकर लगाई गुहार

एजेंसी ⏭ इस्लामाबाद

पाकिस्तान ने चिनाब नदी पर प्रस्तावित सावलकोट जलविद्युत परियोजना के संबंध में भारत को एक और पत्र भेजकर विस्तृत जानकारी और परामर्श की मांग की है। यह कदम सिंधु जल संधि 1960 के प्रावधानों के तहत उठाया गया है। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने बताया कि यह मुद्दा पहले भी दोनों देशों के सिंधु जल आयुक्तों के स्तर पर उठाया जा चुका है। पाकिस्तान के सिंधु जल आयुक्त ने पिछले वर्ष जुलाई में भी भारत को पत्र लिखा था। 11 फरवरी को एक और पत्र भेजा गया है। यह पत्र सावलकोट परियोजना से संबंधित तकनीकी जानकारी और परामर्श के लिए भेजा गया है। पाकिस्तान ने भारत से संधि के पूर्ण अनुपालन और अपने दायित्वों का पालन करने की अपील की है। अंद्राबी ने कहा कि पाक भारत के साथ विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए संवाद और अंतरराष्ट्रीय कानूनी तंत्र के प्रति प्रतिबद्ध है।


चिनाब नदी



# अल्फा के सेट पर आलिया और बॉबी के बीच खटपट

**मुंबई।** यश राज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स की अपकमिंग फिल्म 'अल्फा' की शूटिंग जारी है। पहले ये 2025 में क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने वाली थी लेकिन फिर इसे पोस्टपोन कर दिया गया था। फिलहाल इसके सेट पर आलिया भट्ट और बॉबी देओल के बीच खटपट हो गई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इनके बीच एक सीन को लेकर बहस हुई है। जिसके बाद आदित्य चोपड़ा को सुलह कराने के लिए आना पड़ा। एक रिपोर्ट के अनुसार आलिया भट्ट और बॉबी देओल के बीच सेट पर टेंशन पैदा हो गई है। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस एक सीन में कुछ क्रिएटिव एडवाइस दे रही थीं।

लाइफ Style



# तृप्ति ओ रोमियो पर सेंसर बोर्ड ने चलाई कैंची

एजेंसी ▶▶| मुंबई

शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी, अविनाश तिवारी स्टारर और विशाल भारद्वाज की डायरेक्टेड 'ओ रोमियो' शुक्रवार, 13 फरवरी को रिलीज हो गई है। इसने बड़े पर्दे पर आने से पहले ही एडवांस बुकिंग के जरिए 3 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है।

इसको सेंसर बोर्ड के पास भी भेजा गया था, जहां पर इसे 'ए' सर्टिफिकेट दिया गया था। साथ ही इस पर कई कट्स भी लगाए गए। कुछ शब्दों को दूसरे शब्दों से बदला भी गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'ओ रोमियो' के डायलॉग्स में बदलाव करने के लिए कहा गया था। जिसमें 'आइटम' को 'कुमारी' से रिप्लेस किया गया है और एक सीन में एक शब्द को म्यूट कर दिया गया। इसके अलावा, कुछ 'अभद्र' शब्दों को भी डिलीट कर दिया गया है। साथ ही इंटीमेट और रोमांटक सीन्स में कोई कट नहीं लगाए गए हैं। हालांकि, कुछ हिंसक सीन्स पर कैंची चली है। रिपोर्ट के मुताबिक, गला काटने वाले क्लोजअप शॉट को 3 सेकेंड छोटा किया गया है। और बाकी के दो शॉट्स में भी 2 सेकेंड कम किया गया है, जिसमें से एक में 'खून से लथपथ सिर पटकने' और दूसरे में एक महिला के मुंह पर खून के छींटे पड़ने का सीन दिखाया गया था। इतना ही नहीं, महिला को थप्पड़ मारने वाले सीन को भी 2 सेकेंड तक घटाया गया है। मूवी में तंबाकू और धूम्रपान विरोधी सीन्स पर टिकर भी जोड़े गए हैं। और सबके डिस्क्लेमर की लंबाई, उसके वॉइसओवर के साथ बढ़ाई गई है। जिससे फिल्म 1 मिनट 57 सेकेंड लंबी हो गई है।

## हॉलीवुड मसाला



# एफ 1 के सीक्वल पर कर रहे हैं काम

**लॉस एंजिल्स।** भारत में हॉलीवुड फिल्मों का भी अच्छा-खासा बाजार है। पिछले साल हॉलीवुड के नामी एक्टर टॉम क्रूज की फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल 8' और ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ 1' रिलीज हुई। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ 1' ने पिछले साल अच्छा-खासा कलेक्शन किया था। अब दुनिया भर के दर्शकों के अलावा भारतीय दर्शकों को इस फिल्म के सीक्वल का इंतजार है। हाल ही में इस बारे में एक नया अपडेट सामने आया है। हाल ही में फिल्म एफ 1 के प्रोड्यूसर जैरी ब्रुकहाइमर ने कहा, 'हम एक सीक्वल पर काम कर रहे हैं।



# स्पाई-थ्रिलर सीरीज सिटाडेल का दूसरा सीजन बन रहा

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा इन दिनों एसएस राजामौली की आगामी फिल्म 'वाराणसी' को लेकर चर्चाओं में हैं। हालांकि, फिल्म की रिलीज में अभी एक साल से भी ज्यादा का समय है। इस बीच अब प्रियंका ने अपने हॉलीवुड शो 'सिटाडेल' के दूसरे सीजन को लेकर बड़ी अपडेट साझा की है। साथ ही उन्होंने शो के भविष्य को लेकर भी बात की है। प्रियंका चोपड़ा ने ये कंफर्म किया कि उनकी स्पाई-थ्रिलर सीरीज 'सिटाडेल' का दूसरा सीजन बन रहा है। एक्ट्रेस ने कहा कि सीजन 2 तो पक्का आएगा, लेकिन बाकी का क्या? मुझे कोई अंदाजा नहीं है। सच कहूं तो मैं पूछती भी नहीं। मैं काम पर जाती हूं, अपना काम करती हूं और चली जाती हूं। इस दौरान प्रियंका ने बताया कि कैसे रूसो ब्रदर्स ने उनसे इस सीरीज के लिए संपर्क किया था।



# रागिनी 3 में लीड रोल में आएंगी नजर

**मुंबई।** बालाजी मोशन पिक्चर्स ने हाल ही में फिल्म 'रागिनी 3' का ऐलान किया है। इस हॉरर फिल्म में तमन्ना भाटिया लीड रोल में नजर आएंगी। 'रागिनी 3' में उनके साथ एक नामी बॉलीवुड स्टार का बेटा नजर आएगा। फिल्म 'रागिनी 3' को शशांक घोष डायरेक्टेड करेंगे। फिल्म की स्टार कास्ट को लेकर मेकर्स ने जानकारी साझा की है। रागिनी 3 में जुनैद खान तमन्ना भाटिया के साथ नजर आएंगे। आमिर खान के बेटे जुनैद ने इससे पहले लवयापा जैसी रोमांटिक फिल्म की थी। अब वह हॉरर फिल्म का हिस्सा बन रहे हैं। इसमें तमन्ना और वह दमदार किरदारों में नजर आएंगे। रागिनी सीरीज की फिल्मों में रोमांस, धोखा और हॉरर का डोज दर्शकों को दिया जाता है, ऐसा ही कुछ तीसरी कड़ी में भी देखने को मिलेगा।




# शतक के ट्रेलर ने दर्शकों का दहलाया दिल

**नई दिल्ली।** फिल्म 'शतकः संघ के 100 वर्ष'का दमदार ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें अजय देवगन की असरदार आवाज ने आरएसएस की एक शताब्दी लंबी जर्नी को जीवंत किया है। आशीष मल्ल के निर्देशन में बनी फिल्म 20 फरवरी को सिनेमाघरों में आएगी। फिल्म सिर्फ एक ऐतिहासिक दस्तावेज नहीं, बल्कि स्वयंसेवकों के त्याग, अनुशासन और राष्ट्र-निर्माण में उनके कंट्रीब्यूशन की गाथा है। गुरुजी एमएस गोलवलकर के आइडिया और ऑफिशियल डॉक्युमेंट पर आधारित यह कहानी संघ से जुड़ी गलतफहमियों को दूर करने और उन अनछुए पहलुओं को सामने लाने की कोशिश करती है, जिन्हें अक्सर मैनस्ट्रीम में कम जगह मिली है। ट्रेलर लोगों के रोंगटे खड़े कर रहा है।

## टीवी मसाला

# वैलेंटाइन डे : टीवी स्टार्स ने बताया प्यार का असली मतलब

**नई दिल्ली।** इस वैलेंटाइन डे पर, टीवी के कलाकार सुम्बुल तौकीर खान, नितिन बाबू, अक्षया हिंदालकर, ऋषि सक्सेना और दीक्षा जोशी अपने विचार साझा कर रहे हैं, हमें याद दिलाते हुए कि प्यार अक्सर उन सरल अनुभवों और पलों में मिलता है जो वास्तव में मायने रखते हैं।

### अपनी जर्नी को महत्व देने से होती है प्यार की शुरुआत : सुम्बुल तौकीर



सुम्बुल तौकीर खान ने बताया, 'मेरे लिए वैलेंटाइन डे बड़े-बड़े इशारों या सिर्फ रोमांटिक प्यार के बारे में नहीं है, बल्कि यह भावनात्मक ईमानदारी और सचमुच समझे जाने की भावना के बारे में है। प्यार उन लोगों में मिलता है जो आपके सबसे कठिन समय में आपके साथ खड़े रहते हैं, जो आपकी छोटी-छोटी जीत का जश्न मनाते हैं और जो आपको बिल्कुल वैसे ही स्वीकार करते हैं जैसे आप हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'मैंने सीखा है कि प्यार की शुरुआत खुद के प्रति दयालु होने और अपनी जर्नी को महत्व देने से होती है। जब आप ऐसा करते हैं, तो हर रिश्ता चाहे परिवार, दोस्त या साथी के साथ हो और भी सार्थक बन जाता है। इस वैलेंटाइन डे पर, मैं अपने चारों ओर मौजूद हर रूप के प्यार के लिए आभार चुन रही हूं।'

### नितिन ने शेयर की अपनी फीलिंग्स



नितिन बाबू ने शेयर किया, 'प्यार हमेशा नाटकीय या परफेक्ट तस्वीर जैसा नहीं होना चाहिए। कभी-कभी यह उतना ही सरल होता है जितना किसी के लिए मौजूद रहना, बिना किसी डिसिजन के सुनना और उतार-चढ़ाव में एक-दूसरे का साथ देना।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं मानता हूं कि वैलेंटाइन डे उन लोगों के प्रति आभार व्यक्त करने की एक खूबसूरत याद दिलाता है जो आपके जीवन को बेहतर बनाते हैं, चाहे वह सबसे छोटे तरीकों से ही क्यों न हो। चाहे परिवार हो, दोस्त हों या कोई खास व्यक्ति, प्यार निरंतरता, विश्वास और सच्ची देखभाल के बारे में है।

### प्यार हर दिन व्यक्त किया जाना चाहिए : ऋषि



इत्ती सी खुशी में संजय का रोल निभा रहे ऋषि सक्सेना ने साझा किया 'मेरे लिए प्यार सबसे शक्तिशाली भावनाओं में से एक है। यह आपको धैर्य, सहानुभूति और संतुलन सिखाता है। वैलेंटाइन डे हमें उस भावना का जश्न मनाने का एक कारण देता है, लेकिन मैं मानता हूं कि प्यार हर दिन व्यक्त किया जाना चाहिए, सिर्फ एक अवसर पर नहीं।' उन्होंने आगे कहा, 'सच्चा प्यार साथ में बढ़ने, एक-दूसरे के सपनों का समर्थन करने और साझा खामोशियों में सुकून पाने के बारे में है। यह खुद से इतना प्यार करने के बारे में भी है कि आप अपनी कीमत जान सकें. यही वह चीज है जिस पर मैं सचमुच विश्वास करता हूं और जिसे जीने की कोशिश करता हूं।'

# वैलेंटाइन वीकएंड पर दर्शकों को मिलेगा मनोरंजन का जबर डोज



**नई दिल्ली।** शुक्रवार 13 फरवरी को सिनेमाघरों में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'ओ रोमियो' रिलीज हो गई है। वीकएंड भी और वीकएंड पर ही वैलेंटाइन भी है। ऐसे में पार्टनर के साथ थिएटर का रुख करने का शानदार मौका हो सकता है। मगर, आपको घर बैठे ओटीटी पर ही बढ़िया सिनेमा देखना है तो, इस वीकएंड डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी काफी कुछ खास है।

**अमर विश्वास :** एक्टर राजीव खंडेलवाल अपनी नई सीरीज को लेकर सुर्खियों में हैं। उनकी कोर्टरूम ड्रामा सीरीज 'अमर विश्वास' ओटीटी पर 11 फरवरी को रिलीज हुई। इसमें वे वकील की भूमिका में हैं। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेयर पर उपलब्ध है। इसमें आमिर अली, बरखा बिष्ट और रवि बहल जैसे सितारे भी हैं।

**कोहरा सीजन 2:** वेब सीरीज 'कोहरा' को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब इसका दूसरा सीजन भी रिलीज हो चुका है, जिसे आप इस वीकएंड देख सकते हैं। बरुण सोबती और मोना सिंह अभिनीत यह सीरीज 11 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई। मोना सिंह इस सीरीज में एक सख्त पंजाबी पुलिस अधिकारी के रूप में नजर आई हैं।

**माना शंकरा वर प्रसाद गारू**

अगर आपकी साउथ फिल्मों में दिलचस्पी है तो इस वीकएंड चिरंजीवी की यह फिल्म देख सकते हैं।

### थलाइवर थंबी थलाइमायिल

इस वीक ओटीटी पर साउथ फिल्मों का बोलबाला है। तमिल फिल्म 'थलाइवर थंबी थलाइमायिल' इस वीक की लिस्ट में शामिल है। नितीश सहदेव द्वारा निर्देशित यह पॉलिटिकल सटायर फिल्म 11 जनवरी को सिनेमाघरो में रिलीज हुई थी। फिल्म में जीवा, थम्बी रमैया और इलावरसु जैसे सितारे हैं। गुरुवार 12 फरवरी को यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। इस वीकएंड आप इसे अपनी वॉच लिस्ट में रख सकते हैं।

# ये हैं परदे पर राज करने वाले सदाबहार रोमांटिक हीरो

**नई दिल्ली।** फिल्मों में हीरो की भूमिका दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ती है। कुछ सितारे अपने एक्शन के लिए लोकप्रिय हुए, कुछ ने कॉमेडी के जरिए दिलों में जगह बनाई। वहीं, इंडस्ट्री में कुछ दिग्गजों का नाम इसलिए भी लिया जाता रहेगा, क्योंकि उन्होंने परदे पर अपने किरदार के जरिए मोहब्बत का पैगाम दिया और बन गए रोमांटिक हीरो। उनकी यह इमेज सिर्फ एक या दो फिल्मों तक नहीं रही, बल्कि वे सदाबहार रहे। दौर कोई भी आया, जब-जब सिनेमा में रोमांस और रोमांटिक हीरो की बात हुई, इनका जिक्र सहज ही कि या गया।



**देव आनंदः** देव आनंद का नाम आते ही रोमांस, दिलकश अंदाज और आकर्षक छवि सामने आ जाती है। बड़े पर्दे पर वह कई फिल्मों में रोमांटिक किरदार निभा चुके हैं। करियर के पीक पर देव आनंद की महिला प्रशंसक काफी ज्यादा हुआ करती थीं।

**ऋषि कपूरः** भारतीय सिनेमा के रोमांटिक अभिनेताओं में ऋषि कपूर का नाम भी शामिल है। अपनी पहले ही फिल्म 'बॉबी' से उन्होंने धमाल मचा दिया था। 'चांदनी' और 'बोल राधा बोल' जैसी फिल्मों में उन्होंने अपनी नटखट और आकर्षक भूमिका से रोमांस की दुनिया में अपना एक विशेष स्थान बनाया। उनकी मुस्कान और मासूमियत दर्शकों को दिलों में आज भी बसी हुई है।

**दिलीप कुमारः** दिलीप कुमार हिंदी सिनेमा के बड़े सुपरस्टार थे। पर्दे पर वह भी रोमांटिक अंदाज दिखा चुके हैं। 'मुगल-ए-आजम' और 'नया दौर' जैसी फिल्मों में उनकी अदाकारी ने उन्हें रोमांटिक हीरो की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया। उनके अभिनय को आज भी याद किया जाता है।

**राज कपूरः** राज कपूर अपनी रोमांटिक किरदारों की वजह से खूब मशहूर हुए। उनकी फिल्में 'आवारा' और 'श्री 420' में रोमांस और सामाजिक संदेशों का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिला। वह अपने समय के सबसे बड़े रोमांटिक नायक थे, जिनकी फिल्मों में प्यार के अलावा जीवन के गहरे मायने भी नजर आते थे।

**राजेश खन्नाः** राजेश खन्ना के बिना ये सूची अधूरी है। अपने रोमांटिक अंदाज से उन्होंने लोगों के दिलों में खास जगह बनाई। बड़ी संख्या महिलाएं उन्हें पसंद करती थीं। 'अराधना' और 'सच्चा झूठा' समेत दर्जनों फिल्मों में वह अपने रोमांस का जादू बड़े पर्दे पर चलाते नजर आए।

**शाहरुख खानः** शाहरुख खान को रोमांटिक फिल्मों का 'किंग' कहा जाता है। 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' और 'कुछ कुछ होता है' जैसी फिल्मों में उनकी रोमांटिक भूमिकाएं देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी लोकप्रिय बना दिया। उनके अभिनय में जो सहजता और प्यार की भावना दिखती है, वह उन्हें आज भी दर्शकों का पसंदीदा बनाती है।

## दर पर आया दीवाना , लैला-मजनू का रूहानी इश्क, हीर-रांझा की पाक मोहब्बत

# वो अमर प्रेम कहानियां जो दर्शकों की आंखों को कर गईं नम

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा ने जब फलना-फूलना शुरू किया तो बड़े पर्दे पर मोहब्बत की कहानियों को सबसे ज्यादा बयां किया। मजनू ने कैसे लैला के इश्क में जान दी? हीर और रांझा का प्यार क्यों मुकम्मल नहीं हुआ? इस दर्द को हिंदी सिनेमा ने वक्त-वक्त पर बखूबी दिखाया। वैलेंटाइन-डे के मौके पर जानिए, ऐसी ही कुछ चर्चित फिल्मों के बारे में जिनमें अमर प्रेम कहानियां दर्शकों की आंखों को नम कर गईं।

**सोहनी ने चेनाब किनारे पुकारा महिवाल का नामः** साल 1933 और 1946 में दो हिंदी फिल्में बनीं लेकिन साल 1958 में रिलीज हुई 'सोहनी महिवाल' सबसे चर्चित रही। इसमें भारत भूषण और निम्मी ने मुख्य भूमिका कीं। वहीं साल 1984 में सनी देओल और पूनम ढिल्लों अभिनीत फिल्म 'सोहनी महिवाल'को भी खूब प्यार मिला। सनी देओल स्टारर फिल्म के कई गानों में सोहनी और महिवाल के रूहानी इश्क की दांस्तां को बयां किया गया। फिल्म का एक गाना 'लोगों ने सर पे लगाए हैं हजारों इल्जाम आजा, सोहनी चेनाब दे किनारे से पुकारे तेरा नाम आजा।' यह गाना सोहनी और महिवाल की मजबूरी और इश्क में कुछ भी कर गुजरने की चाहत को बखूबी जता देता है।

### मजनू की मोहब्बत में सजा पाने को हाजिर हुआ लैला का इश्क

हुस्न हाजिर है मोहब्बत में सजा पाने को'जब यह गाना ऋषि कपूर और रंजीता कौर अभिनीत फिल्म 'लैला मजनू(1976)' में सुनाई देता है, तब इस गाने को सुनकर दर्शकों के जेहन में 11वीं सदी की अरब देश की अधूरी प्रेम कहानी की यादें ताजा हो जाती हैं। इसी नाम से साल 1953 में नूतन और शम्मी कपूर ने भी एक फिल्म की। वहीं, साल 2018 में इम्तियाज अली की लिखी कहानी पर बनी 'लैला मजनू' भी एक कल्ट मूवी बन चुकी है। इन सभी फिल्मों में लैला से मिलने की चाहत लिए भटकता मजनू आखिरी में मौत के आगोश में सो जाता है।




### जूलियट की मोहब्बत में कुर्बान हुआ रोमियो

मशहूर ब्रिटिश राइटर शेक्सपियर ने कई बड़े नॉवेल लिखे। लेकिन 'रोमियो और जूलियट'उनका सबसे फेमस नॉवेल है। इस पर कई फिल्में हॉलीवुड में बनी हैं। वहीं, बॉलीवुड की कई फिल्में इस नॉवेल से इंस्पायर रहीं। इसमें साल 2013 की राम लीला भी है, रणवीर और दीपिका की इस फिल्म का दर्दनाक अंत होता है। राम लीला मौत के बाद ही मिल पाते हैं ,क्योंकि समाज और परिवार की दीवारें उन्हें इस जहान में मिलने नहीं देती हैं।

### रांझा रांझा करते-करते हीर दीवानी हुई

साल 1970 में चेतन आनंद निर्देशित फिल्म 'हीर रांझा'में राज कुमार और प्रिया राजवंश पर यह प्रेम कहानी फिल्माई गई। फिल्म में हीर से दूर होकर रांझा का दिल दर्द से भर उठता है। इस दर्द को एक गाने 'ये दुनिया ये महफिल मेरे काम की नहीं' में बखूबी बयां किया जाता है। इसी तरह हीर भी अपना दुख बयां करती है, जिस पर फिल्म में गीत है, 'दो दिल टूटे दो दिल हारे दुनिया वालों सदके तुम्हारे।' यह फिल्म, गीत आज भी दर्शकों की जुबान पर हैं और हीर-रांझा का प्यार भी प्रेमियों के मन में जिंदा है।

### साहिबान की मोहब्बत में टूटा मिर्जा का दिल

हीर और रांझा, सोनी महिवाल की तरह ही साहिबान और मिर्जा की कहानी भी पंजाब में 16वी शताब्दी में पनपी थी। साहिबान को मिर्जा से बेइंतहा मोहब्बत थी वह कभी उससे बेवफाई नहीं कर सकती थी, लेकिन वक्त आने पर वफा भी नहीं कर पाई। उसने मिर्जा के तीर तोड़ दिए, जिससे वह उसके भाइयों को ना मारे। लेकिन, साहिबान के भाइयों ने मिर्जा को मौत के घाट उतार दिया। यह देखकर साहिबान ने भी मौत को चुन लिया और अपने मिर्जा के साथ ही दुनिया से रूखसत हो गई। इसी कहानी को साल 2016 में फिल्म 'मिर्जियां'में नए जमाने के हिसाब से दिखाया गया, फिल्म को ओमप्रकाश मेहरा ने निर्देशित किया था। इसी तरह एक पंजाबी फिल्म 2012 में भी इसी प्रेम कहानी पर बनी, जिसमें ग्रिप्पी ग्रेवाल मिर्जा के रोल में दिखे।

## दोनों टीमों का 7 साल बाद हुआ आमना-सामना

# जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 19 साल बाद हराया, बेनेट ने खेली अर्धशतकीय पारी

एजेंसी ▸▸| कोलंबो

टी20 वर्ल्ड कप में शुक्रवार को बड़ा उलटफेर हुआ। कोलंबो में जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हरा दिया। जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 19 साल बाद टी20 में हराया। इससे पहले 2007 टी20 वर्ल्ड कप में केपटाउन में जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को हराया था।

दोनों टीमों का क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारुप में 7 साल बाद आमना-सामना हुआ। इससे पहले हरारे में 2018 में खेले दो मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया ने जिम्बाब्वे को हराया था। कुल 4 बार दोनों टीमों का मुकाबला हुआ है और दोनों को दो-दो जीत मिली है। कोलंबो में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। जिम्बाब्वे ने ब्रायन बेनेट के नाबाद अर्धशतकीय पारी के दम पर 2 विकेट पर 169 रन बनाए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया 19.2 ओवर में 146 रन पर आउट हो गई।




### जिम्बाब्वे ने 3 बार किया उलटफेर

यह क्रिकेट इतिहास में पांचवां ऐसा मौका है, जब जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध जीत दर्ज की। इस टीम ने अब तक दो बार टी20 फॉर्मेट में ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त दी है, जबकि 3 मौकों पर वनडे फॉर्मेट में उसे हराया है। जिम्बाब्वे ने तीसरी बार वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त दी है।

**वनडे वर्ल्ड कप 1983 :** नॉटिंघम में 9 जून को खेले गए मुकाबले में जिम्बाब्वे ने 6 विकेट खोकर 239 रन बनाए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम निर्धारित 60 ओवरों में 7 विकेट खोकर 226 रन ही जुटा सकी, जिसके साथ जिम्बाब्वे ने 13 रन के करीबी अंतर से मैच जीत लिया।

**टी20 वर्ल्ड कप 2007 :** केपटाउन में 12 सितंबर को खेले गए इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई टीम निर्धारित ओवरों में 9 विकेट खोकर सिर्फ 138 रन ही बना सकी। इसके जवाब में जिम्बाब्वे ने 19.5 ओवरों में 5 विकेट शेष रहते मुकाबला जीत लिया।

**टी20 वर्ल्ड कप 2026 :** जिम्बाब्वे ने कोलंबो में 13 फरवरी को खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 23 रन से जीत दर्ज की। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 19.3 ओवरों में 146 रन पर सिमट गई।

### जिम्बाब्वे के नाम अनोखा रिकॉर्ड दर्ज

जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हराया। इस जीत के साथ ही जिम्बाब्वे ने इतिहास रच दिया है। जिम्बाब्वे टी20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 100 परसेंट जीत का रिकॉर्ड बनाए रखने वाली अकेली टीम बनी हुई है। उसने केप टाउन में पहले 2007 टी20 वर्ल्ड कप में उन्हें 5 विकेट से हराया था।

### यह अविश्वसनीय है : रजा

जिम्बाब्वे के कार्यवाहक कप्तान सिकंदर रजा ने आस्ट्रेलिया पर जीत को 'अविश्वसनीय' करार देते हुए कहा कि टीम की एकजुटता, माहौल और संस्कृति ने इसे संभव कर दिखाया। रजा ने कहा,' बहुत खुश हूं और गौरवान्वित भी। बड़े भाई की तरह महसूस कर रहा हूं, जिसके छोटे भाई मिलकर इतना कुछ हासिल कर रहे हैं।' उन्होंने कहा ,' बाहर से देखकर बहुत अच्छा लगा कि टीम ने कैसे जीत हासिल की।

### हम दबाव से उबर नहीं सके : हेड

आस्ट्रेलियाई कप्तान हेड ने कहा, शुरुआत में हमें लगा था कि यह एक बेहतरीन विकेट है। हमने सोचा था कि यह दोनों पारियों में एक जैसा रहेगा। लेकिन बाद में यह मुश्किल हो गया और हमने लगातार अंतराल पर जल्दी-जल्दी विकेट गंवाए, जिसके चलते हम पर दबाव आ गया। हम उस दबाव से उबर नहीं सके और फिर मैच में पीछे होते चले गए।

# यूएई ने कनाडा को पांच विकेट से हराया

## हर्ष की फिफ्टी, जुनैद की शानदार बॉलिंग

### ग्रुप-डी की प्वाइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर यूएई




एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

यूएई ने कनाडा के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 20वें मुकाबले को 5 विकेट से जीता। इस जीत के साथ यूएई ग्रुप-डी की प्वाइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी कनाडा की टीम ने 7 विकेट खोकर 150 रन बनाए। इस टीम ने 38 के स्कोर तक अपने 3 विकेट खो दिए थे। हर्ष ठाकर ने नवनीत धालीवाल के साथ 58 रन की साझेदारी की। नवनीत 34 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद हर्ष ने श्रेयस मोव्वा के साथ 33 रन जोड़ते हुए टीम को 129 के स्कोर तक पहुंचाया। श्रेयस 21 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जबकि हर्ष ने 50 रन की पारी खेली। कप्तान दिलप्रीत बाजवा ने 11 रन बनाया। विपक्षी खेमे से जुनैद सिद्दीकी ने 4 ओवरों में 35 रन देकर 5 विकेट हासिल किए, जबकि मुहम्मद जवादुल्लाह ने 1 विकेट निकाला।

### यूएई ने 19.4 ओवरों में दर्ज की जीत

इसके जवाब में यूएई की टीम ने 19.4 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। इस टीम ने 12 के स्कोर पर कप्तान मुहम्मद वसीम (4) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद आर्यांश शर्मा ने अलीशान शराफू (5) के साथ दूसरे विकेट के लिए 29 रन की साझेदारी की। यह टीम 66 के स्कोर तक अपने 4 विकेट गंवा चुकी थी, जहां से आर्यांश ने शोएब खान के साथ पांचवें विकेट के लिए 84 रन जोड़ते हुए टीम को 150 के स्कोर तक पहुंचाया। आर्यांश 74 रन बनाकर आउट हुए, जबकि शोएब खान ने 51 रन की पारी खेली। विपक्षी खेमे से साद बिन जफर ने 14 रन देकर 3 विकेट निकाले, जबकि कलीम और जसरकरण सिंह को 1-1 सफलता हाथ लगी।



## राजस्थान रॉयल्स के नए कप्तान बने रियान पराग

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने आईपीएल 2026 के लिए रियान पराग को अपना नया कप्तान बनाया है। यह घोषणा पूर्व कप्तान संजू सैमसन के ऑक्शन से पहले चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में ट्रेड होने के बाद हुई है, जिसके साथ उनके चार सीजन के कार्यकाल का अंत हो गया। साल 2008 से अब तक कुल 7 कप्तानों ने राजस्थान रॉयल्स को लीड किया है। एक खिताब जीतने के बाद इस फ्रेंचाइजी ने छह बार नॉकआउट में प्रवेश किया है। दिलचस्प बात यह है कि टूर्नामेंट के इतिहास में सिर्फ ऑस्ट्रेलियाई और भारतीयों ने ही इस टीम की कमान संभाली है। रियान पराग लीडरशिप रोल से वाकिफ हैं। उन्होंने आईपीएल 2025 में बतौर स्टैंड-इन कैप्टन अपना रोल निभाया है। जब पराग ने 23 मार्च 2025 को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ टीम को लीड किया, तो वह राजस्थान रॉयल्स के इतिहास में सबसे युवा कप्तान और आईपीएल में कुल मिलाकर पांचवें सबसे युवा कप्तान बने थे।

## पीजीटीआई लीग नीलामी में शामिल होंगे 170 गोल्फर

**नई दिल्ली।** भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) की प्रमुख लीग '72 द लीग' की सोमवार को होने वाली पहली नीलामी में 11 देशों के 170 पेशेवर गोल्फर हिस्सा लेंगे। इस लीग में गोल्फरों के लिए कुल 60 स्थान उपलब्ध होंगे, क्योंकि छह फ्रेंचाइजी में से प्रत्येक अपनी-अपनी टीमों के लिए 10 खिलाड़ियों का चयन करेगी। नीलामी की कुल राशि छह करोड़ रुपए है। पीजीटीआई ने यह लीग गेम ऑफ लाइफ स्पोर्ट्स (जीओएलएस) के सहयोग से शुरू की है। लीग 21 फरवरी को शुरू होगी और इसका फाइनल छह मार्च को खेला जाएगा। नीलामी के लिए जिन 170 गोल्फर ने अपना नाम दर्ज कराया है, उन्हें तीन श्रेणियों प्लैटिनम, गोल्ड और सिल्वर में रखा गया है।






## कुलपति डॉ. मिश्रा ने किसानों को पादप किस्म संरक्षण व कृषक अधिकार प्रमाण पत्र प्रदान किए

# जनेकृविवि ने किसानों के लिए पारंपरिक फसलों की कई किस्में विकसित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के जेनेटिक्स एण्ड प्लांट ब्रीडिंग विभाग द्वारा पादप किस्म संरक्षण एवं कृषक अधिकार विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्यआतिथ्य एवं संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. जीके कौतु की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टीआर शर्मा एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. जयंत भट्ट विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। कार्यक्रम में देशी धान की अलग-अलग किस्मों को उगाने वाले किसानों को कुलपति डॉ. पीके मिश्रा ने रोली का टीका लगाकर एवं पगड़ी पहनाकर उन्हें पादप किस्म संरक्षण व कृषक अधिकार प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने कहा कि पादप किस्म संरक्षण एवं कृषक अधिकार अधिनियम के प्रावधानों, महत्व तथा कृषकों एवं प्रजनकों के अधिकारों के प्रति जागरूक करना ही इसका मुख्य उद्देश्य है। कुलपति डॉ. मिश्रा ने कहा कि देश और प्रदेश के कृषकों के लिए जनेकृविवि लगातार धान सहित अन्य पारंपरिक फसलों की नई-नई किस्मों को विकसित कर रहे हैं, जिससे किसान भाई कम लागत में अधिक उत्पादन कर दोगुना मुनाफा कमा सकें।

- किसानों को कुलपति डॉ. पीके मिश्रा ने रोली का टीका लगाकर एवं पगड़ी पहनाकर
- किसान भाई कम लागत में अधिक उत्पादन कर दोगुना मुनाफा कमा सकें


देशी धान की अलग-अलग किस्मों को उगाने वाले किसानों को कुलपति डॉ. पीके मिश्रा ने पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

### पारंपरिक देशी धान की किस्मों को विकसित किया किया जा रहा

सचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. जीके कौतु ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि देश में धान की सैकड़ों किस्में हैं, लेकिन पारंपरिक देशी धान की किस्मों को विकसित किया किया जा रहा हैं। जिससे विलुप्त होती धान की देशी किस्मों को एक बार फिर से किसान उगा सके। आपने कहा कि विलुप्त होती लुचई सहित अन्य देशी धान की किस्मों को जीवित कर कम ऊंचाई एवं कम पानी में अच्छी पैदावार करने हेतु विकसित किया जा रहा है, जिससे किसानों को पुरानी पारंपरिक किस्मों को एक बार फिर से उगाकर लोगों की थाली तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। आपने मोटे अनाज कोदो कुटकी की ओर किसानों का रुझान अधिक से अधिक बढ़ाने हेतु अन्य महत्पूर्ण जानकारी प्रदान की। संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी.आर.शर्मा अपने उद्बोधन में कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से वैज्ञानिक किसानों को पुरानी पारंपरिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित कर रहे हैं, जिससे किसान प्राकृतिक खेती और अपनी पारंपरिक खेती कम लागत में उगाकर अधिक मुनाफा कमा सकें।


सम्मानित किसानों के साथ विवि के अधिकारी।

### कृषक किस्मों के पंजीकरण का ऐतिहासिक गौरव प्राप्त किया

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में आयोजित पौध किस्म एवं कृषक अधिकार संरक्षण पर आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण सह-जागरूकता कार्यक्रम की सफलता में परियोजना की प्रधान अन्वेषक डॉ. स्तुति शर्मा का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा। उनके सतत परिश्रम, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और किसान केंद्रित कार्यशैली के परिणामस्वरूप विश्वविद्यालय ने पीपीवी एंड एफआर अधिनियम अंतर्गत मप्र से कृषक किस्मों के पंजीकरण का गौरव प्राप्त किया है। डॉ. शर्मा ने वैज्ञानिकों और किसानों के बीच सेतु का निर्माण कर पारंपरिक ज्ञान, देशी बीजों और स्थानीय किस्मों को कानूनी संरक्षण एवं राष्ट्रीय पहचान दिलाने में भूमिका निभाई। यह पहल केवल किसानों के अधिकारों के सशक्तिकरण का जन आंदोलन बन गई। उनके प्रयासों से किसानों में बीज, किस्म और अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ी है, जिससे कृषि जैव-विविधता के संरक्षण और टिकाऊ कृषि की दिशा में ठोस कदम संभव हुए हैं।

### रिश्वतखोर भृत्य को 4 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** सरकारी अस्पताल के चिकित्सक से पदोन्नति का काम कराए जाने के नाम पर 4000 रूपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़े गए स्वास्थ्य विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन के तत्कालीन भृत्य सुरेश सिंह ठाकुर को विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) राम प्रताप मिश्र ने दोषी ठहराते हुए 4 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 6000 रूपए के अर्थदंड से दण्डित किया है। प्रकरण में लोकायुक्त संगठन की ओर से विशेष लोक अभियोजक विवेक गौड़ द्वारा पैरवी की गई थी। अभियोजन के अनुसार फरियादी डॉ. बलवीर कैथोरिया निवासी चन्द्रशेखर वार्ड, बीना जिला सागर अपनी पत्नी डॉ. मंजू कैथोरिया के पदोन्नति प्रकरण का आवेदन देने 26 अगस्त 2015 को वल्लभ भवन स्थित स्वास्थ्य विभाग पहुंचे थे। वहां उनकी भेंट आरोपी सुरेश सिंह ठाकुर से हुई थी। आरोपी ने उनसे उनका काम कराए जाने हेतु 5000 रूपए की रिश्वत की मांग की थी।

## आईईएचई में 'सतत विकास पर अंतर्विषयी दृष्टिकोण' विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान (आईईएचई) में 'सतत विकास पर अंतर्विषयी दृष्टिकोण' विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारम्भ हुआ।

यह संगोष्ठी संस्थान द्वारा 'भारतीय शिक्षण मंडल, मध्यभारत प्रांत' के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। उद्घाटन-सत्र के विशिष्ट अतिथि डॉ. एस. सूर्यप्रकाश, कुलगुरु, एनएलआईयू विश्वविद्यालय रहे। डॉ. सूर्यप्रकाश ने पर्यावरण संरक्षण एवं संविधान, न्याय व कानून की जानकारी को प्रत्येक क्षेत्र तथा विषय के साथ बहुआयामी परिप्रेक्ष्य में सतत विकास के लिए आवश्यक सिद्ध किया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉ. भरत शरण सिंह, पूर्व अध्यक्ष, मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग ने सतत विकास की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए पर्यावरण से विज्ञान व अर्थव्यवस्था के सामंजस्य को अनिवार्य बताया।

## मंत्री कुशवाह बोले-अधिकारी मित्र बनकर किसानों को उद्यानिकी के लिए करें प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने शुक्रवार को सतना जिले में विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले में उद्यानिकी फसलों का रकबा बढ़ाने किसानों को अधिकारी नहीं, बल्कि उनके मित्र बनकर प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा जिले में उत्पादित प्रमुख उद्यानिकी फसलों के किसानों को खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि करायी जा सकती है। कुशवाह ने कहा कि कृषि वर्ष 2026 में उद्यानिकी विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। राज्य सरकार का लक्ष्य अधिक से अधिक किसानों को उद्यानिकी की योजनाओं से जोड़कर उद्यानिकी के रकबे का विस्तार करना है।



## 'क्या एसआईआर लोकतंत्र के हित में है' विषय पर विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संसदीय कार्य विभाग के अधीन संचालित पंडित कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ द्वारा विद्यापीठ सभागार में क्या एसआईआर लोकतंत्र के हित में है विद्यालयीन वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




### एसआईआर लोकतंत्र के हित में

प्रतिभागियों ने लोकतांत्रिक मूल्यों, पारदर्शिता, जनभागीदारी एवं संवैधानिक व्यवस्था के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त किए। उपस्थित अतिथियों एवं निर्णायकों ने विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता और अभिव्यक्ति कौशल की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में किशन सूर्यवंशी, अध्यक्ष, नगर निगम, भोपाल उपस्थित रहे।




### निगम अब खत्म करेगा समझौता शुल्क, जब्त सामान नहीं मिलेगा वापस, होगा नीलाम

**भोपाल।** नगर निगम अब नगर पालिक अधिनियम एक्ट के तहत अतिक्रमण के रूप में जप्त करने वाला सामान निर्धारित शुल्क जमा करने के बाद बजाए छोडने के उसे नीलाम करेगा और वापस नहीं देगा। नियमों में संशोधन करने पर निगम प्रशासन विचार कर रहा है। एंक्रोचमेंट फ्री सिटी बनाने के लिए निगम ऐसा कदम उठाने जा रहा है। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान रोजाना कम से कम तीन और अधिकतम आठ ट्रक सामान निगम के स्टोर में पहुंचता है जो समझौता शुल्क जमा करने के बाद संबंधित व्यक्ति को लौटा दिया जाता है। फिलहाल तो यही प्रक्रिया है, लेकिन आगामी अप्रैल माह से इसमें बदलाव हो सकता है।

नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अमले द्वारा रोजाना सडक किनारे, फुटपाथों पर लगी दुकानें, दुकानों के बाहर रखा सामान व पन्नियां, ठेले, गुमठी, पान पार्लर, काउंटर, ठेले जप्त सहित अन्य सामग्री जप्त करके अपने स्टोर में पहुंचाता है। करीब आठ ट्रक तक सामान स्टोर में पहुंचता है। जिन लोगों का सामान जप्त होता है वे निगम के स्टोर में जाकर अपना सामान वापस लेने के लिए एक फार्म भरकर और समझौता शुल्क जमा करके वापस ले लेते हैं। निगम के उपायुक्त हीरेन्द्र सिंह कुशवाह का कहना है कि समझौता शुल्क खत्म करने की तैयारी की जा रही है। नियमों में बदलाव करेंगे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930